# GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 23-11-2022

# प्रभारी निरीक्षक ने लगाई चौपाल

**कैम्पियरगंज (एसएनबी)।** मंगलवार को आपरेशन त्रिनेत्र के तहत प्रभारी निरीक्षक कैम्पियरगंज भूपेंद्र कुमार सिंह ने महावनखोर एवं अलगटपुर में ग्राम प्रधानों एवं सम्भ्रांत नागरिकों के साथ चौपाल लगाकर ग्रामीण क्षेत्रों एवं चौराहों पर सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद करने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाने की अपील की।



प्रभारी निरीक्षक श्री सिंह ने कहा कि सीसीटीवी कैमरे को तीसरी आंख के रूप में इस्तेमाल किया जाता है और अधिकतर मामलों में यह काफी कारगर साबित हो रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि शहर हों या गांव सभी तीसरी आंख के दायरे में होने चाहिए जिससे अपराध एवं अपराधियों पर नकेल लगाई जा सके लेकिन इसके लिए हमें और आपको समाज को जागरूक करते हुए हर गांवों के सार्वजनिक स्थानों एवं चौराहों पर निजी रुचि रखते हुए तत्काल आपरेशन त्रिनेत्र को सफल बनाने में सीसीटीवी कैमरे को लगाने की शुरुआत आज से नहीं बल्कि अभी से करनी चाहिए।

चौपाल को एसएसआई राकेश कुमार सिंह ने भी सम्बोधित करते हुए ग्राम प्रधानों एवं सम्भ्रांत नागरिकों से हरसंभव सहयोग करने का आह्वान किया। चौपाल में एसआई मधुरेश त्रिवेदी, अतुल तिवारी, राघवेन्द्र पाल सिंह तथा ग्राम प्रधान महावनखोर, अलगटपुर सहित दर्जनों ग्राम प्रधान एवं सम्भ्रांत लोग मौजूद रहे।

## गैंगस्टर की आरोपित महिला गिरफ्तार

**पिपराइच।** गैंगस्टर की आरोपित खोराबार थाना क्षेत्र के अराजी मतौनी गांव निवासी विजेता देवी पत्नी अजय को आज मंगलवार की शाम पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पिपराइच थानाध्यक्ष सूरज सिंह ने बताया कि यह महिला लूट जैसी सुसंगठित गिरोह की चलाती थी।गुलहरिया में चेने चिंग की कई घटनाओं में जेल जा चूकी है। गुलहरिया थाना पुलिस ने 13 नवम्बर को महिला पर गैंगस्टर की कार्यवाही की थी।

# सड़क पर सुरक्षित यात्रा से होगी जीवन रक्षा

**गोला (एसएनबी)।** कस्बा स्थित एलपीएम पब्लिक स्कूल में सोमवार को सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों को यातायात नियमों व सड़क पर सुरक्षित आवामगन के प्रति सचेत किया गया। कोतवाल जयनारायण शुक्ला ने कहा कि वाहनों को सावधानीपूर्वक व नियमानुसार चलाने, बाइक ड्राइव करने के दौरान हेलमेट का उपयोग, चार पहिया वाहनों में सीट बेल्ट का उपयोग, वाहन चलाते समय नशीले पदार्थों का सेवन न करने से सड़क पर यातायात सुरक्षित होगा। अंत में विद्यालय के प्रबंध निदेशक अमरनाथ वर्मा ने आभार प्रकट किया। संचालन शिक्षक आरआर त्रिपाठी ने किया। प्रधानाचार्य रेवरेंट डीके सहित अनेक शिक्षक व छात्र उपस्थित रहे।



# मैरेज लॉन में छापामारी, चार युवक-युवतियां पकड़ी गईं

**गोरखपुर (एसएनबी)।** मंगलवार की सुबह खोराबार इलाके के कसया रोड पर स्थित कुसम्ही बाजार के पास मैरिज लॉन में शादी समारोह के लिए बुकिंग की जाती है। लेकिन इधर इलाके में अधिकाश होटल और मैरिज लॉन युवक और युवतियों का मौज मस्ती का अडडा बन गया है। लोगों की शिकायत पर सीओ कोतवाली ने पुलिस के साथ छापेमारी की जहां संदिग्ध परिस्थितियों में चार युवक व युवतियों पकड़ी गयी। सीओ कोतवाली ने युवतियों के परिजनों को बुलाकर हिदायत के साथ सौंप दिया। वहीं मैरिज लॉन का कोई कागजता नही मिला है। जिनके खिलाफ पुलिस कार्रवाई का मन बना चुकी है।

कुसम्ही बाजार प्रतिनिधि के मुताबिक मुखबीर की सूचना पर सी ओ कोतवाली के नेतृत्व में खोराबार पुलिस ने कुसम्ही बाजार स्थित प्रगति मैरिज लॉन में मंगलवार को छापा डालकर अलग अलग चार कमरों से चार जोड़ी युवक युवतियों को संदिग्थ परिस्थितियों में पकड़ कर खोराबार थाने में पूछताछ की है। जांच में पहुंचे सी ओ कोतवाली रतनेश्वर सिंह ने प्रगति मैरिज लॉन में जाकर रखे रजिस्टर को चेक किया जिसमें पकड़े गए युवक युवतियों की आईडी आगंतुक रजिस्टर में दर्ज थी। ये चारों युवक युवतियां पहचान पत्र के आधार पर बालिग है। पुलिस के अनुसार ये चारों



**पुलिस ने परिजनों को बुलाकर युवतियों को सौपा**

**कुसम्ही इलाके में मैरिज हाल व होटलों में लम्बे समय से चल रहा है खेल**

**जगदीशपुर चौकी के दीवान की भूमिका संदिग्ध,खेल में शामिल**

**मैरिज लॉन मालिक से मांगी गयी कागजातःएसओ खोराबार**

युवक युवतियां एक दूसरे के दोस्त बता रहे है लेकिन वहां पर मौज मस्ती करने पहुंचे थे। पुलिस युवतियों के परिजन को बुला कर आगे की कार्यवाही कर रही है । याद दिला दें कि पूर्व में भी इस मैरिज लॉन में इसी तरह की शिकायत पर छापा पड़ चुका है। पिछ्ले 14 नवंबर को मुखबीर की सूचना पर जगदीशपुर पुलिस चौकी ने संदिग्थ परिस्थिति में युवक युवतियों की होने की सूचना पर छापा डाला था । उस समय मौके से कोई नही मिला था। बताया जा रहा है की छापा के पहले ही एक सिपाही ने सूचना को लीक कर दिया था

एसओ खोराबार कल्याण सिंह सागर का कहना है कि युवक युवतियों के परिजनों को बुलाकर उन्हे घटना के बारे में जानकारी दी गयी। मैरिज हाल के मालिक से लॉन चलाने के मामले में कागजता मांगी गयी है। कागजात नहीं मिलने पर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

दूसरी तरफ चर्चा है कि चौकी के दीवान लम्बे समय से है। वह इलाके के होटल और मैरिज हाल के मालिकों से सांठ गाठ कर सुबह से शाम तक युवक युवतियों घुमने के बहाने कुसम्ही जंगल पहुंचते है और वहां पर मौज मस्ती करते है। चर्चा है कि मैरिज लॉन के मालिक घंटे पर बुकिंग करते हैं।

# थानेदारों का बदला गया कार्यक्षेत्र

गोरखपुर (एसएनबी)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा. गौरव ग्रोवर ने बीती रात जिले के दस थानेदारों का कार्यक्षेत्र बदले जबकि पीपीगंज थानेदार को हटाया गया। वहीं पिपराइच और बड़हलगंज एसएसआई को थाने की जिम्मेदारी सौंपी गयी।

जानकारी के मुताबिक शाहपुर थानेदार रणधीर मिश्र को कोतवाली प्रभारी बनाया गया। जबकि कोतवाली प्रभारी अजय कुमार मौर्या को लोक शिकायत प्रकोष्ठ, मधुप नाथ मिश्रा बड़हलगंज कोतवाली से हटाकर शाहपुर थानेदार बने, संदीप यादव बेलीपार से बासगांव एसओ, सत्य प्रकाश सिंह बासगांव से हटाकर अपराध शाखा, जय नरायन शुक्ला गोला से हटाकर बड़हलगंज प्रभारी बनाये गए। इसी क्रम में इकरार अहमद एसओ खजनी से हटाकर एसओ बेलीपार, शिवशंकर चौबे पीपीगंज एसओ से हटाकर एएचटी प्रभारी बनाया गया, राजेन्द्र सिंह सर्विलांस प्रभारी को एसओ राजघाट, संजय मिश्रा एसओ राजघाट को एसओ खजनी, अश्वनी तिवारी एसएसआई बड़हलगंज को पहली बार गोला थानेदार बनाया गया जबकि राजकुमार सिंह को एसएसआई पिपराइच को एसओ सिकरीगंज की जिम्मेदारी मिली हैं।

**रणधीर मिश्रा कोतवाली, दीपक सिंह एसओ पीपीगंज एसएसआई पिपराइच राजकुमार सिंह एसओ सिकरीगंज और अश्वनी त्रिपाठी गोला एसओ बने**

# चौरीचौरा में दो पशु चोर अरेस्ट

चौरीचौरा एरिया के देवीपुर गांव से सोमवार रात में चोरी करते हुए दो पशु को पुलिस ने बरामद कर दो पशु चोर को अरेस्ट किया है. देवीपुर निवासी धर्मेंद्र यादव ने सोमवार को अपनी पशु चोरी होने का केस दर्ज कराया था. पकड़े गए चोरो की पहचान झंगहा थाना एरिया के भिसवा निवासी अलाउद्दीन व खोराबार थाना क्षेत्र के सूबा बाजार निवासी चुन्नू मौर्या के रूप ने हुई. पुलिस ने दोनों अभियुक्तों को न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया.

# चाकू के साथ युवक अरेस्ट

गुलरिहा एरिया के जंगल डुमरी नंबर एक के फैलहवा घाट पर सोमवार रात चेकिंग के दौरान एक युवक को पुलिस ने चाकू के साथ अरेस्ट कर लिया. पकड़े गए आरोपी की पहचान केवटहिया टोला निवासी राहुल निषाद के रूप में हुई. जानकारी के मुताबिक, सोमवार रात 11:30 बजे उपनिरीक्षक अश्वनी कुमार चौबे, हेड कांस्टेबल हरेंद्र सिंह के साथ वाहन चेकिंग कर रहे थे. इसी दौरान एक संदिग्ध युवक आता दिखा. पुलिस ने रोकने का प्रयास किया तो वह भागने लगा. दौड़ाकर पकड़ा गया और फिर उसकी तलाशी के दौरान चाकू बरामद कर लिया. पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया.

## 10 थानेदार बदले 3 की छिनी थानेदारी

GORAKHPUR (22 Nov) : एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने 10 थानेदारों के तबादले कर दिए. इनमें तीन थानेदारों से थानों की कमान छीन ली गई. जबकि, तीन नए पर भरोसा जताते हुए उन्हें थानों की जिम्मेदारी दी गई है. इंस्पेक्टर शाहपुर रणधीर मिश्रा को कोतवाली थाने की कमान सौंप दी. कोतवाली इंस्पेक्टर अजय कुमार मौर्या के खिलाफ मिल रही शिकायतों के बाद उन्हें लोक शिकायत प्रकोष्ठ से अटैच कर दिया गया. बड़हलगंज इंस्पेक्टर मधूप मिश्रा को शाहपुर थाने, बेलीपार इंस्पेक्टर संदीप यादव को बांसगांव थाने पर भेजा गया है. वहीं, बांसगांव इंस्पेक्टर सत्यप्रकाश सिंह को अपराध शाखा भेज दिया गया. इंस्पेक्टर गोला जय नारायण शुक्ला को इंस्पेक्टर बड़हलगंज, इंस्पेक्टर खजनी इकरार अहमद को इंस्पेक्टर बेलीपार की कमान सौंपी गई है. इंस्पेक्टर पीपीगंज शिव शंकर चौबे को एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग सेल भेज दिया गया. प्रभारी सेल सर्विलांस के सब इंस्पेक्टर राजेंद्र सिंह को राजघाट थाने की कमान सौंपी गई है. राजघाट थानाध्यक्ष रहे संजय मिश्रा को खजनी का नया थानाध्यक्ष बनाया गया है.

## मोहल्ले में पहुंचे एडीजी नहीं आए बीपीओ

GORAKHPUR (22 Nov): आपरेशन त्रिनेत्र के तहत शुरू हुए हर घर कैमरा अभियान को लेकर पुलिसकर्मी गंभीर नहीं है. अधिकारियों के सख्त निर्देश होने के बाद भी थानेदार, हल्का दारोगा और बीपीओ एरिया में भ्रमण कर लोगों को अभियान के बारे में नहीं बता रहे. सोमवार की रात गोरखनाथ एरिया में पहुंचे एडीजी ने मोहल्ले में पैदल गश्त की. व्यापारी व स्थानीय लोगों से बात कर अपनी दुकान व आवास में सुरक्षा के लिए सीसी कैमरा लगवाने की अपील की.

### दो बीपीओ गैर हाजिर

गश्त के दौरान अनुपस्थित रहे दो बीपीओ को देर रात एसएसपी ने लाइन हाजिर कर दिया. कार्य में रुचि न लेने वाले थानेदार व हल्का दारोगा को एडीजी ने चेतावनी दी है. आपरेशन त्रिनेत्र के दूसरे चरण में पुलिस हर घर में कैमरा अभियान चला रही है. आमजन को जागरुक करने और सीसी कैमरा लगवाने के लिए एडीजी जोन अखिल कुमार ने निर्देश दिए हैं कि पुलिस के अधिकारी एरिया में पैदल गश्त करने के साथ ही स्थानीय लोगों से बातचीत कर सीसी कैमरा लगवाने के लिए प्रेरित करें. सोमवार रात एडीजी जोन अखिल कुमार, एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई के साथ गोरखनाथ एरिया के जाहिदाबाद, नौरंगाबाद, हुमायूंपुर उत्तरी, जमुनहिया, चक्सा हुसैन, हड़हवा फाटक व कसाई टोला में पैदल गश्त किया. दुकानदारों के साथ ही स्थानीय लोगों को आपरेशन त्रिनेत्र की जानकारी देते हुए सुरक्षा की दृष्टि से सीसी कैमरे लगवाने की अपील की.

## मैरिज लान में पुलिस का छापा, पकड़े गए चार युगल

gorakhpur@inext.co.in

GORAKHPUR (22 Nov) :खोराबार थाना पुलिस ने मंगलवार की दोपहर मैरिज लान में छापा डाल चार युगल को पकड़ा. थाने लाकर पूछताछ करने पर पता चला कि पकड़े गए युगल एक-दूसरे के परिचित हैं. लड़कियों को परिजन के साथ भेज दिया गया. युवकों से पूछताछ चल रही है.

### कमरे की ली गई तलाशी

पुलिस को सूचना मिली कि लॉन में अनैतिक कार्य होता है. मंगलवार को बाइक से युवक और युवती पहुंचे हैं. अधिकारियों के निर्देश पर सीओ कोतवाली रत्नेश्वर सिंह स्थानीय थाने की फोर्स लेकर मैरिज लान में पहुंचे. कमरे की तलाशी लेने पर चार युगल मिले. इनका नाम, रजिस्टर में दर्ज था. पूछताछ करने के बाद पता चला कि आपस में मित्र हैं. सभी को थाने लाने के बाद खोराबार थाना पुलिस ने नाम, पता नोट कर स्वजन को बताया. थाने पहुंचे माता-पिता के साथ लड़कियों को घर भेज दिया गया. लड़कों से पूछताछ चल रही है. 14 नवंबर को भी खोराबार थाना पुलिस ने मैरिज लान में छापा डाला था.

# बर्तन व्यापारी की हत्या के 2 और आरोपी अरेस्ट

**GORAKHPUR (22 Nov):** खोराबार एरिया के डांगीपार में बर्तन व्यापारी विक्की वर्मा की हत्या में शामिल दो अन्य आरोपियों को पुलिस ने मंगलवार को अरेस्ट कर लिया. हत्या में शामिल पांच आरोपियों को पहले ही पुलिस जेल भिजवा चुकी है. घटना में शामिल तीन अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस जुटी है. पुलिस का दावा है कि जल्द ही आरोपियों को भी अरेस्ट कर लिया जाएगा. पकड़े गए आरोपियों की पहचान लहसड़ी के खैरा टोला निवासी अंशु निषाद व माखन निषाद के रूप में हुई. पुलिस के मुताबिक, 26 अक्टूबर को प्रतिमा विसर्जन के लिए कुछ युवकों ने चाकू से गोद कर विक्की की हत्या कर दी. इस मामले के दो आरोपित मंगलवार को पकड़े गए.

# प्रधानाचार्य सहित तीन पर हत्या के केस में लगी एफआर

**फॉलोअप**

- प्रधानाचार्य एके पांडेय व प्रशासनिक अधिकारी नितिन द्विवेदी शामिल
- उद्योगपति ओमप्रकाश जालान ने कराया था मुकदमा

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। विकास भारती विद्यालय परिसर में प्रशासनिक अधिकारी नितिन द्विवेदी की पत्नी अर्चना द्विवेदी की संदिग्ध मौत के मामले में दर्ज हत्या के केस को विवेचना के बाद पुलिस ने खारिज कर दिया है। जांच में साक्ष्य न मिलने पर विवेचक ने केस में फाइनल रिपोर्ट लगा दिया है।

विकास भारती परिसर में प्रशासनिक अधिकारी नितिन द्विवेदी की पत्नी अर्चना द्विवेदी की दस नवंबर 2021 को मौत हो गई थी। इस मामले में पिपराइच पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर सितम्बर 2022 में नितिन द्विवेदी के अलावा विद्यालय के प्रधानाचार्य सहित तीन लोगों पर हत्या का केस दर्ज किया था। उद्योगपति और विद्यालय प्रबंध समिति के संस्थापक सदस्य ओमप्रकाश जालान ने केस दर्ज कराने के लिए कोर्ट में अर्जी दी थी। प्रशासनिक अधिकारी नितिन द्विवेदी की पत्नी अर्चना द्विवेदी की परिसर मे संदिग्ध हाल में मौत हो गई थी। घटना की सूचना देने के बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इसके अलावा उनका आरोप है कि कई बार पत्र लिखकर प्रबंध समिति से विरोध जताया गया।

# छापेमारी में संदिग्ध हाल में मिले चार जोड़े

खोराबार/कुसम्ही बाजार। कुसम्ही बाजार स्थित एक मैरिज लान और रेस्टोरेंट में मंगलवार को पुलिस ने छापेमारी कर चार लड़के और लड़कियों को संदिग्ध हाल में पकड़ लिया। सभी को थाने ले आया गया, सीओ ने सभी से पूछताछ के बाद उनके परिवारीजनों को बुलाया।

# दस बेरोजगारों से पांच लाख की हुई जालसाजी

खोराबार,हिन्दुस्तान संवाद। विदेश भेजने के नाम पर खोराबार स्थित एक ट्रेनिंग सेंटर के संचालक ने 10 लोगों से 5 लाख रुपये वसूल कर फरार हो गया। रुपये देने वाले सभी तीन महीने से परेशान हैं।

इस सम्बंध में मंगलवार को थाने पर मानसिंह पगरा थाना हाटा जिला कुशीनगर,रोहित सिंह बेलवा बुजुर्ग थाना अहिरौली कुशीनगर ने तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार खोराबार के मदरहवा चौराहा स्थित एक ट्रेनिग सेंटर का संचालक मान सिंह, रोहित सिंह एवं अलग-अलग स्थान के रहने वाले सुभाष चंद, प्रदीप शर्मा, चन्द्रभूषण सिंह, समीर कुमार सिंह, हरेंद्र प्रसाद, जितेंद्र यादव, तूफानी, गजेन्द्र सिंह से कुल 5 लाख रुपये विदेश भेजने के नाम पर लेकर फरार हो गया। ठगी के शिकार लोग तीन माह से ट्रेनिंग सेंटर का चक्कर लगा रहे है। लेकिन उससे मुलाकात नहीं हो पाई, तथा उसके मोबाइल पर फोन करने पर सम्पर्क नहीं हो पा रहा है।

# मान्यता खत्म होने के बाद भी चलता रहा स्कूल, केस

- बीईओ की तहरीर पर रामगढ़ताल पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा
- रामगढ़ताल क्षेत्र के कजाकपुर के अपेक्स स्कूल का मामला

गोरखपुर, निज संवाददाता। रामगढ़ताल क्षेत्र के कजाकपुर में पिछले दिनों जिस स्कूल के परिसर में बच्ची के पानी में डूबने से मौत हुई थी उसकी मान्यता ही समाप्त हो गई थी। जांच में इसकी पुष्टि होने पर खोराबार ब्लॉक के बीईओ पंकज कुमार की तहरीर पर पुलिस ने अपेक्स एकेडमी के प्रबंधक पर धोखाधड़ी और आपराधिक साजिश रचने की धारा में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कजाकपुर स्थित अपेक्स एकेडमी में बीते 19 अक्टूबर को स्कूल में पढ़ने गई तीन साल की बच्ची दृष्टि का परिसर में भरे पानी के गड्ढे में डूबने से मौत हो गई थी। शिक्षा विभाग ने जांच शुरू की तो चौंकाने वाली जानकारी मिली। संस्था की मान्यता कक्षा एक से पांच तक वक्फ बोर्ड मदरसा बोर्ड से अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी गोरखपुर से प्राप्त थी। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी के द्वारा बताया गया कि संस्था की मान्यता 17 जून 2020 को समाप्त हो गई थी। मान्यता समाप्त होने के बाद भी अपेक्स एकेडमी के प्रबंधक द्वारा कक्षा संचालित की जा रही थी। जांच में इसकी जानकारी होने के बाद बीएसए के निर्देश पर बीईओ खोराबार पंकज कुमार की तहरीर पर केस दर्ज कर लिया।

# अपहरणकर्ता को दबोचा, युवती मिली

गोरखपुर। खोराबार पुलिस ने युवती का अपहरण करने वाले आरोपित को मंगलवार को गिरफ्तार कर अपहृता को बरामद कर लिया। पुलिस ने उसको कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। पुलिस आरोपित खोराबार क्षेत्र के रामनगर कड़जहां निवासी रविन्द्र निषाद पर केस दर्ज कर तलाश कर रही थी। आरोपित युवती को 13 नवंबर की रात में बहला-फुसला कर घर में रखा और ताला तोड़कर नकदी और जेवरात लेकर उसके साथ भाग गया था।

# मोहल्ले में पहुंचे एडीजी, नहीं आए बीपीओ

**लाइनहाजिर**

- गोरखनाथ थानेदार, हल्का दारोगा को एसएसपी ने दी चेतावनी
- ऑपरेशन त्रिनेत्र की स्थिति और गश्त करने निकले थे एडीजी



गोरखनाथ क्षेत्र में मोहल्ले के लोगों से बात करते एडीजी जोन अखिल कुमार।

गोरखपुर,वरिष्ठ संवाददाता। आपरेशन त्रिनेत्र के तहत शुरू हुए हर घर कैमरा अभियान को लेकर पुलिसकर्मी गंभीर नहीं हैं। अधिकारियों के सख्त निर्देश होने के बाद भी थानेदार, हल्का दारोगा और बीट पुलिस अधिकारी (बीपीओ) क्षेत्र में भ्रमण कर लोगों को अभियान के बारे में नहीं बता रहे हैं। सोमवार की रात गोरखनाथ क्षेत्र में पहुंचे एडीजी ने मोहल्ले में पैदल गश्त किया। व्यापारी व स्थानीय लोगों से बातकर अपनी दुकान और आवास में सुरक्षा के लिए सीसी कैमरा लगवाने की अपील की। गश्त के दौरान अनुपस्थित रहे दो बीपीओ को देर रात एसएसपी ने लाइन हाजिर कर दिया।

आपरेशन त्रिनेत्र के तहत आमजन को जागरुक करने और सीसी कैमरा लगवाने के लिए एडीजी जोन अखिल कुमार ने निर्देश दिए हैं कि पुलिस के अधिकारी क्षेत्र में पैदल गश्त करने के साथ ही स्थानीय लोगों से बातचीत कर सीसी कैमरा लगवाने के लिए प्रेरित करें। रात को एडीजी जोन अखिल कुमार, एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई के साथ गोरखनाथ क्षेत्र के जाहिदाबाद, नौरंगाबाद, हुमायूंपुर उत्तरी, जमुनहिया में पैदल गश्त किया। स्थानीय लोगों को आपरेशन त्रिनेत्र की जानकारी देते हुए सुरक्षा की दृष्टि से सीसी कैमरे लगवाने की अपील की। बातचीत में पता चला कि 40 फीसद लोगों के घर सीसी कैमरा लगा है। पता चला कि बीट पुलिस अधिकारी ओमकार यादव व भीम पटेल के कार्य में रुचि न ले रहे हैं। एडीजी के निर्देश पर दोनों बीपीओ को एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने तत्काल लाइन हाजिर दिया।

# धोखाधड़ी का आरोपित गिरफ्तार

गोरखपुर, निज संवाददाता। कूटरचना द्वारा जालसाजी करने के आरोपित को चिलुआताल पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसको कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया।

चिलुआताल पुलिस जंगल बेनी माधव नंबर-2 मोहरीपुर निवासी सागर चौहान के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश कर रही थी।

# गैंगस्टर का अरोपित चढ़ा पुलिस के हत्थे

गोरखपुर। रामगढ़ताल पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित बदमाश को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस ने उसको जेल भेज दिया गया।

रामगढ़ताल थानेदार सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि आरोपित शनि चौहान गोरखनाथ क्षेत्र के मिर्जापुर पचपेड़वा निकल रेलवे क्रॉसिंग के पास रहने वाला है। उसके ऊपर रामगढ़ताल और चिलुआताल थाने में तीन केस दर्ज हैं।

# बर्तन व्यापारी की हत्यारोपी गिरफ्तार

गोरखपुर। खोराबार पुलिस ने बर्तन व्यापारी की चाकू मारकर हत्या के मामले में फरार चल रहे दो और आरोपितों को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनको कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया।

खोराबार थानेदार कल्याण सिंह सागर ने बताया कि 26 अक्टूबर की रात में लक्ष्मी प्रतिमा विसर्जन के दौरान बर्तन व्यापारी विक्की ठठेरा की क्षेत्र के डांगीपार ढाला के पास मनबढ़ों ने चाकू से गोदकर हत्या कर दी थी।

# 10 थानेदार बदले, तीन की छिन गई कुर्सी

## बदलाव

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने 10 थानेदारों के तबादले कर दिए। इनमें तीन थानेदारी छीन ली गई, जबकि तीन नए को जिम्मेदारी दी गई है।

एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने इंस्पेक्टर शाहपुर रणधीर मिश्रा को कोतवाली थाने की कमान सौंप दी, जबकि कोतवाली इंस्पेक्टर अजय मौर्या के खिलाफ लगातार मिल रही शिकायतों के बाद उन्हें लोक शिकायत प्रकोष्ठ से अटैच कर दिया गया। बड़हलगंज इंस्पेक्टर मधूप मिश्र को शाहपुर थाना, बेलीपार इंस्पेक्टर संदीप यादव को बांसगांव थाने पर भेजा गया है। वहीं, अब तक बांसगांव इंस्पेक्टर रहे सत्यप्रकाश सिंह को अपराध शाखा भेज दिया गया। इसके अलावा इंस्पेक्टर गोला जयनारायण शुक्ल को इंस्पेक्टर बड़हलगंज, इंस्पेक्टर खजनी इकरार अहमद को इंस्पेक्टर बेलीपार की कमान सौंपी गई है। जबकि, इंस्पेक्टर पीपीगंज शिवशंकर चौबे को एंटी ह्यूमन ट्रैफकिंग सेल भेजा गया। प्रभारी सेल सर्विलांस के सब इंस्पेक्टर राजेंद्र सिंह को राजघाट थाने की कमान सौंपी गई है। साथ ही राजघाट थानाध्यक्ष रहे संजय मिश्र को खजनी का नया थानाध्यक्ष बनाया गया है। एसएसआई बड़हलगंज अश्वनी को गोला तो सिकरीगंज के थानेदार दीपक सिंह को पीपीगंज और पिपराइच के एसएसआई राजकुमार सिंह को सिकरीगंज थाने की कमान दी गई।

### बालापार-टिकरिया रोड पर बनेगा सोनबरसा थाना, जमीन की हो चुकी है रजिस्ट्री

# सोनबरसा थाने पर मुहर चार और का प्रस्ताव भेजा

**32** हो जाएगी जिले में थानों की संख्या सोनबरसा के बाद

**02** शहरी क्षेत्र के थाने के लिए भेजा गया है प्रस्ताव

**05** थाने बन चुके हैं गोरखपुर में बीते पांच सालों में

■ विवेक पाण्डेय

गोरखपुर। गोरखपुर में एक और थाने पर मुहर लग गई। यह थाना बालापार-टिकरिया रोड पर सोनबरसा में बनेगा। सोमवार को थाने की जमीन की रजिस्ट्री कराई गई। अब जल्द ही इसका निर्माण शुरू हो जाएगा। सोनबरसा थाना बनने के बाद गोरखपुर में कुल थानों की संख्या 32 हो जाएगी। हालांकि चार और थानों का प्रस्ताव अभी प्रस्तावित हैं, जिसमें शहरी क्षेत्र में दो और गोरखपुर दक्षिणी में दो थाने शामिल हैं। योगी ने पहली बार सीएम बनने के बाद हर एक लाख की आबादी पर नए थानों के निर्माण करने का निर्देश दिया था। निर्देश के बाद सबसे पहले गोरखपुर में पहले पांच सालों में पांच नए थाने बन चुके हैं, जो काम कर रहे हैं। इनमें गीडा, रामगढ़ताल, एम्स, साइबर और एएचटी थाना शामिल है। हालांकि एम्स थाना अभी यूपी काप एप और कागजों में ही चालू है। लेकिन धरातल पर उसका भवन बनकर तैयार हो जाएगा। चूंकि उसका नोटिफिकेशन हो गया है इसलिए वह कागजों में चल रहा है। भवन तैयार हो जाने के बाद वहां स्टॉफ की तैनाती कर दी जाएगी, जिसके बाद एम्स थाना धरातल पर भी काम करने लगेगा।



## विस्तार

- सोमवार को हुई थाने की जमीन की रजिस्ट्री, जल्द शुरू किया जाएगा काम
- बांसगांव को काटकर कौड़ीराम थाना, बड़हलगंज को काट डेरवा थाना बनेगा

## इन थानों में ऐसे कटेंगे एरिया



खोराबार के बेलवार चौकी में पड़ने वाले इलाकों जैसे अकोलहिया, पोछिया, छपरा, बरसाइत, लालपुर टीकर, कुंई, प्यासी, गौरी मंगलपुर, कड़जहां, जंगल चंवरी, रायगंज के अलावा झंगहा के रामपुर डांड़ी, लक्ष्मीपुर सहित सैकड़ों गांव बेलवार थाने में शामिल होंगे। इसी प्रकार कैंट के मोहद्दीपुर, रेलवे कालोनी को काटकर रेलवे कालोनी थाना बनाया जाएगा। वहीं, बांसगांव के कौडीराम थाने में कुछ गांव बांसगांव और कुछ गगहा और कुछ बेलीपार थाने का हिस्सा काटा जाएगा। कौडीराम थाने में कौड़ीराम,डांड़ी, गजपुर, कसिहार, मलांव, जयंतीपुर सहित कई गांव होंगे। वहीं डेरवा थाने में बड़हलगंज और गोला के साथ ही गगहा के कुछ गांवों को काटकर बनाया जाएगा। इसी प्रकार बालाकोट सोनबरसा थाने में गुलरिहा और चिलुआताल के गांवों को काटकर बनाया जाएगा। इसमें सरहरी, सोनबरसा जहां सीएम योगी का विश्वविद्यालय है वे सब इलाके होंगे।

## वर्तमान में हैं 31 थाने

कैंट, कोतवाली, तिवारीपुर, राजघाट, गोरखनाथ, रामगढ़ताल, महिला थाना, साइबर थाना, एएचटी थाना, शाहपुर, खोराबार, चिलुआताल, गुलरिहा, पीपीगंज, कैंपियरगंज, पिपराइच, झंगहा, चौरीचौरा, सहजनवां, गीडा, हरपुर बुदहट, सिकरीगंज, बांसगांव, खजनी, गोला, बड़हलगंज, उरूवा, बेलीपार, गगहा, बेलघाट, एम्स थाने सहित वर्तमान में कुल 31 थाने हैं। सोनबरसा थाना बनने के बाद संख्या 32 हो जाएगी।

" बालापार-टिकरिया रोड पर सोनबरसा में थाना बनना है। जमीन की रजिस्ट्री चल रही है। इसके बाद थाना के निर्माण का कार्य शुरू होगा। थाना बनने से चिलुआताल कुछ इलाकों के अलावा गुलरिहा के सरहरी वाले इलाके को शामिल किया जाएगा।

\- **मनोज कुमार अवस्थी**, एसपी नार्थ

**प्रस्ताव तैयार कर भेजा गया :** जो नए थानों का प्रस्ताव भेजा गया है उसमें शहरी क्षेत्र के खोराबार थाने से काटकर बेलवार थाना, कैंट थाने से काटकर रेलवे कालोनी थाना का प्रस्ताव एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने भेजा है। वहीं दक्षिणी क्षेत्र में बांसगांव थाने से काटकर कौड़ीराम थाना और बड़हलगंज थाने से काटकर डेरवां थाना बनाया जाएगा। इसके लिए एसपी साउथ अरुण कुमार सिंह ने प्रस्ताव तैयार कर भेजा है।

# छेड़खानी का आरोपित गिरफ्तार

गोरखपुर। पिपराइच पुलिस ने मारपीट और छेड़खानी के आरोपित को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसको कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। आरोपित की पहचान क्षेत्र के बसडीला रौसड़ निवासी मोबिन अली उर्फ झीनक के रूप में हुई। पुलिस उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश कर रही थी।

# सात पशु तस्करों पर गैंगस्टर की कार्रवाई

गोरखपुर। चिलुआताल पुलिस ने पशु तस्करी में संलिप्त सात लोगों के विरुद्ध गैंगस्टर में निरुद्ध किया है।

कुशीनगर के कसया के सोहसा पट्टी निवासी जफरूद्दीन, तरया सुजान के भुलिया अगरवां निवासी नूर मोहम्मद, कोइंदी पट्टी निवासी दो भाइयों शेरू हुसैन उर्फ बुफराम, इमाम हुसैन, कुबेर स्थान सेमरा हरदो तौसिफ, पटहेरवा के कनक पिपरा इमामुल हक व गुलरिहा हरसेवकपुर नंबर-2 निवासी अनूप यादव के द्वारा गिरोह बंद होकर समाज विरोधी क्रिया कलाप करने पर गैंगेस्टर की कार्रवाई हुई। इसमें जफरूद्दीन पर गोरखपुर व कुशीनगर के विभिन्न थानों में आठ, नूर मोहम्मद पर चार, तौसिफ पर पांच, इमाम हुसैन पर चार, शेरू हुसैन उर्फ गुफरान पर पांच अनूप पर दस व इमामुल हक पर छह केस दर्ज है।

# किशोरी ने की खुदकुशी, केस

गोरखपुर। तिवारीपुर थानाक्षेत्र के मंझरिया गांव में सोमवार की रात 17 साल की किशोरी रीतू ने खुदकुशी कर ली थी। मंगलवार को जानकारी होने पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर, पुलिस ने पड़ोसी युवक आकाश, उसकी मां गुड़िया और नेहा पर खुदकुशी के लिए उकसाने की धारा में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मंझरिया गांव निवासी रामानंद की बेटी रीतू की दोस्ती पड़ोसी आकाश से थी। सोमवार दोनों को बातचीत करते हुए रीतू के चचेरे भाई ने देख लिया। इसी बात पर दोनों में विवाद हो गया । इसके बाद किशोरी अपने कमरे में जाकर फंदे से लटककर खुदकुशी कर ली।

# किशोरी की मृत्यु, तीन पर आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज

**जासं. गोरखपुर:** तिवारीपुर के मंझरिया गांव में सोमवार की रात किशोरी का शव कमरे में फंदे से लटका मिला। स्वजन ने पड़ोस में रहने वाले युवक, उसकी मां व बहन के विरुद्ध आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस आरोप की जांच कर रही है। गांव के राम्मानंद की 17 वर्षीय लड़की रीतू की दोस्ती पड़ोस में रहने वाले आकाश से थी। सोमवार की दोपहर दोनों को बातचीत करते हुए रीतू के चचेरे भाई ने देख लिया। इसी बात पर दोनों के बीच विवाद हो गया और फिर आकाश ने घर जाकर खुद की पिटाई करने की जानकारी स्वजन को दी। मां व बहन उलहना लेकर किशोरी के घर पहुंची तो दोनों परिवार के लोगों में कहासुनी हो गई। रात में रीतू अपने कमरे में पंखे से बंधे दुपट्टे के फंदे से लटकी मिली। थानाध्यक्ष मदन मोहन मिश्रा ने बताया कि जांच चल रही है।

# मैरिज लान में पुलिस ने मारा छापा, पकड़े गए चार युगल

**जागरण संवाददाता, कुसम्ही बाजार :** खोराबार थाना पुलिस ने मंगलवार की दोपहर मैरिज लान में छापा डाल चार युगलों को पकड़ा। थाने ले जाकर पूछताछ करने पर पता चला कि पकड़े गए युगल एक-दूसरे से परिचित हैं। लड़कियों को स्वजन के साथ भेज दिया गया। युवकों से पूछताछ चल रही है।

पुलिस को सूचना मिली कि लान में अनैतिक कार्य होता है। मंगलवार को बाइक से युवक व युवती पहुंचे हैं। अधिकारियों के निर्देश पर सीओ कोतवाली रत्नेश्वर सिंह थाने की फोर्स लेकर मैरिज लान में पहुंचे। तलाशी लेने पर चार युगल मिले। इनका नाम, रजिस्टर में दर्ज था। पूछताछ करने के बाद पता चला कि सभी आपस में मित्र हैं। सभी को थाने लाने के बाद खोराबार थाना पुलिस ने नाम, पता नोट कर स्वजन को बताया। थाने पहुंचे माता-पिता के साथ लड़कियों को घर भेज दिया गया। लड़कों से पूछताछ चल रही है। 14 नवंबर को भी मैरिज लान में छापा डाला था।

**आनलाइन बुक हुआ था कमरा :** सीओ कोतवाली रत्नेश्वर सिंह ने बताया कि युवक-युवती खोराबार व पिपराइच क्षेत्र के हैं। उन्होंने बताया कि आनलाइन कमरा बुक किया था। पुलिस के पहुंचने पर मैनेजर फरार हो गया, जिसकी तलाश चल रही है।

# पशु तस्करों पर गैंगस्टर की कार्रवाई, जब्त होगी संपत्ति

**जासं, गोरखपुर:** पशु तस्करी में संलिप्त गैंगलीडर समेत सात तस्करों को एसपी उत्तरी मनोज अवस्थी ने मंगलवार को गैंगस्टर एक्ट में निरुद्ध किया है। इनके ऊपर जिले के अलग-अलग थानों में पशु तस्करी समेत अन्य मामलों में मुकदमा दर्ज है। अपराध से अर्जित तस्करों की संपत्तियों की जांच चल रही है। रिपोर्ट तैयार होने के बाद जब्ती की कार्रवाई होगी।

एसपी उत्तरी ने बताया कि चिलुआताल पुलिस ने पशु तस्करी के गिरोह सरगना कुशीनगर के कसया थाना के सोहसा पट्टी निवासी जफरूद्दीन और उसके सहयोगी तरया सुजान थाना के भुलिया अगरवां निवासी नूर मोहम्मद, कोइन्दी पट्टी निवासी इमाम हुसैन, शेरू हुसैन उर्फ बुफराम, कुबेर स्थान थाना के सेमरा हरदो निवासी तौसिफ, पटहेरवा थाना के कनक पिपरा निवासी इमामुल हक और गोरखपुर जनपद के गुलरिहा थाना के हरसेवकपुर नंबर दो निवासी अनूप यादव के विरुद्ध गैंगस्टर की कार्रवाई की गई है। एसपी उत्तरी ने बताया कि आरोपित विभिन्न स्थानों से पशुओं को वाहनों में लादकर बिहार पहुंचाते थे। इनके ऊपर विभिन्न थानों में पशु तस्करी समेत अन्य मामलों में मुकदमा दर्ज है।

## महिला गैंगस्टर समेत दो गिरफ्तार

**जासं, गोरखपुर :** पुलिस ने मंगलवार को महिला गैंगस्टर समेत दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। दोनों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया। पिपराइच पुलिस ने गैंगस्टर की आरोपित खोराबार थाना के मतौनी कुसम्ही जंगल निवासी विजेता देवी पत्नी अजय प्रसाद को गिरफ्तार किया। महिला पर सुसंगठित गिरोह चलाने पर गुलरिहा पुलिस ने 13 नवंबर 2022 को गैंगस्टर की कार्रवाई की थी। वह चेन स्नैचिंग की कई घटनाओं में जेल जा चुकी है। इसी तरह रामगढ़ताल थाना पुलिस ने मिर्जापुर निवासी शनि चौहान पुत्र रामभजन चौहान को गिरफ्तार किया है।

# बिछड़े बच्चे को पीआरवी ने स्वजन से मिलवाया

मुंडेरा बाजार : तरकुलहा मेले में सोमवार को ड्यूटी कर रही पीआरवी टीम को लोगों ने लावारिस बच्चा सौंपा। वह रो रहा था। पीआरवी पुलिस ने बच्चे से नाम व पता जानना चाहा तो वह सही जानकारी नहीं दे सका।

पुलिस ने पीआरवी वाहन से अनाउंस कराते हुए बच्चे के स्वजन की तलाश शुरू की। काफी खोजबीन के बाद स्वजन को पीआरवी पुलिस ने ढूंढ निकाला और उन्हें बच्चे को सौंप दिया। स्वजन ने बताया कि मेले में अधिक भीड़ होने के कारण वह बिछड़ गया। पुलिस ने बताया कि बच्चा और उसके स्वजन बिहार के गोपालगंज के निवासी हैं। तरकुलहा में दर्शन के लिए आए थे। (जासं)

# मोहल्ले में पहुंचे एडीजी, नहीं आए बीपीओ, लाइन हाजिर

## आपरेशन त्रिनेत्र के बारे में ली जानकारी, गोरखनाथ थानेदार व हल्का दारोगा को एसएसपी ने दी चेतावनी

**जासं, गोरखपुर** : आपरेशन त्रिनेत्र के तहत शुरू हर घर कैमरा अभियान को लेकर पुलिसकर्मी गंभीर नहीं हैं। अधिकारियों के सख्त निर्देश होने के बाद भी थानेदार, हल्का दारोगा और बीट पुलिस अधिकारी (बीपीओ) क्षेत्र में भ्रमण कर लोगों को अभियान के बारे में नहीं बता रहे। सोमवार की रात गोरखनाथ क्षेत्र में पहुंचे एडीजी ने मोहल्ले में पैदल गश्त की। व्यापारी व स्थानीय लोगों से बात कर दुकान व आवास में सुरक्षा के लिए सीसी कैमरा लगवाने की अपील की। गश्त के दौरान अनुपस्थित रहे दो बीपीओ को देर रात एसएसपी ने लाइन हाजिर कर दिया। कार्य में रुचि न लेने वाले थानेदार व हल्का दारोगा को एडीजी ने चेतावनी दी है।



गोरखनाथ क्षेत्र में पैदल गश्त के दौरान लोगों से आपरेशन त्रिनेत्र के बारे में बात करते एडीजी जोन अखिल कुमार ● पुलिस मीडिया सेल

आपरेशन त्रिनेत्र के दूसरे चरण में पुलिस हर घर में कैमरा अभियान चला रही है। आमजन को जागरूक करने और सीसी कैमरा लगवाने के लिए एडीजी जोन अखिल कुमार ने निर्देश दिए हैं कि पुलिस अधिकारी क्षेत्र में पैदल गश्त करने के साथ ही स्थानीय लोगों से बातचीत कर सीसी कैमरा लगवाने के लिए प्रेरित करें। सोमवार की रात को एडीजी जोन अखिल कुमार ने एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई के साथ गोरखनाथ क्षेत्र के जाहिदाबाद, नौरंगाबाद, हुमायूंपुर उत्तरी, जमुनहिया, चक्सा हुसैन, हड़हवा फाटक व कसाई टोला में पैदल गश्त की। दुकानदारों के साथ ही स्थानीय लोगों को आपरेशन त्रिनेत्र की जानकारी देते हुए सुरक्षा की दृष्टि से सीसी कैमरा लगवाने की अपील की। बातचीत में पता चला कि 40 फीसद लोगों के घर सीसी कैमरा लगा है। गश्त के दौरान पता चला कि बीट पुलिस अधिकारी ओमकार यादव व भीम पटेल कार्य में रुचि नहीं ले रहे। एडीजी के निर्देश पर दोनों बीपीओ को एसएसपी डा.गौरव ग्रोवर ने तत्काल लाइन हाजिर कर दिया।

### तिवारीपुर में भी दारोगा व बीपीओ पर हुई थी कार्रवाई

14 नवंबर को एडीजी जोन अखिल कुमार ने तिवारीपुर के घोषीपुर और नरसिंहपुर मोहल्ले में पैदल गश्त कर व्यापारी व स्थानीय लोगों से अपने घर में सीसी कैमरा लगवाने की अपील की थी। बातचीत में हल्का दारोगा विनय पांडेय और बीपीओ दीपक शुक्ल के क्षेत्र में न आने पर एसएसपी ने लाइन हाजिर कर दिया था।

# छेड़खानी का आरोपित गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**पिपराइच** : छेड़छाड़, मारपीट और जानमाल की धमकी देने के मामले में थाना पुलिस ने आरोपित बसडीला रौसड़ निवासी मोबिन अली उर्फ झिनक को गिरफ्तार कर लिया है। दारोगा नागेन्द्रमणि ने बताया कि आरोपित के विरुद्ध एक महिला ने तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था। उसे न्यायालय ने जेल भेज दिय। (जासं)

# दस थानेदारों के कार्यक्षेत्र बदले, तीन से छिनी थानेदारी

- सर्विलांस सेल प्रभारी समेत तीन नए दारोगा को मिला प्रभार

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने सोमवार की देर रात दस थानेदारों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया। जनसुनवाई में रुचि न लेने वाले कोतवाली, पीपीगंज और बांसगांव के थानेदार से प्रभार छीन नए दारोगा को थानेदारी सौंपी है।

प्रभारी निरीक्षक थाना शाहपुर रणधीर मिश्रा को कोतवाली थाने की कमान सौंप दी, यहां तैनात निरीक्षक अजय कुमार मौर्या के खिलाफ लगातार मिल रही शिकायतों के बाद उन्हें लोक शिकायत प्रकोष्ठ भेजा गया है। बड़हलगंज थानेदार मधुपनाथ मिश्रा को शाहपुर थाने, बेलीपार थानेदार संदीप यादव को बांसगांव थाने पर भेजा गया है। बांसगांव थाने के प्रभारी रहे निरीक्षक सत्यप्रकाश सिंह की कार्यप्रणाली ठीक न होने पर एसएसपी ने उन्हें अपराध शाखा की विवेचना सेल भेजा है। प्रभारी निरीक्षक गोला जय नारायण शुक्ला को बड़हलगंज, खजनी थानेदार इकरार अहमद को बेलीपार थाने की कमान मिली है। जनसुनवाई में रुचि न लेने वाले पीपीगंज थानेदार शिव शंकर चौबे को एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग सेल भेज दिया गया। सिकरीगंज थाना प्रभारी दीपक सिंह को पीपीगंज थाने का प्रभार मिला है। सर्विलांस सेल प्रभारी राजेंद्र सिंह को राजघाट, यहां तैनात रहे संजय मिश्रा को खजनी का नया थानाध्यक्ष बनाया गया है। एसएसआइ बड़हलगंज अश्वनी तिवारी को गोला व पिपराइच थाने के एसएसआइ राजकुमार सिंह को सिकरीगंज थाने का प्रभार मिला है।

# धोखाधड़ी करने के आरोपित को पुलिस ने किया गिरफ्तार

गोरखपुर : जालसाजी व धोखाधड़ी के आरोपित मोहरीपुर के जंगल बेनी माधव नंबर-दो निवासी सागर चौहान को चिलुआताल थाना पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार किया। दारोगा सुशील प्रसाद ने बताया कि आरोपित को न्यायालय में पेशकर जेल भेज दिया गया। (जासं)

# 39 लीटर कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार

गोरखपुर : राजघाट थाना पुलिस ने मंगलवार को 39 लीटर कच्ची शराब के साथ चौरीचौरा के निमिहवा निवासी कनवा को गिरफ्तार किया है। दारोगा कुंवर गौरव सिंह ने बताया कि आरोपित के पास से 50 ग्राम यूरिया और 100 ग्राम नौसादर भी बरामद हुआ है। उसके विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जा रही है। (जास)

# अवांछित तत्वों से निपटने को गोवि ने पुलिस से मांगी मदद

**जासं, गोरखपुर :** दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय परिसर में आए दिन हो रहे धरना-प्रदर्शन पर काबू पाने के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन ने पुलिस से मदद मांगी है। मुख्य नियंता प्रो.गोपाल प्रसाद ने पठन-पाठन एवं शांति का माहौल का हवाला देते हुए एसएसपी को अनुरोध पत्र भेजा है।

मुख्य नियंता ने लिखा है कि कुछ अवांछित तत्व विद्यार्थियों को उकसा कर धरना-प्रदर्शन करा रहे हैं। इससे परिसर की शांति व्यवस्था तो भंग हो ही रही, पठन-पाठन में भी व्यवधान हो रहा है। ऐसे अराजक तत्वों से निपटने के लिए पुलिस की मदद की जरूरत है। नियंता ने एसएसपी से प्रशासनिक भवन गेट और मुख्य द्वार पर कार्यालय अवधि के दौरान पुलिस बल तैनात करने का आग्रह किया है।

# एपेक्स स्कूल के प्रबंधक पर जालसाजी का मुकदमा दर्ज

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर**: महानगर के कजाकपुर स्थित एपेक्स एकेडमी बिना मान्यता के संचालित हो रही थी। 2015 में मदरसे के रूप में इसे पांच वर्ष के लिए अस्थायी मान्यता मिली थी, लेकिन जांच में पता चला कि कभी मदरसे का संचालन नहीं हुआ। दो वर्ष पहले यानी 2020 में मदरसे की मान्यता भी खत्म हो गई। जिस कमेटी ने मान्यता ली थी, वह भी बदल चुकी है। बीईओ खोराबार पंकज मौर्य की तहरीर पर रामगढ़ताल थाना पुलिस ने मंगलवार को एपेक्स के प्रबंधक के विरुद्ध जालसाजी और अपराधिक साजिश रचने के मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कजाकपुर स्थित एपेक्स एकेडमी में 19 अक्टूबर 2022 को स्कूल में पढ़ने गई तीन साल की मासूम दृष्टि का परिसर में भरे पानी के गड्ढे में डूबने से मृत्यु हो गई थी। घटना के बाद से शिक्षा विभाग ने जांच शुरू की तो चौंकाने वाली जानकारी मिली। संस्था की मान्यता कक्षा एक से पांच तक वक्फ बोर्ड मदरसा बोर्ड से अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी गोरखपुर के यहां से प्राप्त थी। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी के द्वारा बताया गया कि संस्था की मान्यता 17 जून 2020 को समाप्त हो गई थी।

**डीएम ने जांच कर कार्रवाई का दिया था निर्देश**

दीवानी कचहरी के अधिवक्ता और कजाकपुर निवासी जगदीश नारायण शुक्ल की बेटी की मृत्यु के बाद बार एसोसिएशन सिविल कोर्ट के पदाधिकारी जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश से मिले थे। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी को कठघरे में खड़ा किया था। जिलाधिकारी ने बीएसए को जांच कर कार्रवाई का निर्देश दिया था।

# चाकू के साथ युवक गिरफ्तार

**जासं, भटहट** : जंगल डुमरी नंबर-एक के फैलहवा घाट पर सोमवार की रात 11:30 बजे पुलिस की वाहन जांच के दौरान एक युवक चाकू के साथ पकड़ा गया। पूछताछ में उसने अपना नाम केवटहिया टोला निवासी राहुल निषाद पुत्र निरंजन निषाद बताया। थाना प्रभारी गुलरिहा मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि चाकू के साथ गिरफ्तार युवक पर आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

# मारपीट के मामले में जानलेवा हमले का मुकदमा दर्ज

**पिपराइच :** कंचनपुर पतरका टोला में सोमवार की शाम हुई मारपीट के मामले में थाना पुलिस ने मंगलवार को पिंटू निषाद की बहू शशिकला की तहरीर पर शमशेर पुत्र अहमद पर जानलेवा हमले का मुकदमा दर्ज किया है। तहरीर में बताया गया था कि शमशेर ने पुरानी रंजिश में लाठी-डंडे से पीटकर घायल कर दिया। उनका इलाज मेडिकल कालेज में चल रहा है।

## गैंगस्टर का आरोपी गिरफ्तार

गोरखपुर। रामगढ़ताल पुलिस ने गैंगस्टर के आरोपी शनि चौहान को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। वह गोरखनाथ क्षेत्र के मिर्जापुर पचपेड़वा का निवासी है। प्रभारी निरीक्षक सुधीर सिंह ने बताया कि आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से जेल भेजा गया। उस पर रामगढ़ताल के अलावा चिलुआताल में भी केस दर्ज है। संवाद

## जालसाजी का आरोपी दबोचा

गोरखपुर। चिलुआताल पुलिस ने कूटरचित दस्तावेज तैयार कर जालसाजी करने के आरोपी सागर चौहान को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। वह बेनी माधव मोहरीपुर का रहने वाला है। उसके खिलाफ जालसाजी, आपराधिक साजिश व धमकी देने की धाराओं में केस दर्ज है। संवाद

## चाकू के साथ युवक पकड़ा गया

गुलरिहा। इलाके के जंगल डुमरी नंबर एक के फैलहवा घाट पर सोमवार रात चेकिंग के दौरान एक युवक को पुलिस ने चाकू के साथ गिरफ्तार कर लिया। उसकी पहचान केवटहिया टोला निवासी राहुल निषाद के रूप में हुई। सोमवार रात 11:30 बजे उपनिरीक्षक अश्वनी कुमार चौबे, हेड कांस्टेबल हरेंद्र सिंह के साथ वाहन चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान संदिग्ध युवक आता दिखा। पुलिस ने रोकने का प्रयास किया तो भागने लगा। दौड़ाकर पकड़ा गया और तलाशी के दौरान चाकू बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया। संवाद

# सात पशु तस्करों पर गैंगस्टर का केस दर्ज

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। पशु तस्करी में संलिप्त सात बदमाशों पर मंगलवार को चिलुआताल पुलिस ने गैंगस्टर का केस दर्ज कर लिया। डीएम से अनुमति मिलने के बाद पुलिस ने कार्रवाई की है।

आरोपियों पर पहले से कई केस दर्ज हैं। छह आरोपी कुशीनगर जिले के निवासी हैं। इसमें से कई जमानत पर बाहर भी आ गए हैं, जिनकी एक बार फिर से तलाश शुरू कर दी गई है।

जानकारी के मुताबिक, पशु तस्करों पर गैंगस्टर की कार्रवाई के लिए पुलिस ने रिपोर्ट तैयार कर भेजी थी। रिपोर्ट के आधार पर डीएम ने अनुमति दी, जिसके बाद पुलिस ने केस दर्ज कर लिया।

प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार सरोज ने तहरीर में लिखा है कि आरोपी पेशेवर पशु तस्कर हैं और इनका समाज में आतंक है।

इनके डर की वजह से जल्दी कोई गवाही भी देने को तैयार नहीं होता है।

### डीएम की अनुमति के बाद चिलुआताल पुलिस ने की कार्रवाई

## इनके खिलाफ दर्ज हुआ केस

कुशीनगर के तरया सुजान थाना क्षेत्र के सोहसा पट्टी निवासी जफरुद्दीन, तरया सुजान के भुलिया अगरवां निवासी नूर मोहम्मद, कुबेर स्थान थाना क्षेत्र के सेमरा हरदो निवासी तौसीफ, तरया सुजान के कोइन्दी पट्टी गांव निवासी इमाम हुसैन, यहीं के शेरू हुसैन, कुशीनगर के पटहेरवा थाना क्षेत्र के कनक पिपरा निवासी इमामुल हक व गुलरिहा थाना क्षेत्र के हरसेवकपुर नंबर दो निवासी अनूप यादव पर केस दर्ज किया गया। इसमें जफरुद्दीन गिरोह का सरगना है।

# चौरीचौरा में दो पशु चोर गिरफ्तार

चौरीचौरा। देवीपुर गांव से सोमवार रात चोरी करते दो पशु को पुलिस ने बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। धर्मेंद्र ने अपना पशु चोरी होने का मुकदमा दर्ज कराया था। चोरों की पहचान झंगहा थाना क्षेत्र के भिसवा निवासी अलाउद्दीन व खोराबार थाना क्षेत्र के सूबा बाजार निवासी चुन्नू मौर्या के रूप में हुई। संवाद

# तीन पर दर्ज हत्या का केस निराधार मिला

## कोर्ट के आदेश पर दर्ज था केस, जांच के आधार पर पिपराइच पुलिस ने फाइनल रिपोर्ट लगा दी

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** पिपराइच इलाके में स्थित विकास भारती विद्यालय परिसर में प्रशासनिक अधिकारी नितिन द्विवेदी की पत्नी अर्चना की मौत के मामले में दर्ज हत्या का केस निराधार मिला। विवेचना में साक्ष्यों और तथ्यों के आधार पर पुलिस ने केस को खारिज करते हुए फाइनल रिपोर्ट (एफआर) लगा दी।

जानकारी के मुताबिक, कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने विकास भारती के प्रधानाचार्य एके पांडेय, प्रशासनिक अधिकारी नितिन द्विवेदी सहित तीन लोगों पर हत्या का केस दर्ज किया गया था। आरोप था कि विद्यालय परिसर में प्रशासनिक अधिकारी नितिन द्विवेदी की पत्नी अर्चना द्विवेदी की दस नवंबर 2021 को हत्या की गई थी और उसे खुदकुशी दर्शाया गया था। उद्योगपति और विद्यालय प्रबंध समिति के संस्थापक सदस्य ओमप्रकाश जालान ने केस दर्ज कराने के लिए कोर्ट में अर्जी दी थी। कोर्ट ने केस दर्ज कर विवेचना का आदेश दिया था। इसी आधार पर पुलिस ने 22 सितंबर 2022 को केस दर्ज कर जांच की और फिर फाइनल रिपोर्ट लगा दी।

### यह हुआ था

**अर्चना** द्विवेदी की परिसर में संदिग्ध हाल में मौत हो गई थी। इस मामले में ओमप्रकाश जालान ने दिए प्रार्थनापत्र में लिखा था कि आरोपियों के व्यवहार की वजह से विद्यालय परिसर का माहौल खराब हो चुका है। इन लोगों ने जालसाजी कर धन अर्जित किया है। सभी ने मिलकर अर्चना की हत्या कर दी और उसे आत्महत्या का रूप दे दिया। महिला परेशान होकर अक्सर ही पति से झगड़ा करती थी। घटना की सूचना देने के बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इसके अलावा उनका आरोप था कि कई बार पत्र लिखकर प्रबंध समिति से विरोध जताया गया, लेकिन विद्यालय का वातावरण शुद्ध करने की जगह उसे और बिगाड़ दिया गया।

### विकास भारती के प्रशासनिक अधिकारी नितिन द्विवेदी की पत्नी की मौत का मामला

कोर्ट के आदेश पर हत्या की धारा में मुकदमा दर्ज किया गया था। विवेचना के बाद आरोप में सच्चाई सामने नहीं आई। हत्या से जुड़ा किसी तरह का साक्ष्य न मिलने पर पुलिस ने एफआर लगा दी है। – **मनोज अवस्थी,** एसपी नार्थ

# बर्तन व्यापारी की हत्या में शामिल दो और गिरफ्तार

अमर उजाला ब्यूरो

**पांच आरोपियों को पहले ही जेल भिजवा चुकी है पुलिस, अन्य की तलाश**

खोराबार (गोरखपुर)। इलाके के डांगीपार में बर्तन व्यापारी विक्की वर्मा की हत्या में शामिल दो अन्य आरोपियों को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। पांच आरोपियों को पहले ही पुलिस जेल भिजवा चुकी है। तीन अन्य की तलाश में पुलिस जुटी है।

पकड़े गए आरोपियों की पहचान लहसड़ी के खैरा टोला निवासी अंशु निषाद व माखन निषाद के रूप में हुई। पुलिस के मुताबिक, बेलीपार के महावीर छपरा के मूल निवासी राज किशोर वर्मा परिवार के साथ डांगीपार में रहते हैं। इनका बर्तन का कारोबार है। डांगीपार में लक्ष्मी प्रतिमा स्थापित की गई थी। 26 अक्तूबर को गाजे-बाजे के साथ लोग प्रतिमा विसर्जन के लिए राप्ती नदी की तरफ जा रहे थे। विक्की बंधे की तरफ टहलने गया था।

इसी दौरान प्रतिमा विसर्जन में जा रहे कुछ युवकों से किसी बात पर विक्की का विवाद हो गया और चाकू से गोद कर उसकी हत्या कर दी गई। पुलिस ने विक्की के पिता की तहरीर पर केस दर्ज किया था।

# मैरिज हाल में आपत्तिजनक हालत में पकड़े गए चार युगल

अमर उजाला ब्यूरो

## खोराबार इलाके की घटना, पूछताछ के बाद पुलिस ने युवतियों को छोड़ा

**कुसम्ही/खोराबार।** कुसम्ही स्थित एक मैरिज हाल से मंगलवार दोपहर खोराबार पुलिस ने चार युगल को आपत्तिजनक हालत में पकड़ा। सभी को थाने लाकर पूछताछ की गई। जांच में सामने आया कि युगल एक-दूसरे के परिचित हैं। इसके बाद युवतियों के परिजनों को बुलाकर सुपुर्द कर दिया गया। युवकों से पूछताछ जारी है।

जानकारी के मुताबिक, पुलिस को कुसम्ही के एक मैरिज हाल में अनैतिक कार्य होने की सूचना मिली थी। मंगलवार को बाइक से युवक और युवती पहुंचे थे। अधिकारियों के निर्देश पर सीओ कोतवाली रत्नेश्वर सिंह स्थानीय थाने की फोर्स लेकर मौके पर पहुंचे। कमरे की तलाशी लेने पर चार युगल मिले। इनका नाम, रजिस्टर में दर्ज था।

पूछताछ करने के बाद पता चला कि आपस में मित्र हैं। सभी को खोराबार थाने लाया गया। थाने पहुंचे माता-पिता के साथ युवतियों को घर भेज दिया गया। करीब 10 दिन पहले भी खोराबार थाना पुलिस ने मैरिज हाल में पहुंची थी।

# मैरिज हाल में चोरी करने वाली दो संदिग्ध महिलाओं के फोटो जारी

## फोन नंबर 9454403517 व 8707020306 पर दें संदिग्धों की सूचना

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** शादी समारोह के दौरान 15 नवंबर को शिप्रा लॉन में चोरी करने वाली दो संदिग्ध महिलाओं के फोटो पुलिस ने जारी कर दिया है। इनके बारे में जानकारी देने वालों के नाम गोपनीय रखे जाएंगे। पुलिस आम लोगों की मदद से अब इन्हें पकड़ने की कोशिश कर रही है।

जानकारी के मुताबिक, कोतवाली इलाके के शिप्रा लॉन में लड़के पक्ष के जेवर से भरे बैग चोरी हो गए थे। घटना से सनसनी फैल गई थी। इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया है। पुलिस सीसी टीवी फुटेज की मदद से जांच में जुटी है।




इन्हीं महिलाओं ने जेवरात से भरे बैग चुराए थे। संवाद

**सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम और पता गोपनीय रखा जाएगा**

पुलिस ने अपील की है कि संदिग्ध महिलाओं की पहचान होने पर सूचना कोतवाली के मोबाइल नंबर 9454403517 या 8707020306 पर दें सकते हैं। सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम और पता गोपनीय रखा जाएगा।

## बलवा के आरोपी के घर कुर्की का नोटिस

**खोराबार।** मारपीट कर लूटपाट के फरार आरोपी टेलनापार निवासी अमरनाथ उर्फ नाथे के घर मंगलवार को पुलिस ने कुर्की का नोटिस चस्पा किया। संवाद

# अपेक्स एकेडमी के प्रबंधक पर जालसाजी का मुकदमा

## बीएसए के आदेश पर बीईओ ने रामगढ़ताल थाने में दर्ज कराया केस

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। अपेक्स एकेडमी के प्रबंधक पर रामगढ़ताल थाने में जालसाजी व आपराधिक साजिश की धारा में मंगलवार को केस दर्ज कर लिया गया। बीएसए के आदेश पर खंड शिक्षा अधिकारी की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की है।

आरोप है कि विद्यालय ने मदरसा बोर्ड से एक से पांचवीं तक की मान्यता ली थी, लेकिन वह भी 17 जून 2020 को समाप्त हो गई थी। इसके बाद भी प्रबंधक ने आर्थिक फायदे के लिए विभाग को गुमराह कर विद्यालय चलाया। वकीलों के आदेश पर डीएम ने कार्रवाई का निर्देश दिया।

### मदरसा बोर्ड से थी मान्यता, वह भी हो गई थी खत्म, इसी स्कूल में हुई थी बच्ची की मौत

जानकारी के मुताबिक, 19 अक्तूबर को अपेक्स एकेडमी के परिसर में भरे पानी में डूबने से तीन वर्षीय दृष्टि शुक्ला की मौत हो गई थी। पुलिस ने इस मामले में प्रबंधक व कर्मचारियों पर गैर इरादतन हत्या की धारा में केस दर्ज कर लिया था।

मामला संज्ञान में आने के बाद बीएसए ने भी स्कूल के मान्यता की जांच का आदेश जारी कर दिया था। शिक्षा विभाग की जांच में सामने आया कि विद्यालय ने एक से पांचवीं तक मदरसा बोर्ड से मान्यता ली थी, जो समाप्त हो चुकी है।

आरोप है कि प्रबंधक ने कक्षाओं का संचालन लोगों को धोखों में रखकर उसके वास्तविक स्वरूप को छिपाते हुए आर्थिक लाभ के लिए साजिशन किया। प्रभारी निरीक्षक सुधीर सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# त्रिनेत्र में रुचि न लेने पर दो बीपीओ लाइनहाजिर

## मोहल्ले में खुद पहुंचे एडीजी अखिल कुमार, कैमरा लगवाने वालों को प्रोत्साहित किया

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत सीसी टीवी कैमरा लगवाने में रुचि न दिखाने पर दो बीपीओ (बीट पुलिस अधिकारी) ओमकार यादव व भीम पटेल को मंगलवार को लाइनहाजिर कर दिया गया।

एडीजी अखिल कुमार खुद गोरखनाथ इलाके के मोहल्लों में सोमवार रात निरीक्षण करने पहुंचे थे। इस दौरान थानेदार, हल्का दरोगा की स्थिति भी संतोषजनक नहीं मिली। दोनों को चेतावनी दी गई है। वहीं, एडीजी ने कैमरा लगवाने वालों को प्रोत्साहित भी किया। व्यापारी व स्थानीय लोगों से बात कर दुकान व आवास में सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरा लगवाने की अपील भी की।

जानकारी के मुताबिक, जिले में शहर से लेकर देहात तक 176 से



सीसीटीवी कैमरे के बारे में जानकारी देते एडीजी जोन अखिल कुमार। संवाद

अधिक जगहों पर सीसी टीवी कैमरे लगवाने के बाद हर घर कैमरा अभियान की शुरुआत की गई। एडीजी अखिल कुमार ने इसके लिए पुलिस वालों को निर्देशित किया है कि वह अपने-अपने इलाके में जाकर लोगों को प्रेरित करें। लेकिन, गोरखनाथ इलाके में जब एडीजी पहुंचे तो वहां पर बीपीओ कभी लोगों से मिले ही नहीं थे।

### गोरखनाथ थानेदार व हल्का दरोगा को दी गई चेतावनी

इतना ही नहीं एडीजी के जाने के बाद भी वह नहीं आए। इसके बाद उनके निर्देश पर एसएसपी ने कार्रवाई की। दरअसल, सोमवार की रात एडीजी जोन अखिल कुमार, एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई के साथ गोरखनाथ क्षेत्र के जाहिदाबाद, नौरंगाबाद, हुमायूंपुर उत्तरी, जमुनहिया, चक्सा हुसैन, हड़हवा फाटक व कसाई टोला में पैदल गश्त किया।

दुकानदारों के साथ ही स्थानीय लोगों को आपरेशन त्रिनेत्र की जानकारी देते हुए सुरक्षा की दृष्टि से सीसी कैमरे लगवाने की अपील की। बातचीत में पता चला कि 40 फीसदी लोगों के घर सीसी कैमरा लगा है।

# 10 थानेदार बदले, तीन से थानेदारी छीनी

## एसएसपी ने तीन दरोगा को थानेदारी सौंपी, इंस्पेक्टर फिर निराश

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। दस थानों के थानेदारों को इधर से उधर कर दिया गया। वहीं, तीन से थानेदारी छीन ली गई। एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने सोमवार देर रात आदेश जारी कर दिया। तीन दरोगाओं पर भरोसा जताते हुए उन्हें थानेदारी सौंपी गई है। हालांकि, इस तबादले के बाद महकमे में तरह-तरह की चर्चाएं हैं। लंबे समय से इंतजार में बैठे इंस्पेक्टर रैंक के लोगों को फिर निराशा हाथ लगी।

एसएसपी कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक, प्रभारी निरीक्षक शाहपुर रणधीर मिश्रा को कोतवाली थाने की नई जिम्मेदारी दी गई। यहां पर रहे प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार मौर्या के खिलाफ लगातार मिल रही शिकायतों के बाद उन्हें लोक शिकायत प्रकोष्ठ से संबद्ध कर दिया गया।

### प्रभारी निरीक्षक शाहपुर रणधीर मिश्रा को कोतवाली थाने की जिम्मेदरी

बड़हलगंज प्रभारी निरीक्षक मधूप मिश्रा को शाहपुर थाना, बेलीपार प्रभारी निरीक्षक संदीप यादव को बांसगांव थाने पर भेजा गया है। वहीं, अब तक बांसगांव थाने के प्रभारी निरीक्षक रहे सत्यप्रकाश सिंह को अपराध शाखा भेजा गया। इसके अलावा प्रभारी निरीक्षक गोला जय नारायण शुक्ला को बड़हलगंज की थानेदारी सौंपी गई।

इसी प्रकार प्रभारी निरीक्षक खजनी रहे इकरार अहमद को बेलीपार थाने की कमान सौंपी गई है। जबकि, प्रभारी निरीक्षक पीपीगंज रहे शिव शंकर चौबे को एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग सेल भेजा गया। प्रभारी सेल सर्विलांस के सब इंस्पेक्टर राजेंद्र सिंह को राजघाट थाने की कमान सौंपी गई है।

साथ ही राजघाट थानाध्यक्ष रहे संजय मिश्रा को खजनी का नया थानाध्यक्ष बनाया गया है। एसएसआई बड़हलगंज अश्वनी तिवारी को गोला तो सिकरीगंज के थानेदार दीपक सिंह को पीपीगंज और पिपराइच थाने के एसएसआई राजकुमार सिंह को सिकरीगंज थाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 23-11-2022

रा० सहारा दि० 23/11/22

# नीरज के गायब होने के 20 दिन बाद पुलिस ने दर्ज किया केस

बरहज। भलुअनी थाना क्षेत्र के विलासपुर निवासी नीरज तिवारी पुत्र दिनेश्वर तिवारी 2 नवम्बर की रात करीब 10:30 बजे किसी से मिलने के लिए घर से निकला लेकिन जब वह देर रात घर नही पहुंचा तो परिजन काफी खोजबीन किए। परिजनों ने अगले दिन पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की लेकिन पुलिस ने 7 नवम्बर को एनसीआर दर्ज करते हुए सर्विलांस की मदद से युवक का लोकेशन ट्रेस किया तो बरहज थाना क्षेत्र के ग्राम तिलौली के एक घर के समीप का मिला। युवक को लापता होने के 20 दिनों बाद 20 नवम्बर को पुलिस ने मुकद्मा अपराध संख्या 166/22 धारा 364 आईपीसी के तहत मुकद्मा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष बृजेश मिश्र ने बताया कि युवक के गायब होने का मुकद्मा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस अधीक्षक स्वयं इस मामले की मानीटरिंग कर रहे है। एसओजी व सर्विलांस टीम के अलावा बरहज/भलुअनी पुलिस लगातार इस घटना पर नजर बनाये हुए है। मामले की विवेचना कर रहे एसआई नितिन यादव ने बताया कि बहुत जल्द मामले का पर्दाफाश कर दिया जायेगा।

राष्ट्रीय सहारा दि. 23/11/22

# 25 हजार का इनामी अभियुक्त गिरफ्तार



**सलेमपुर (देवरिया)**। कोतवाली पुलिस ने मंगलवार को 25 हजार के इनामियां अभियुक्त को उस समय गिरफ्तार कर लिया जब वह फरार होने की फिराक में था। इस संबंध में पुलिस एवम समाचार.सूत्रों द्वारा मिली सूचना के अनुसार मुखबिर ने पुलिस को बताया की संजय पनवाल नाम का अपराधी कहीं फरार होने की तैयारी कर रहा है। सूचना पाकर प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र सिंह, उप निरीक्षक अखिलेश कुमार यादव, कांस्टेबल गणेश कनौजिया, कांस्टेबल आशुतोष भारती, कांस्टेबल राकेश गोस्वामी व कांस्टेबल हरिप्रसाद यादव को लेकर पहुंचे कि पुलिस को देखते ही अभियुक्त फरार होने की कोशिश करता हुआ गिरफ्तार कर लिया गया। इसके ऊपर लार थानें में मुकदमा अपराध संख्या 51ध्2020 धारा 60ध्63 आबकारी अधिनियम व गौरीबाज़ार थाने में अपराध संख्या 59ध्2020 आबकारी अधिनियम व 420ध्467ध्468ध्471 आई पी सी के तहत मुकदमें दर्ज थे। गिरफ्तार किया गया अभियुक्त संजय पनवाल पुत्र दयानन्द हरियाणा के सोनीपत के खुर्द थाना खरखौदा का रहने वाला है। सलेमपुर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# मिले शव का हुआ शिनाख्त

रुद्रपुर (एसएनबी)। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के ग्राम दीनापार स्थित बागीचे में पुआल पर सोये अधेड़ व्यक्ति का शव सोमवार को ग्रामीणों ने देखा था। जिसकी सूचना रुद्रपुर कोतवाली पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे कोतवाल उपेन्द्र कुमार मिश्र ने शव की शिनाख्त सोशल मीडिया के जरिये करायी। मृतक की पहचान युनुस पुत्र खलील निवासी नगवा खास थाना एकौना जनपद देवरिया के रूप में हुई। बताया जाता है कि मृतक गांव-गांव घूमकर बैग का चैन व गोट्टी लगाने का कार्य करता था।

हिन्दुस्तान दि. 23/11/22

# किशोरी के साथ रेप करने वाले युवक पर केस दर्ज

- तरकुलवा थाना क्षेत्र के नारायणपुर का रहने वाला है आरोपी
- घटना की शिकायत करने पर वीडियो वायरल करने की दे रहा था धमकी

देवरिया, निज संवाददाता। युवक ने किशोरी को धमका कर रेप किया। रेप का वीडियो बनाकर उसका शोषण करने लगा। परिजन शिकायत करने पर वीडियो वायरल करने की धमकी दे रहा था। पीड़िता की मां की तहरीर पर सदर कोतवाली पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रेप और पाक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

बघौचघाट थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला अपने परिवार के सदस्यों के साथ सदर कोतवाली के एक मोहल्ले में रहती है। उसने सदर कोतवाली पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाई है कि कुछ माह पूर्व तरकुलवा थाना क्षेत्र के नारायणपुर गांव का रहने वाला इरफान पुत्र अनवर ने उसकी नाबालिग बेटी के साथ धमका कर रेप किया। उसने बेटी का अश्लील वीडियो बना लिया। युवक अश्लील वीडियो के बल पर शोषण करने लगा। किशोरी ने इसके बारे में अपनी मां से बताई। मां ने युवक से मामले में पूछा तो वह धमकी देने लगा। पीड़िता की मां ने घटना की तहरीर सदर कोतवाली पुलिस को दी। पुलिस ने मामले में आरोपी इरफान पुत्र अनवर के विरुद्ध धारा 376, 506 आईपीसी और पाक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

हिन्दुस्तान दि. 23/11/22

# सात पर बलवा, हत्या के प्रयास का केस

**कार्रवाई 1**

देवरिया, निज संवाददाता। भूमि विवाद को लेकर पिछले दिनों मारपीट के मामले में सदर कोतवाली पुलिस ने सात लोगों के विरुद्ध बलवा, मारपीट और हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस ने तीन दिनों पूर्व ही एक पक्ष का मुकदमा दर्ज किया है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के बरवा गोरस्थान गांव के रहने वाली गुड्डी देवी पत्नी छठ्ठू प्रसाद का भूमि विवाद गांव के ही दिवाकर सिंह से चलता है। पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में उन्होंने आरोप लगाया है कि 16 नवम्बर की शाम को गांव के कुछ लोग गोलगंद होकर मुझे और मेरे बेटे को मारने पीटने लगे। हम लोग जान बचाने के लिए अंदर गए तो हमलावर घर में घुस कर तोड़ फोड़ किए। बेटे के ऊपर प्राणघातक हमला किए। जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया। आस पास के लोगों ने घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

पीड़िता की तहरीर पर सदर कोतवाली पुलिस ने दिवाकर सिंह पुत्र रामचन्दर सिंह, हृदया सिंह पुत्र रामदरश सिंह, निखिल सिंह, नितिन सिंह पुत्रगण हृदया सिंह, गोपाल सिंह पुत्र सत्येन्द्र सिंह, अभिनव सिंह पुत्र बृजेश सिंह, अभिषेक सिंह पुत्र रणजीत सिंह निवासी बरवा गो स्थान सदर कोतवाली के विरुद्ध धारा 147, 323, 307, 427,452, 504 और 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# 2 एक नामजद समेत 11 लोगों के विरुद्ध मुकदमा

देवरिया, निज संवाददाता। रुपये मांगने पर मनबढ़ों ने घर में घुस कर मारपीट और महिला के साथ छेड़खानी किया था। सदर कोतवाली पुलिस ने मामले में एक नामजद समेत 11 के विरुद्ध बलवा, मारपीट, तोड़ फोड़ और छेड़खानी का केस दर्ज किया है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले की रहने वाली एक महिला ने सदर कोतवाली पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाई है कि मेरे पति से रामगुलाम टोला के रहने वाला अंगेश तिवारी पुत्र वृजकिशोर तिवारी ने पैसा लिया है। रुपये का तगादा पति ने किया तो अंकेश तिवारी को नागवार लगा। अंकेश तिवारी 3 नवम्बर को अपने 10 लोगों के साथ उनके घर पर पहुंचा। जहां वह महिला के पति के साथ मारपीट करने लगा। वह घर में छिपने के लिए गए तो हमलावरों ने घर में घुस कर मारपीट और तोड़ फोड़ किया। पति को बचाने महिला आई तो हमलवरो ने उसके साथ छेड़खानी किया। पीड़िता की तहरीर पर सदर कोतवाली पुलिस ने अंगेश तिवारी तिवारी रामगुलाम टोला सदर कोतवाली और दस अज्ञात के विरुद्ध धारा 147, 323, 504, 506, 354 और 452 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

हिन्दुस्तान दि० 23/11/22

# 25 हजार का इनामिया गैंगस्टर गिरफ्तार, जेल

## कामयाबी

सलेमपुर, हिन्दुस्तान संवाद। लार व गौरीबाजार थाना में गैंगेस्टर, धोखाधड़ी एवं शराब तश्करी के में दर्ज केस के मामलों में फरार चल रहे एक इनामिया गैंगेस्टर को कोतवाल समेत कोतवाली पुलिस की टीम ने बिगही ढ़ाबा से मंगलवार की सुबह गिरफ्तार कर लिया।

लार थाना में गैंगेस्टर संजय पनवाल पुत्र दयानन्द निवासी थाना खुर्द खरखौदा जिला सोनीपत हरियाणा काफी दिनों से वांछित था। संजय पनवाल पर जनपद देवरिया से पच्चीस हजार रुपये का इनाम घोषित था। मंगलवार को प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र सिंह मय टीम अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु क्षेत्र में भ्रमणशील थे कि मुखबीर की सूचना पर बिगही ढाबे के पास अभियुक्त संजय पनवाल पुत्र दयानन्द निवासी थाना खुर्द थाना

खरखौदा जिला सोनीपत हरियाणा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम ने विधिक कार्रवाई करते हुए उसे जेल भेज दिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र सिंह, उप निरीक्षक अखिलेश कुमार यादव, कांस्टेबल गणेश कनौजिया, कांस्टेबल आशुतोष भारती, कांस्टेबल राकेश गोस्वामी व कांस्टेबल हरिप्रसाद यादव शामिल रहे।

हिन्दुस्तान दि० 23/11/22

# रुपये लेने के बाद जमीन का बैनामा न करने वाले पर केस

देवरिया, निज संवाददाता। 42 लाख रुपये लेने के बाद भी भूमि का बैनामा नहीं करने वाले पति पत्नी के विरुद्ध सदर कोतवाली पुलिस ने धोखाधड़ी और गबन का केस दर्ज किया है। पति पत्नी ने व्यक्ति से भूमि बेचने के लिए 95 लाख रुपये में सौदा तय किया था। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र के पिपराईच गांव के रहने वाले रामप्रकाश पाण्डेय उर्फ संजय पाण्डेयपुत्र स्व. दयाशंकर पाण्डेय ने सदर कोतवाली पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में लिखा है कि सलेमपुर कोतवाली क्षेत्र के पड़री झिल्ली पार गांव के रहने वाले तरुण कुमार सिंह उर्फ तरुन सिंह पुत्र स्व.

**42 लाख रुपये लेने के बाद नहीं किया बैनामा**

- कोतवाली क्षेत्र के भीमपुर के रहने वाले हैं दंपति

ब्रम्हा सिंह परिवार के साथ भीमपुर चौराहा पर मकान बनवाकर रहते है। उन्होंने एक भूमि को बेचने के लिए 95 लाख रुपये में तय किया। जिसमें से अलग अलग तिथियों को 42.49 लाख रुपये दे दिया। रुपये लेने के बाद तरुण सिंह बैनामा करने के लिए समय देने लगा। काफी समय देने के बाद भी भूमि वैनामा नहीं होने पर पीड़ित ने अपना रुपया मांगने लगे।

हिन्दुस्तान दि. 23/11/22

# तीन नामजद समेत 23 पर मुकदमा

देवरिया। मेडिकल स्टोर की दुकान पर एक युवक को कुछ लोगों ने पीट दिया था। मामले में कोतवाली पुलिस ने तीन नामजद समेत 23 लोगों के विरुद्ध लूट और मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के गोरखपुर रोड के रहने वाले पुष्पकर मणि त्रिपाठी पुत्र महेश मणि त्रिपाठी ने सदर कोतवाली पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाते हुए तहरीर दिया था।

हिन्दुस्तान 23/11/22

# वांछित गिरफ्तार

मझौलीराज। एसपी के निर्देश पर कोतवाल जितेन्द्र सिंह व मझौलीराज के चौकी प्रभारी राकेश कुमार पाण्डेय मंगलवार को क्षेत्र भ्रमण कर थे।

भ्रमण के दौरान वांछित चल रहे मझौलीराज के वार्ड नं दो निवासी सलाहुद्दीन पुत्र किताबुद्दीन को मझौलीराज चौराहे से गिरफ्तार कर लिया।

दैनिक जागरण दि. 23/11/17

# डेंगू के मिले 13 संभावित रोगी, सिपाही रेफर

## जिले में लगातार बढ़ रहा डेंगू का प्रकोप, हर रोज बढ़ रही डेंगू रोगियों की संख्या, स्वास्थ्य विभाग परेशान

जागरण संवाददाता, देवरिया: जिले में डेंगू का प्रकोप कम नहीं हो रहा है। रोगियों की संख्या हर रोज बढ़ रही है। स्वास्थ्य विभाग के लाख प्रयास करने के बाद भी डेंगू की रफ्तार को रोका नहीं जा सका है। मंगलवार को डेंगू की कुल 49 जांचें की गई। जिसमें डेंगू के 13 संभावित रोगी मिले। बघौचघाट थाना में तैनात एक सिपाही को गंभीरावस्था में मेडिकल कालेज के डेंगू वार्ड में भर्ती कराया गया। जिसकी हालत में सुधार नहीं होने पर उसे बीआरडी मेडिकल कालेज गोरखपुर रेफर कर दिया गया।

उधर जांच रिपोर्ट के आधार पर संभावित रोगियों के बारे में जानकारी लेकर मलेरिया विभाग की टीम गांवों में बचाव कार्य में जुट गई है। जहां भी डेंगू के लक्षण वाले संभावित रोगी मिल रहे हैं वहां टीम एंटी लार्वा का छिड़काव व जांच करने के साथ ही बुखार आदि की दवा वितरित कर रही है। डेंगू की रफ्तार को रोकने के लिए सीएमओ ने सभी सीएचसी व पीएचसी के प्रभारी चिकित्साधिकारियों को निर्देश दिए हैं लेकिन सच्चाई यह है कि इन स्वास्थ्य केंद्रों पर डेंगू की जांच नहीं की जा रही है। उधर लोग महानगरों से बुखार से पीड़ित होकर आ रहे हैं और यहां जांच कराने पर डेंगू पाजिटिव निकल रहे हैं। इसके अलावा प्राईवेट पैथालाजी में जांच कराने के बाद पाजिटिव आने के बाद अधिकांश रोगी घर पर आराम कर रहे हैं। सीएमओ डा. राजेश झा ने बताया कि डेंगू के आज 13 संभावित रोगी मिले हैं। सभी रोगियों के घर व गांवों, कस्बों में डेंगू से बचाव कार्य में एंटी लार्वा का छिड़काव आदि कार्य कराया जा रहा है। डेंगू के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

## वार्ड में दुर्गंध के बीच भर्ती हो रहे रोगी, संक्रमण का बढ़ा खतरा

- अस्पताल परिसर में ही वार्डों की दीवाल के किनारे जमा गंदा पानी
- मेडिकल कालेज के रोगी जिला अस्पताल के वार्डों में ही रहे भर्ती

जासं, देवरिया: महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कालेज के वार्डों में रोगियों को दुर्गंध के बीच भर्ती किया जा रहा है। कारण अस्पताल से निकलने वाला शौचालय, मूत्रालय का गंदा पानी बाहर नहीं निकल पा रहा है। जिससे संकट बढ़ गया है। वार्ड से सटे दीवाल के पास यह गंदा पानी जमा है। रात में जहां मच्छर रोगियों को काट रहे हैं वहीं चौबीस घंटे दुर्गंध के बीच रोगियों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कालेज के रोगी जिला अस्पताल के वार्डों में ही भर्ती हो रहे हैं। चारों तरफ नये भवन बनने के कारण पुराना भवन व उसका सतह नीचे हो गया है। ऐसे में अस्पताल के वार्डों का गंदा पानी तकरीबन दो माह से बाहर नहीं निकल पा रहा है। नालियों से शौचालय व मूत्रालय का पानी बाहर मुख्य नाले में नहीं जा पा रहा है। यह पानी अस्पताल परिसर में ही वार्डों की दीवाल के किनारे गंदा पानी जमा हो रहा है। यहां पानी के बीच मच्छर जहां पनप रहे हैं वहीं गंदगी से रोगियों को हर पल संक्रमण का खतरा बना हुआ है। पुरुष मेडिकल वार्ड, महिला मेडिकल वार्ड, पुरुष सर्जिकल वार्ड, महिला सर्जिकल वार्ड, बर्न वार्ड में कई बार पानी नहीं बहने के कारण शौचालय व मूत्रालय भी चोक हो जा रहा है और शौचालय भी प्रयोग योग्य नहीं रह गया है। इस गंभीर समस्या की तरफ किसी का ध्यान नहीं जा रहा है। जबकि रोगी इसे लेकर परेशान हैं।



मेडिकल कालेज में पुरुष वार्ड के पीछे जाम नाली का गंदा पानी • जागरण

> जिन वार्डों में रोगियों को भर्ती किया जा रहा है वह भवन काफी पुराना है. जमीन का सतह नीचे होने के कारण नाली से पानी का बहाव नहीं हो पा रहा है। वैकल्पिक व्यवस्था कर पानी निकालने का प्रयास किया जा रहा है।
>
> डा. एचके मिश्र, प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कालेज

दैनिक जागरण दि. 23/11/22

# 25 हजार रुपये का इनामी शराब तस्कर गिरफ्तार

सलेमपुर : हरियाणा के सोनीपत के रहने वाले 25 हजार रुपये के इनामी शराब तस्कर को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया। पुलिस को लंबे समय से उसकी तलाश थी। हरियाणा के सोनीपत जनपद के खरखौदा क्षेत्र के खुर्द गांव का रहने वाला संजय पनवाल पुत्र दयानंद लार थाने का हिस्ट्रीशीटर है। उसके विरुद्ध शराब तस्करी के कई मुकदमे पंजीकृत हैं। उसके विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस उसे काफी दिनों से तलाश कर रही थी। एसपी ने 25 हजार रुपये का इनाम भी घोषित किया। मंगलवार को बिगही ढाबे पर वह किसी अपराध के साजिश में लगा था। मुखबिर ने प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र सिंह को उसके बारे में सूचना दी। पुलिस ने उसे बिगही गांव के समीप ढाबे से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। (जासं)

# सात के विरुद्ध हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज

देवरिया : सदर कोतवाली पुलिस ने सात के विरुद्ध हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया। यह कार्रवाई बरवा गोरस्थान के रहने वाली गुड्डी देवी पत्नी छट्टू यादव की तहरीर पर हुई है। उन्होंने तहरीर में आरोप लगाया है कि 16 नवंबर को रात करीब आठ बजे मेरे गांव के दिवाकर सिंह पुत्र रामचंदर सिंह, ह्रदया सिंह पुत्र रामदरश सिंह, निखिल सिंह व नितिन सिंह पुत्रगण ह्रदया सिंह, गोपाल सिंह पुत्र सत्येंद्र सिंह, अभिनव सिंह पुत्र बृजेश सिंह, अभिषेक सिंह पुत्र रणजीत सिंह गोल बनाकर मेरे दरवाजे पर आए। मेरे पुत्र शुभम को लाठी-डंडा व राड से मारने पीटने लगे। प्रभारी निरीक्षक कपिलदेव चौधरी ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है। (जासं)

दैनिक जागरण दि. 23/11/22

# तीन नामजद समेत 20 के विरुद्ध लूट का मुकदमा

जासं, देवरिया: मेडिकल स्टोर में घुसकर युवक की पिटाई कर पाकेट से रुपये निकालने के मामले में सदर कोतवाली पुलिस ने तीन नामजद समेत 20 के विरुद्ध लूट का मुकदमा दर्ज किया है। शहर के गोरखपुर रोड स्थित चतुर्वेदी मेडिकल स्टोर पर सोमवार की शाम को पुष्कर मणि त्रिपाठी बैठकर कुछ कार्य कर रहे थे। तभी 15 से 20 की संख्या में लोग मेडिकल स्टोर पर आए और विवाद करने लगे, जिसमें आरोपित विजय झा, सुनील झा व उमाकांत झा ने मारपीट कर पुष्कर मणि त्रिपाठी को घायल कर दिया। चश्मा तोड़ दिया। पाकेट में रखा 750 रुपये निकाल लिया। इसके बाद धमकी देकर चले गए। उनका इलाज महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कालेज में कराया गया। प्रभारी निरीक्षक कपिलदेव चौधरी ने बताया कि तीन आरोपितों समेत 20 के विरुद्ध लूट का मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपितों की तलाश की जा रही है।

दैनिक जागरण दि. 23/11/22

# पति समेत पांच पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

जासं, खुखुंदू, देवरिया: दहेज के लिए विवाहिता को घर से निकालने के मामले में पुलिस ने पति, सास, ससुर समेत पांच के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। खुखुंदू क्षेत्र के जुआफर गांव की लैबा खान पुत्री स्व. अजीमुल्लाह की शादी 13 मार्च को लखनऊ के गोमतीनगर के विजय खंड ड्रीम इंडिया स्कूल जूनियर प्राथमिक विद्यालय उजरियांव निवासी शारिक सिद्दीकी के साथ हुआ। आरोप है कि शादी में दान दहेज दिया गया। पति हमेशा मारते पीटता है व मानसिक रूप से प्रताड़ित करता है। सास शाहिन, ससुर मोहम्मद मुईद, ननद सलोनी, बबली भी मारते पीटते हैं। इसको लेकर कई बार पंचायत हुई। 11 नवंबर की सुबह करीब 10 बजे सभी ने पिटाई की। जानमाल की धमकी देते हुए गहना रख लिया व घर से निकाल दिया। ससुराल वालों ने कहा कि जब तक पांच लाख रुपये लेकर नहीं आओगी, तब तक नहीं रखेंगे। थानाध्यक्ष गोपाल राजभर ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है। विवेचना की जा रही है।

## आरोपित युवक गिरफ्तार

जासं, देवरिया: सदर कोतवाली पुलिस ने आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोपित युवक को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया।

नारायणपुर परसा बरवा के रहने वाले रामप्रवेश चौहान ने 14 सितंबर को आत्महत्या कर ली थी। उनके पुत्र राजकुमार चौहान की तहरीर पर पुलिस ने सौतेली मां अंजू देवी व उसके प्रेमी भीमपुर गांव के रामकुमार यादव पुत्र परमहंस यादव के विरुद्ध आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज था।

आरोप है कि सौतेली मां का संबंध राजकुमार यादव से पहले से था। 14 सितंबर को पिता की अनुपस्थिति में रामकुमार यादव घर पहुंच गया। सौतेली मां के साथ राजकुमार यादव बैठा था। जिसे रामप्रवेश ने देख लिया। दोनों को एक साथ देखकर रामप्रवेश ने विरोध जताया तो धक्का देकर दोनों फरार हो गए।

इस घटना से आहत रामप्रवेश उसी दिन ससुराल मुंडेरा लाला पहुंचे और सास को जानकारी दी। उन्होंने भगा दिया। घर आकर उसी दिन रामप्रवेश ने फांसी लगाकर जान दे दी थी। प्रभारी निरीक्षक कपिलदेव चौधरी ने बताया कि आरोपित को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।

अमर उजाला दि. 23/11/22

## 25 हजार का इनामी गैंगस्टर गिरफ्तार

सलेमपुर। कोतवाली पुलिस ने मंगलवार को बिगहीं ढाबे के पास एक इनामी गैंगस्टर को गिरफ्तार किया है। इसके ऊपर 25 हजार का इनाम था। पुलिस को सूचना मिली कि संजय पनवाल नाम का आरोपी कहीं फरार होने की तैयारी कर रहा है। सूचना पर कोतवाल जितेंद्र सिंह टीम के साथ बिगहीं पहुंचे। आरोपी को सुबह सात पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपी पर लार थाने में आबकारी अधिनियम, गैंगस्टर व गौरीबाजार थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमे दर्ज थे। गिरफ्तार संजय पनवाल हरियाणा के सोनीपत के खुर्द थाना खरखौदा का रहने वाला है। कोतवाल ने बताया कि लार व गौरी बाजार थाने का वांछित इनामी वांछित था। संवाद

## हमला करने के आरोप में सात पर केस

देवरिया। पांच दिन पूर्व घर पर जाकर हमला करने के एक मामले में पुलिस ने सोमवार की रात सात लोगों पर केस दर्ज किया है। पीड़िता ने तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई थी। सदर कोतवाली क्षेत्र के बरवा गोरस्थान निवासी गुड्डी देवी ने पुलिस को तहरीर दी है। लिखा है कि शाम को कुछ लोग घर पर आकर बिना किसी बात के गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर पुत्र शुभम की लाठी, डंडे से पिटाई कर दी, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। शोर सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने जान बचाई। मामले में पुलिस ने गांव के ही दिवाकर सिंह, हृदया सिंह, निखिल सिंह, नितिन सिंह, गोपाल सिंह, अभिनव सिंह और अभिषेक सिंह पर मारपीट व बलवा का केस दर्ज किया है। संवाद

अमर उजाला दि. 23/11/22

# बिहार ले जाई जा रही शराब बरामद

भागलपुर। मईल थाने की पुलिस ने भागलपुर पुलिस चौकी के पास मंगलवार सुबह पिकअप से अंग्रेजी शराब बरामद की है। शराब को बिहार ले जाया जा रहा था। इसकी कीमत करीब पचास हजार रुपये बताई जा रही है।

सूचना पर मईल के एसओ हमराही और चौकी के सिपाहियों के साथ मंगलवार भोर में भागलपुर चौकी पर जांच कर रहे थे। इस दौरान बलिया जिले की तरफ से एक वाहन आता दिखा।

पुलिस को देख वाहन को छोड़कर चालक फरार हो गया। पुलिस ने वाहन से अंग्रेजी शराब से बरामद की। एसओ संदीप कुमार सिंह ने बताया कि भागलपुर चौकी से चेकिंग के दौरान शराब बरामद की गई है। अज्ञात शराब तस्करों पर आबकारी एक्ट तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। संवाद

# KUSHINAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 23-11-2022

# विवाहिता की मौत मामले में पांच पर केस

**खड्डा, हिसं।** खड्डा थाना के ग्राम बसडीला में नवविवाहिता की संदिग्ध हाल में मौत होने के मामले में पुलिस ने मृतका की मां की तहरीर पर पति, सास, ससुर, देवर व जेठ सहित पांच पर संबंधित धारा में केस दर्जकर कार्रवाई में जुट गयी है।

ग्राम सिसवा गोपाल निवासी स्व. रामनरायन गोंड की पुत्री किरन उम्र 20 वर्ष की शादी थाना क्षेत्र के ही बसडीला निवासी खदेरू के पुत्र विकास उर्फ मोनू से हुई थी। बीते 20 फरवरी को मोनू का गौना हुआ। ससुराल आने के कुछ दिन बाद किसी बात को लेकर पति पत्नी के बीच झगड़ा होने पर पत्नी किरन अपनी मायके चली गयी। बीते शनिवार को मोनू ससुराल पहुंच किरन को घर लाया। रविवार की देर शाम गांव के समीप गुजरी रेलवे लाइन किरन का कटा शव मिला।

# शारीरिक शोषण का आरोपी गिरफ्तार

**पटहेरवा।** पटहेरवा थाने एक मुकदमे में लंबे समय से वांछित आरोपी को पुलिस ने फाजिलनगर बघौचघाट तिराहे से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। पटहेरवा निवासी अनिल कुमार के खिलाफ एक महिला ने शारीरिक शोषण तथा मारपीट करने का आरोप लगाते हुये मुकदमा दर्ज कराया था।

पुलिस ने उस घटना में बहुत पहले आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल कर दिया था लेकिन आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था। एसआई राकेश यादव ने टीम के साथ गिरफ्तार किया।

# रंगदारी के मामले में दो अभियुक्त गिरफ्तार

पडरौना। कसया थाने की पुलिस ने मंगलवार को रंगदारी सहित विभिन्न संगीन धाराओं में वांछित दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पकड़े गये अभियुक्तों के खिलाफ कसया थाने में 10 मुकदमें दर्ज हैं।

एसपी धवल जायसवाल के निर्देश पर जिले में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान में मुखबिर की सूचना पर रामकोला रोड पर पुलिया के पास से रंगदारी समेत विभिन्न मामलों में वांछित नितीश तिवारी उर्फ गोलू तिवारी निवासी कनखोरिया तिवारी गांव उर्फ गायत्रीपुरम थाना कसया एवं राहुल दूबे पुत्र स्व. सुनील दूबे निवासी भलुही मदारी पट्टी पडरौना रोड नई कालोनी थाना कसया को गिरफ्तार कर लिया।

# छेड़खानी के आरोपी पर मुकदमा दर्ज

खड्डा। खड्डा थाना क्षेत्र के एक गांव में एक सप्ताह पूर्व महिला के साथ हुए छेड़खानी के मामले में एसपी के निर्देश के बाद खड्डा पुलिस आरोपी व्यक्ति के विरुद्ध छेड़खानी सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई में जुट गयी।

# सुकरौली के चिकित्सक गायब पत्नी ने दर्ज कराया गुमशुदगी

**जासं, सुकरौली बाजार:** क्षेत्र स्थित सुकरौली देवतहा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डा.स्वप्निल श्रीवास्तव सोमवार की शाम को ड्यूटी कर घर जाते समय गोरखपुर के नंदानगर पुलिस चौकी के पास संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गए। रात में ही उनके स्वजन सीएचसी पहुंचे और स्वास्थ्यकर्मियों से बात की। पत्नी तरुण श्रीवास्तव ने गोरखपुर के कैंट थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई है।

डा.श्रीवास्तव कैंट क्षेत्र के दाउदपुर निवासी हैं। सोमवार को शाम चार बजे से सीएचसी से अपनी कार से वे गोरखपुर के लिए चले। स्वजन के अनुसार नंदानगर पहुंचने के बाद अपने चालक को उन्होंने यह कहकर कार से उतार दिया कि तुम घर चलो, हमको अभी किसी से मिलना है। कुछ देर बाद ही उनका मोबाइल स्विच आफ हो गया।

देर रात तक जब वे घर नही पहुंचे और उनके मोबाइल पर भी संपर्क नहीं हुआ तो पिता पीयूष श्रीवास्तव स्वजन संग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवतहा फिर सुकरौली स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। स्वास्थ्यकर्मियों से बात कर उनके बारे में जानकारी मांगी। पर कोई सुराग नहीं मिला।

देर रात कैंट थाने पहुंच पिता ने चिकित्सक के लापता होने की जानकारी दी। मंगलवार को भी स्वजन उनकी तलाश में सुकरौली देवतहां अस्पताल पहुंचे। खबर लिखे जाने तक चिकित्सक का मोबाइल बंद बता रहा था। उनकी कार का भी पता नहीं चल पाया था। कैंट पुलिस स्वजन के साथ संभावित जगहों पर लापता चिकित्सक की तलाश कर रही है।

# शारीरिक रूप से फिट रहने के लिए पुलिसकर्मियों ने लगाई दौड़

**जागरण संवाददाता, पडरौना:** अपर पुलिस अधीक्षक रितेश कुमार सिंह ने मंगलवार को पुलिस लाइन में आयोजित परेड की सलामी ली। मानसिक व शारीरिक रूप से फिट रहने के लिए सिपाहियों की दौड़ लगवाई। नियमित योग, ध्यान करने को कहा। बेहतर टर्न आउट के निर्देश दिए। लाइन स्थित कार्यालयों का निरीक्षण कर अभिलेखों के बेहतर रख-रखाव को कहा।

परेड के दौरान आरआई रूपेश कुमार व पुलिसकर्मियों ने एएसपी को सलामी दी। पुलिसकर्मी शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहे, इसलिए एएसपी ने उन्हें आवश्यक निर्देश दिए। कहे कि परेड में शामिल होने के पूर्व पुलिसकर्मी आवश्यक बातों का पूरा ख्याल रखें। वर्दी साफ-सुथरी हो। एएसपी ने लाइन स्थित कंट्रोल रूम, आवासीय परिसर कार्यालय का निरीक्षण किया। अभिलेखों के बेहतर रख-रखाव के निर्देश दिए।

# दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

**पटहेरवा :** मारपीट व दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे आरोपित को पुलिस मंगलवार की सुबह आठ बजे फाजिलनगर बघौचघाट तिराहे से गिरफ्तार कर न्यायालय भेजी। वहां से उसको जेल भेज दिया गया। पटहेरवा के अनिल कुमार के खिलाफ शारीरिक शोषण तथा मारपीट को लेकर मुकदमा दर्ज था। विवेचक एसआइ राकेश कुमार यादव ने पुलिस टीम के साथ उसे गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक गिरिजेश उपाध्याय ने बताया कि आरोपी लंबे समय से वांछित था। (जासं)

# घर से ही गायब हुई किशोरी मुकदमा

**पटहेरवा :** क्षेत्र के एक गांव से 16 वर्षीय किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में बीते 19 नवंबर की रात साढ़े नौ बजे गायब हो गई। किशोरी अपने साथ दो मोबाइल भी ले गई है। किशोरी की मां की तहरीर पर पुलिस अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध अपहरण का मुकदमा दर्ज की है। प्रभारी निरीक्षक गिरिजेश उपाध्याय ने बताया कि मोबाइल फोन का सीडीआर निकालकर जांच की जा रही है। (जासं)



अपने कार्यालय में पडरौना-कसया सर्किल के विवेचकों की समीक्षा करते बाएं एसपी धवल जायसवाल ● जागरण

# किशोरियों के अपहरण मामलों में शीघ्र दाखिल करें आरोप पत्र : एसपी

**जागरण संवाददाता, पडरौना:** किशोरियों के अपहरण मामलों की विवेचना में की जा रही लापरवाही पर एसपी धवल जायसवाल ने मातहतों को सख्त लहजे में चेतावनी दी है। मंगलवार को सीओ सदर व कसया सर्किल के विवेचनाओं की समीक्षा करते हुए एसपी ने दो टूक कहा कि ऐसे मामलों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विवेचक स्थिति में सुधार लाएं। अपहर्ताओं के विरुद्ध गुंडा एक्ट की भी कार्रवाई की जाए। विवेचना में तत्परता बरतते हुए एक माह के भीतर आरोप-पत्र न्यायालय में दाखिल किए जाएं।

अपने कार्यालय में विवेचनाओं की समीक्षा करते हुए एसपी ने कहा कि नाबालिग के अपहरण के मुकदमों की विवेचना को लेकर विवेचक गंभीरता बरतें। लापरवाह विवेचकों को उन्होंने अंतिम मौका देते हुए कहा कि लंबित विवेचनाओं को शीघ्र निस्तारित करें। ताकि कोर्ट में मजबूत पैरवी कर अपराधियों को जल्द से जल्द सजा दिलाई जा सके।

## अपहर्ताओं के विरुद्ध करें कड़ी कार्रवाई, लगाएं गुंडा एक्ट, मजबूत पैरवी कर जल्द से जल्द दिलाई जाएगी सजा

कसया सर्किल में लंबित विवेचनाओं की स्थिति पर असंतोष जताते हुए एसपी ने संबंधित विवेचकों को कड़ी फटकार लगाई और सुधार के निर्देश दिए। एसपी ने विवेचकों को निर्देश दिया कि ऐसे मामलों में बिना देर लगाए साक्ष्य व तथ्य संकलित कर विवेचना हर हाल में एक माह के भीतर पूरी कर ली जाए। नाबालिग को सुरक्षित ढूंढने के साथ साथ अपहर्ताओं के विरुद्ध कठोर कदम उठाएं। विवेचना में इस बात का पूरा ख्याल रहे कि कोई भी तथ्य छूटने न पाए, अगर ऐसा हुआ तो यह अपराधी के बचाव में सहायक होगा। एसपी ने बताया कि जल्द ही फिर समीक्षा कर विवेचना की स्थिति जांची जाएगी, लापरवाही मिलने पर संबंधित विवेचकों को इसका खामियाजा भुगतना होगा।

# सुकरौली सीएचसी प्रभारी लापता, परिजन परेशान

## चालक के साथ रविवार शाम गोरखपुर गए थे डॉक्टर, गुमशुदगी दर्ज

संवाद न्यूज एजेंसी

**सुकरौली।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुकरौली के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर स्वप्निल श्रीवास्तव लापता हो गए हैं। रविवार शाम वह सुकरौली से गोरखपुर आवास के लिए निकले, लेकिन घर नहीं पहुंचे। काफी रात तक जब वह घर नहीं पहुंचे तो परिवार के लोग परेशान हो गए। पुलिस को सूचना देकर परिवार के लोग उनकी खोजबीन में लगे हुए हैं।

सुकरौली सीएचसी प्रभारी डॉ. स्वप्निल श्रीवास्तव, गोरखपुर आवास से रोजाना कार से आवागमन करते हैं। रविवार की शाम वह अपने चालक के साथ सुकरौली से गोरखपुर आवास के लिए निकले थे, लेकिन देर रात तक घर नहीं पहुंचे। परिवार के लोगों ने जब मोबाइल फोन पर उनसे संपर्क करने की कोशिश की तो वह बंद मिला। इससे परिवार के लोग परेशान हो गए।

### सर्विलांस की मदद से लोकेशन ट्रेस करने में जुटी गोरखपुर पुलिस

परिवार के लोगों ने जब चालक से संपर्क किया तो उसने बताया कि नंदानगर से उसे गाड़ी से उतारकर डॉक्टर अकेले ही चले गए। दूसरे दिन सोमवार शाम तक उनका कोई सुराग नहीं मिल सका था। परिजनों ने इसकी सूचना गोरखपुर के कैंट थाना पुलिस को सूचना देकर कार्रवाई की मांग की है।

हाटा के कोतवाल निर्भय सिंह ने बताया कि डॉक्टर गोरखपुर से लापता हुए हैं। इसकी गुमशुदगी वहीं दर्ज होगी। इस संबंध में गोरखपुर के कैंट एसएचओ शशिभूषण राय ने बताया कि डॉक्टर की गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है। सर्विलांस की मदद से उनकी लोकेशन ट्रेस की जा रही है। उनकी तलाश में पुलिस टीम लगी है।

# यातायात नियमों का पालन करें, सुरक्षित रहें

## किसान इंटर कॉलेज पिपरा बाजार से एनएसएस स्वयंसेवकों ने रैली निकालकर किया जागरूक

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना।** क्षेत्र के पिपरा बाजार स्थित किसान इंटर कॉलेज परिसर से मंगलवार को एनएसएस स्वयंसेवकों की तरफ से यातायात जागरुकता रैली निकाली गई। इसमें लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी देकर उसका पालन करने के लिए प्रेरित किया गया।

यातायात निरीक्षक सत्य सान्याल शर्मा ने कहा कि लोगों की लापरवाही से ही सड़कों पर दुर्घटनाएं होती हैं। इसमें कई लोगों की जान चली जाती है तो कई लोग जीवन भर के लिए अपंग हो जाते हैं। इससे निजात पाने के लिए सड़क पर चलने वाले प्रत्येक व्यक्ति को यातायात नियमों का पालन करना चाहिए।

प्रधानाचार्य अश्विनी कुमार पांडेय ने कहा सड़क पर बाइक चलाते समय हेलमेट और कार चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग जरूर करना चाहिए। जागरुकता रैली को नेबुआ नौरंगिया एसएचओ अतुल कुमार श्रीवास्तव, डॉ. विष्णु प्रताप चौबे, भूपेंद्र कुमार पांडेय, धनंजय कुमार आदि ने संबोधित कर छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया।

इस दौरान सुनील कुमार पांडेय, चंद्रभूषण पांडेय, सतीश कुशवाहा, नितिन कांबोज, शिवेंद्र कुमार चौबे, विद्यानंद शुक्ल आदि मौजूद रहे।



किसान इंटर कॉलेज के एनएसएस स्वयंसेवकों ने मंगलवार को रैली निकालकर लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरुक किया। संवाद

### छोटी सी लापरवाही से हो सकती है बड़ी दुर्घटना

**पकड़ियार बाजार।** नेबुआ नौरंगिया स्थित राजेश मणि इंटर कॉलेज में मंगलवार को यातायात जागरुकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दी गई। यातायात निरीक्षक सत्य सान्याल शर्मा और प्रधानाचार्य प्रवीण कुमार दुबे ने कहा कि सड़क पर वाहन चलाते समय हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग करें। इसके बाद विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बिना हेलमेट बाइक चलाने वाले लोगों को गुलाब का फूल देकर यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान अश्विनी कुमार पांडेय, एसएचओ अतुल कुमार श्रीवास्तव, अखिलेश यादव, आनंद गुप्ता आदि मौजूद रहे। संवाद

# MAHARAJ GANJ POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 23-11-2022

## यातायात माह के तहत गोष्ठी आयोजित

पनियरा। हर व्यक्ति का जीवन महत्वपूर्ण होता है। जीवन को सुरक्षित रखना स्वयं की जिम्मेदारी है। ये बातें मंगलवार को पनियरा इंटरमीडिएट कालेज में यातायात माह के तहत छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए एसओ स्वतंत्र कुमार सिंह ने कही। प्रबंधक आफाक आलम ने कहा कि यातायात नियमों का पालन करके ही गाड़ी चलानी चाहिए।

# तस्करी के लिए रखा गेहूं किया बरामद

23/11/2022

**नौतनवा।** एसडीएम दिनेश कुमार मिश्रा एवं एसएसबी की टीम ने मंगलवार को परसामालिक थाना के गांव मर्जादपूर के पहाड़ी टोला के निकट छापेमारी की। तस्करी के लिए ले जाया जा रहा 26 बोरा गेहूं बरामद किया है। एसडीएम ने बताया कि गेहूं तस्करी कि शिकायत लगातार मिल रही थी।

भारत-नेपाल सीमा पर स्थित उक्त गांव के निकट टीम पहुंची तो साइकिलों से गेहूं लादकर नेपाल ले जा जा रहा था। एसएसबी की टीम ने उन्हें रोकने का प्रयास किया तो वह भागने लगे।

# 50 बोरी चावल व 21 बोरी चीनी पकड़ी गई

निचलौल। निचलौल कस्टम इंस्पेक्टर भगवान शाह और एस एसबी झुलनीपुर के एसआई पारसनाथ की टीम ने सोमवार को एक पिक अप पर लदी 50 बोरी चावल लालपुर के पास पकड़ा है। इस दौरान पिकअप चालक हैदर अली निवासी मेघौली कला भी पकड़ा गया है।

दूसरी बरामदगी एसएसबी झुलनीपुर की टीम ने लालपुर गांव के समीप किया है। एक अन्य पिक अप पर लादकर 19 बोरी चीनी को नेपाल ले जाया जा रहा था, टीम ने इसे पकड़कर निचलौल कस्टम को सौंप दिया है।

# नेपाल भेजी जा रही खाद पकड़ी गई

23/11/2022

**नौतनवा।** नौतनवा पुलिस ने मंगलवार को नेपाल भेजी जा रही यूरिया खाद डंडा नदी के निकट से बरामद कर लिया। पांच साइकल पर लादकर ले जा रहे पांच व्यक्तियों को भी गिरफ्तार किया गया है।

गिरफ्तार किए गए चार व्यक्ति नेपाल के रहने वाले हैं, जबकि एक भारतीय सीमा का रहने वाला है। पुलिस ने खाद को कब्जे में लेकर 11 कस्टम अधिनियम के तहत कार्रवाई की है। मौके से 22 बोरी यूरिया खाद एवं पांच साइकिल बरामद किया गया है। साथ ही पांच लोगों को गिरफ्तार भी किया गया।

## पति–पत्नी और पुत्र को 10 साल का सश्रम कारावास

**जासं , महराजगंज :** फरेंदा क्षेत्र में गैर इरादतन हत्या के पांच साल पुराने मामले में आरोपित रामचंद्र, उसकी पत्नी राजकुमारी व पुत्र परमात्मा को 10 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई है। यह सजा फास्ट ट्रैक कोर्ट प्रथम के अपर सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार सेठ ने सुनाई है।

फरेंदा के भगवतनगर परसिया टोला हथौसा निवासी वादी मुकदमा परमेश्वर ने तीन मई 2017 को पुलिस को तहरीर देकर बताया कि सार्वजनिक रास्ता को चारपाई डाल कर बंद करने के मामले में पूछताछ करने पर अभियुक्तों ने अपशब्द का प्रयोग किया। परमात्मा ने कुल्हाड़ी के बेंट से परमेश्वर की पत्नी पार्वती के सिर पर प्रहार कर दिया। इससे वह घायल हो गई। बनकटी सीएचसी में चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। फरेंदा पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपित परमात्मा पुत्र रामचंदर, रामचंदर पुत्र दशरथ व राजकुमारी पत्नी रामचन्दर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। लोक अभियोजक सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी अजीत सिंह ने गवाहों की गवाही कराकर सजा की मांग की। पत्रावली में दर्ज साक्ष्य व गवाहों की गवाही पर अभियुक्त परमात्मा, रामचंदर व राजकुमारी को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई है।

# एक नजर में

## 15 शीशी शराब के साथ एक गिरफ्तार

सिंदुरिया : सिंदुरिया थाने की पुलिस ने सोमवार की शाम में 15 शीशी शराब के साथ पिपरा कल्याण निवासी योगेंद्र को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी निरीक्षक नासिर हुसैन ने बताया सोमवार की शाम उसे शराब के साथ पकड़ा गया।(जासं)

## पुरानी रंजिश में जानलेवा हमला, तीन घायल

महराजगंज : पुरानी रंजिश को लेकर मधुबनी गांव में मंगलवार की शाम में एक ही परिवार पर छह लोगों ने लाठी डंडे से हमला कर दिया। जिससे एक महिला समेत तीन लोगों को गंभीर चोटे आई हैं, महिला को जिला अस्पताल से मेडिकल कालेज गोरखपुर के लिए रेफर कर दिया गया है । पुलिस को दी गई तहरीर में मधुबनी के बेलवा टोला गांव की निर्मला देवी ने बताया कि धान की मड़ाई के दौरान गांव के ही विपक्षियों ने अचानक हमला कर दिया। घटना में निर्मला, चंद्रशेखर तथा रितु को चोट आई है। निर्मला और चंद्रशेखर का सिर फट गया है। (जासं)

# उर्वरक की तस्करी करते पांच हिरासत में

**नौतनवा :** गश्त के दौरान नौतनवा थाने की पुलिस ने मंगलवार को खनुआ- नौतनवा मार्ग के डांडा नदी के पास उर्वरक की तस्करी करते पांच लोगों को हिरासत में ले लिया। पांच साइकिलें भी बरामद हुईं। थानाध्यक्ष सत्यप्रकाश सिंह ने बताया कि 22 बोरी उवर्रक की तस्करी करते बनारसी, विजय पासवान, रामनिवास, विजय कुमार यादव निवासी रुपंदेही नेपाल व शिव जायसवाल निवासी गनवरिया थाना सोनौली पर कार्रवाई की गई। (जासं)

## एक नजर में

### 300 किग्रा चावल के साथ तीन हिरासत में

**निचलौल :** एसएसबी पथलहवा की टीम ने सीमा के निकट कनमिसवा गांव से नेपाल ले जाया जा रहा 300 किग्रा चावल बरामद कर तीन लोगों को हिरासत में लिया है। चावल व आरोपितों को कस्टम विभाग को सौंप दिया है। आरोपितों के पास से तीन बाइक भी बरामद हुई है। (जासं)

### एसडीएम व एसएसबी ने बरामद किया 26 बोरी गेहूं

**नौतनवा :** एसडीएम नौतनवा दिनेश कुमार मिश्र ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान मंगलवार को एसएसबी के सहयोग से 26 बोरी गेहूं बरामद किया। तस्कर बोरियां छोड़कर नेपाल सीमा में भाग गए। एक को पकड़ लिया गया। एसडीएम ने बताया कि परसामलिक थाना क्षेत्र के मरजादपुर पहाड़ी टोला के करीब भारत से नेपाल में साइकिल से गेहूं की तस्करी करते हुए एक धंधेबाज सचिन निवासी नेपाल को पकड़ा गया है। बरामद सामान व आरोपित को नौतनवा कस्टम को सौंप दिया गया है। (जासं)

# कोर्ट ने दिया दो पुलिस कर्मियों पर प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश

**25 अगस्त 2021 को दो लोगों को अकारण लाकअप में बंद कर की थी पिटाई, पीड़ित ने लगाया रुपये मांगने का भी आरोप**

**जासं, महराजगंज:** सोहगीबरवा थाना अंतर्गत ग्राम सोहगीबरवा निवासी सुबाष गौड़ के आवेदन को स्वीकार करते हुए विशेष न्यायाधीश पवन कुमार श्रीवास्तव ने सोहगीबरवा में तैनात तत्कालीन दारोगा सुनील कुमार वर्मा और सिपाही सुरेंद्र वर्मा के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर विवेचना का आदेश दिया है। मामला दो लोगों को लाकअप में बंद कर पिटाई करने से संबंधित है।

पीड़ित सुभाष गौड़ ने न्यायालय विशेष न्यायाधीश एससी, एसटी के समक्ष 25 अगस्त 2021 को अपने अधिवक्ता सुरेंद्र सिंह के माध्यम से प्रार्थना पत्र दाखिल किया। उन्होंने बताया कि दिनांक 19 जून को सुबह नौ बजे ध्रुव व कन्हैया उनकी भूमि पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे थे। मामले में पुलिस ने मुझे थाना पर बुलाया। दारोगा सुनील कुमार वर्मा और सिपाही सुरेंद्र वर्मा ने लाकअप में बंद कर दिया। 20 हजार रुपये की मांग की। रिश्वत देने में असमर्थता जताने पर भाई विनय को भी लाकअप में डाल दिया। रात्रि में जमकर पिटाई की। सीने पर चढ़कर हत्या करने का प्रयास किया गया। दवा, इलाज के लिए गुहार लगाता रहा, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। इस प्रकरण में सुनवाई करते हुए विशेष न्यायाधीश पवन कुमार श्रीवास्तव ने सोहगीबरवा में उस समय तैनात रहे दारोगा सुनील कुमार वर्मा और सिपाही सुरेंद्र वर्मा के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है।

# सतर्कता बरतने से टल सकती है बड़ी घटना : एसओ



पनियरा इंटर कालेज में छात्रों को संबोधित करते एसओ स्वतंत्र कुमार सिंह ● जागरण

**जासं, पनियरा** : हर व्यक्ति का जीवन महत्वपूर्ण होता है। जीवन को सुरक्षित रखना स्वयं की जिम्मेदारी है। थोड़ी एहतियात बरतने से बड़ी दुर्घटना से बचा जा सकता है।

यह बातें मंगलवार को पनियरा इंटरमीडिएट कालेज, मन्नान खान विद्यालय में यातायात माह के तहत छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए थानाध्यक्ष स्वतंत्र कुमार सिंह ने कही। कहा कि यह देखा जाता है कि लोग हेलमेट लगाने से हिचकिचाते हैं। ऐसे लोग स्वयं के साथ खिलवाड़ करते हैं।

सरकार इस मुद्दे पर बहुत ही गंभीर है। लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए ही जांच के दौरान हेलमेट न होने पर एक हजार रुपये का जुर्माना काटा जाता है। एक हजार रुपये में ब्रांडेड हेलमेट मिल जाएगा तो क्यों न हेलमेट लगा कर चलें। जिससे किसी जांच के दायरे में भी नही आएंगे और एक्सीडेंट होने पर आपको हेड इंजरी नही होगी। आपका जीवन सुरक्षित रहेगा। इस दौरान विद्यालय के प्रबंधक आफाक आलम उर्फ सैफ खां, प्रधानाचार्य आफताब आलम खां, देवीदीन प्रजापति, रामनरायन सिंह ,मो. सैफ, इमरान, माया वर्मा , बबिता ,नुरचश्मी ,कांस्टेबल प्रदीप सेंगर, रामदास, सुग्रीव वर्मा मौजूद रहे ।

# 22 बोरी यूरिया बरामद

**नौतनवां।** पुलिस ने गश्त के दौरान डंडा नदी पुल के पास से 22 बोरी यूरिया, 5 साइकिल बरामद कर नौतनवां कस्टम को सौंप दिया। यह जानकारी नौतनवां थानाध्यक्ष सत्यप्रकाश सिंह ने दी। बताया कि पुलिस क्षेत्र में गश्त कर रही थी। डंडा नदी पुल के पास कुछ लोग साइकिल पर उर्वरक लेकर नेपाल की तरफ जाते हुए दिखे। पुलिस ने रुकने का इशारा किया तो वे भागने लगे। इस दौरान पांच आरोपियों समेत पांच साइकिल तथा 22 बोरी यूरिया बरामद की गई। संवाद

BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 23-11-2022

## मनचलों सावधान ..

# सामने खड़ी लड़की कहीं पुलिस तो नहीं

**बभनान(एसएनबी)।** सावधान [illegible] र चलते मजनू किसी राहगीर महिलाओं व लड़कियों को छेड़ रहे हो तो वह महिला पुलिसकर्मी भी हो सकती है जिसका खामियाजा मजनुओं को जेल जाकर चुकाना पड़ सकता है। ऐसी है पैकोलिया पुलिस की तेजतर्रार महिला सिपाही प्रियम मिश्रा सूट सलवार में होकर सड़कों पर चलने वाले मनचलों पर नकेल कसने के खड़ी है। महिला सिपाहियों ने सेमरा,बैरिहवा तिराहा, परसा तिराहे आदि स्थानों पर एंटी रोमियो चेकिंग किया। अनावश्यक घूम रहे मनचलों का माफीनामा भरवाते हुए हिदायत देकर छोड़ा तथा महिलाओ को 1090, 1076, 1098, 112, 102, 108, 1930 सहित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गयी।

# पुआल में लगायी आग, केस

**बस्ती ।** किसी व्यक्ति द्वारा पुआल के गांज में आग लगा दिया गया। जिससे पुआल जलकर नष्ट हो गया। इस सम्बन्ध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।कोतवाली क्षेत्र के उमरी गांव निवासी श्रीराम अवध ने धान का पुआल अपने जमीन पर गांजा हुआ था। जिसे रात्रि में अज्ञात व्यक्त द्वारा आग लगा दिया। जिससे पुआल जलकर पूरी तरह से नष्ट हो गया। मामले में पीड़ित श्रीराम अवध ग्राम उमरी थाना कोतवाली की तहरीर पर अज्ञात के विरूद्ध धारा 435 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# रेंज के आंकिक शाखा की डीआईजी ने किया समीक्षा

**बस्ती (एसएनबी)।** रेंज के पुलिस उप महानिरीक्षक आरके भारद्वाज ने बस्ती, सन्तकबीरनगर व सिद्धार्थनगर जनपद के आंकिक शाखा के प्रभारियों के साथ समीक्षा बैठक कर उन्हे निर्धारित समय के अन्दर सभी आवंटित वजट का उपयोग करने के निर्देश दिए।

डीआईजी आरके भारद्वाज ने समीक्षा बैठक के दौरान निर्देश दिया कि बजट 2 मजदूरी 58 आउट सोर्सिंग सहित सभी मानक मदों में शेष अनुदान का व्यय 1 माह के अन्दर किया जाय तथा 29 अनुरक्षण का भुगतान फोटोग्राफी के साथ परिक्षेत्रीय कार्यालय को भेजकर आवश्यक कार्यवाही कराते हुए पुलिस महानिदेशक के जारी निर्देशों को देखते हुए प्रत्येक दशा में 30 नवम्बर तक भुगतान करा दिया जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रत्येक कर्मचारी का एरियर 1 माह के अन्दर भुगतान कर दिया जाय। अनुपस्थ्ति कर्मचारियों की सूचना मिलने पर वेतन भुगतान के सम्बन्ध में प्रधान लिपिक द्वारा बोर्ड का गठन कर मेडिकल स्वीत कराकर 3 माह के अन्दर भुगतान कराना सुनिश्चित हो। जनपदों में सेविंग रजिस्टर रखा जाय जिसमें पूर्ण विवरण अंकित करते हुये प्रत्येक माह क्षेत्राधिकारी आंकिक से हस्ताक्षर भी कराये। जनपदों में जिन कर्मचारी का प्रान नम्बर आवंटित नही है। उनका प्रान नम्बर आवंटित कर 15 दिवस में कटौती प्रारम्भ कर दी जाय एवं जिसका पूर्व से प्रान नम्बर आवंटन है और कटौती नही हो रही है उनकी प्रतिमाह कटौती के साथ-साथ शेष माह का एरियर के रूप में कटौती किया जाय।



बस्तीः समीक्षा बैठक करते डीआईजी आरके भारद्वाज। फोटो : एसएनवी

उन्होंने जनपद सिद्धार्थनगर के आंकिक को कड़ी फटकार लगाते हुये निर्देश दिया कि बजट से सम्बन्धित सूचना भ्रामक न भेजी जाय। अगर निर्देशों का पालन नही किया जाता है तो सम्बन्धित के विरूद्ध कठोर दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी। जनपद बस्ती के आंकिकधोडल प्रभारी परिक्षेत्रीय कार्यालय राज नरायन राय के कार्यो की सराहना किया गया कि जनपद बस्ती के कार्यो के साथ-साथ परिक्षेत्रीय कार्यालय के आंकिक सम्बन्धी समस्त कार्यों को समय से निस्पादित किया जाय। इस दौरान परिक्षेत्र के तीनों जनपदों के आंकिक शाखा के प्रभारी व उनके अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ-साथ परिक्षेत्रीय आंकिक नोडल अधिकारी राज नरायन राय भी उपस्थित रहें।

# शौच को गयी किशोरी से दुष्कर्म

**वाल्टरगंज ।** रात्रि में शौच करने गई युवती के साथ दो युवकों ने जबरन दुष्कर्म करने और उसके साथ मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। घटना की जानकारी मिलते ही प्रभारी थाना अध्यक्ष संतोष कुमार दुबे अपने उच्च अधिकारियों को सूचना देकर मौके पर पहुंच गए और विधिक कार्रवाई में जुट गए। थाने पर पीड़िता के पिता ने लिखित रूप से तहरीर दिया कि मेरी लड़की रात करीब 930 बजे घर के बगल में शौच करने गई हुई थी की बगल के गांव के दो युवक मेरी लड़की को जबरदस्ती उठा ले गए और उसके साथ बलात्कार किया। उसके विरोध पर उन युवकों ने उसे जमकर पीटा और मरा जानकर उसे छोड़कर भाग गए। जब मेरी लड़की को होश आया तो वह घर आकर घटना की जानकारी दिया । घटना की गंभीरता को देखते हुए क्षेत्राधिकारी बस्ती सदर आलोक प्रसाद मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का मुआयना किया और फरेंसिक टीम को मौके पर बुलाकर सबूत जुटाने में लग गये। मुकामी पुलिस ने पीड़िता के पिता की तहरीर पर दो व्यक्तियों के विरुद्ध नामजद मुकदमा पंजीत किया गया है ।

# मंगलसूत्र छीन फरार लुटेरा गिरफ्तार

**बस्ती/बभनान।** मंगलसूत्र छीन कर फरार अभियुक्त को 24 घंटे के अंदर पैकोलिया पुलिस द्वारा गिरफ्तार लिया गया जिसका खुलासा एएसपी दीपेन्द्र नाथ चौधरी ने करते हुए बताया कि बीते 20 नवम्बर को दो व्यक्ति द्वारा ग्राम सुकरौली चौधरी गांव से एक महिला के गले से मंगलसूत्र छिनकर भाग रहे थे जिसको गाव वालों ने दौड़ाकर पकड़ लिया था जिसकी पहचान गोविंद पुत्र विक्रमादित्य चौधरी की गई । जबकि एक व्यक्ति भागने में कामयाब हो गया था। जिसकी गिरफ्तारी के लिए पैकोलिया पुलिस लगातार प्रयास कर रही थी। मंगलवार को दूसरे अभियुक्त सुनील कुमार पुत्र जय प्रकाश निवासी ग्राम पेंडारी थाना हर्रैया को परसा तिराहे के पास से एक मंगलसूत्र के लकेट के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। इस सम्बन्ध में अभियुक्तो के विरूद्ध धारा 392, 411 आईपीसी की कार्यवाही करते हुए उन्होंने जेल भेज दिया गया है।

# गबन व फ्राड का आरोपी गिरफ्तार

बस्ती । जालसाजी कर पीड़त व्यक्ति से पैसे ठगने तथा गालियां व धमकी देने के मामले में वांछित अभियुक्त को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार करते हुए जेल भेजा है। कार्यवाही वाल्टरगंज थाने की पुलिस ने किया है। जानकारी के अनुसार वाल्टरगंज थाने में तहरीर देकर एक व्यक्ति ने आरोप लगाया था कि आरोपी मनोज कुमार ने उसके साथ फ्राड कर पैसे ठग लिया था। जिसे वापस मांगने पर गालिया व धमकी दी गयी। इस सम्बन्ध में पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 420, 467, 468, 471, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा पंजीत करने के बाद आरोपी की गिरफ्तारी की करने में लगी हुई थी। मंगलवार को चेकिंग के दौरान भिटिया चाराहा से आरोपी मनोज कुमार पुत्र रामबेलास निवासी औसापुर थाना वाल्टरगंज को गिरफ्तार किया गया। जिसके बाद नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को माननीय न्यायालय रवाना किया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक पवन मिश्र, मुख्य आरक्षी उमेश कुमार एवं आरक्षी राकेश चौहान थाना वाल्टरगंज शामिल रहे।

# जेवर व पैसे लेकर फरार हुई युवती, दो पर केस

**बस्ती ।** घर से धान काटने के बहाने जेवर व रूपये लेकर एक युवती अपने पेमी के साथ फरार हो गयी। इस सम्बन्ध में युवती के पिता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी सहित दो लोगो पर मुकदमा दर्ज किया है।मुण्डेरवा थाने की पुलिस को तहरीर देकर एक व्यक्ति ने आरोप लगाया कि देवरिया माफी गांव निवासिनी हेमन्ती के कहने पर उसकी पुत्री धान काटने के बहाने घर से रूपये व जेवरात लेकर अपने प्रेमी विजय पाल के पास मुम्बई चली गयी। जानकारी होने पर जब दबाव बनाया गया तो लड़की पुनः घर वापस आयी। इस सम्बन्ध में पुलिस ने आरोपी हेमन्ती पत्नी जगदीश निवासिनी देवरिया माफी थाना मुण्डेरवा तथा विजयपाल पुत्र रामनवल ग्राम कुढवा थाना लालगंज के विरूद्ध धारा 366 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# हत्यारोपी को आजीवन कारावास

**बस्ती (एसएनबी)।** दहेज के लिए विवाहिता की हत्या करने के आरोप में एक व्यक्ति को आजीवन कारावास व पचीस हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है।

थाना परसरामपुर पर वर्ष 2018 में पीड़ित पक्ष अर्जून चौधरी द्वारा लिखित प्रार्थना पत्र दिया गया कि उनकी बहन रेनू का उसके पति आदित्य चौधरी व घरवालों द्वारा दहेज के कारण हत्या कर दिया गया है। इस तहरीर पर थाना परसरामपुर में धारा 498ए, 304बी, 302 आईपीसी एवं डीपी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करते हुए अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में पैरवी सेल एवं थाना परसरामपु पुलिस की सशक्त व प्रभावी पैरवी से मंगलवार को माननीय न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश फास्ट्रैक कोर्ट प्रथम द्वारा अभियुक्त आदित्य चौधरी को आजीवन कारावास व पचीस हजार के अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई।

# दिव्यांग का हत्यारा गिरफ्तार

**बस्ती/बभनान (एसएनबी)।** पैसे की लेनदेन में एक दिव्यांग व्यक्ति को उसके दोस्त ने ही राड से पीटकर मौत के घाट उतार दिया था। जिसके सम्बन्ध में पैकोलिया थाने में मृतक के परिजनों की शिकायत पर मुकदमा पंजीत करने के बाद मंगलवार को आरोपी की गिरफ्तारी कर ली गयी। जिसके पास से हत्या में प्रयुक्त उपकरण बरामद करते हुए एएसपी ने घटना का अनावरण किया और आरोपी को जेल भेजने की कार्यवाही की गयी।

**पैसे के लेनदेन में हुई थी हत्या, एएसपी ने घटना का किया खुलासा**

एसपी कार्यालय में दिव्यांग हत्याकाण्ड का खुलासा करते हुए एएसपी ने बताया कि थाना पैकोलिया को सूचना प्राप्त हुई की सुनील कुमार पुत्र शिवदीन केवट ग्राम करनपुर सेंगर जो 20 नवम्बर की शाम करीब 6-7 बजे के बीच में सलहदीपुर के महंत तिवारी के लड़के के साथ घर से गया था। जिसकी सुबह सात बजे परिजनों को जानकारी हुई की जनता उच्च मावि इटवा के पास सुनील कुमार घायल अवस्था में पड़ा है। परिजनों मौके पर पहुंचकर घायल को घर ले आये और एम्बुलेंस के माध्यम से सीएचसी गौर ले गये जहा डाक्टरो ने उसे घोषित कर दिया गया। इस सम्बन्ध में थाना पैकोलिया पर आरोपी महेश तिवारी पुत्र शिवगोविन्द तिवारी निवासी सलहदीपुर थाना पैकोलिया के विरूद्ध धारा 304 आईपीसी के तहत मुकदमा पंजीत करने के बाद पुलिस आरोपी की गिरफ्तरी का दबाव बनाने लगी। जिसके क्रम में सीओ हरैया शेषमणि के कुशल पर्यविक्षण में थानाध्यक्ष पैकोलिया की टीम द्वारा दिव्यांग सुनील की हत्या करने वाले अभियुक्त महेश तिवारी पुत्र शिव गोविन्द तिवारी निवासी सलहदीपुर थाना पैकोलिया को सुबह समय 6.20 बजे सलहदीपुर उसके घर से गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त लोहे की राड तथा अभियुक्त का रक्त रंजीत कपड़ा बरामद किया गया। पूछताछ में अभियुक्त द्वारा बताया गया कि हम दोनो एक साथ रहते थे, उस दिन साथ हम दोनो जा रहे थे हम दोनों में पैसे को लेकर विवाद हो गया, जिससे मैंने सुनील को राड से मार दिया, और वह चोटिल हो गया जिसे देखकर मै भाग गया।

# एक दूसरे का सहयोग कर प्राप्त करें लक्ष्य : हरीश

**जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की हुई बैठक**

**बस्ती (एसएनबी)।** जनहित में समय से कार्य पूर्ण करने के लिए सांसद हरीश द्विवेदी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया है। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा की बैठक को सम्बोधित करते हुए उन्होने कहा कि बस्ती जनपद का विकास हम सभी का लक्ष्य है। उन्होंने एक दूसरे का सहयोग करते हुए इस लक्ष्य को प्राप्त करने का अपील किया है।

उन्होंने कहा कि पिछले 8 वर्षो में जनपद में कई महत्वपूर्ण कार्य हुए है तथा सुविधाए बढी है। उन्होने बताया कि 945 करोड़ की लागत से गोटवा से हडिया चौराहें तक प्रथम चरण में रिंगरोड स्वीत हो गयी है। चौरासी कोसी परिक्रमा के लिए भूमि अधिग्रहण शुरू हो गया है, अमहट घाट पर दोनों तरफ घाट बनाने की योजना है। एक नया सर्किट हाउस भी बनाया जायेंगा। उन्होंने बताया कि जनपद में खेल को बढावा देने के लिए प्रत्येक विधानसभा में एक-एक इंडोर स्टेडियम बनाया जायेंगा। उन्होने कार्यदायी संस्था सीएण्डडीएस को निर्देश दिया है कि हर्रैया महिला चिकित्सालय 10 दिसम्बर तक विभाग को हैण्डओवर करें। उन्होने सीएमओ को निर्देशित किया कि इस अस्पताल के लिए स्टाफ की तैनाती शुरू करें। जनपद में एक हेल्थ एटीएम भी स्थापित करायें। 1040 आवासीय क्षमता वाले अटल आवास विद्यालय को फरवरी माह तक पूरा करें ताकि अगले सत्र से यह कक्षाए संचालित की जा सके।

उन्होने निर्देश दिया कि जलजीवन मिशन में बिना तकनीकी जानकारी के कार्य कर रहे पेटी कांट्रैक्टर को चिन्हित करके उनके विरूद्ध कार्यवाही की जाय। उन्होंने कहा कि भारत सरकार की यह एक महत्वाकांक्षी योजना है। यूपीपीसीएल द्वारा रिबोर किए गये 237 हैण्डपम्प 15 दिन में ठीक कराये जाय। उन्होने प्रधानमंत्री आवास के निर्माण में तेजी लाने का निर्देश दिया।

जिला पंचायत अध्यक्ष संजय चौधरी ने कहा कि वाल्टरगंज चीनी मिल पर 50 करोड़ रूपया किसानों का बकाया है, इसके भुगतान की कार्यवाही की जाय। विधायक हर्रैया अजय सिंह ने कहा कि बाढ प्रभावित क्षेत्र में विकास संबंधी क्षति का आकलन करने के लिए एक समिति गठित की जाय। उन्होंने क्षेत्र में चल रहे पर्यटन परियोजनाओं का लोकार्पण कराने का भी सुझाव दिया। विधायक रूधौली राजेन्द्र प्रसाद चौधरी ने कहा कि बीमार व्यक्तियों के इलाज के लिए सीएमओ कार्यालय से रिपोर्ट लगाने में तेजी लायी जाय। उन्होने इस बात का विशेष उल्लेख किया कि मुख्यमंत्री कार्यालय से आवेदन पत्र उसी दिन जिले को रिपोर्ट के लिए भेज दिया जाता है। उन्होने नगरीय क्षेत्र में जोड़े गये गव में भी नगरीय सुविधा उपलब्ध कराने का सुझाव दिया। उनके निर्देश पर दिव्यांगजन विभाग द्वारा रूधौली में कैम्प लगाकर 40 दिव्यांगजन चिन्हित किये गये। विधायक सदर महेन्द्र यादव ने कहा कि डेंगू के इलाज के लिए मेडिकल कालेज में पर्याप्त दवाए उपलब्ध न होने की ओर ध्यान आष्ट किया। उन्होने खराब हैण्डपम्पों को समय से रिबोर कराने का सुझाव दिया।

विधायक महादेवा दूधराम ने कहा कि अइलिया गव में नवनिर्मित सड़क उखड गयी है। सांसद महोदय ने पीडब्ल्यूडी विभाग को इसे ठीक कराने तथा संबंधित ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट करते हुए उसके खिलाफ एफआईआर कराने के निर्देश दिये है। एमएलसी प्रतिनिधि हरीश सिंह ने कहा कि किसानों को खाद की दिक्कत हो रही है, इसके वितरण की व्यवस्था सुचारू ढंग से करायी जाय। जगदीश शुक्ल ने कहा कि मनरेगा में वर्तमान में 213 रूपया, मजदूरी दी जाती है, इसको बढाये जाने की आवश्यकता है। ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि दुष्यन्त विक्रम सिंह ने कहा कि वाल्टरगंज- बभनान रोड की चौढीकरण किया गया है परन्तु खम्भे नही हटाये गये है, जिससे दुर्घटनाए हो रही है और लोगों की जाने जा रही है। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने सभी का स्वागत करते हुए सभी जनप्रतिनिधियों से अनुरोध किया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत पात्र लाभार्थियों की जानकारी प्रदान करें। उन्होने बताया कि 164 जूनियर हाईस्कूलों का क्षेत्र पंचातय निधि से कायाकल्प कराया जायेंगा। जनपद में 700 पंचायत सहायको की आईडी बन गयी है, जिसके द्वारा वे आयुष्मान भारत योजना के तहत गोल्डन कार्ड बना रहे है। उन्होने ब्लाक समाधान दिवस को सक्रिय करने का निर्देश दिया है ताकि समस्याओं का निदान ब्लाक स्तर पर ही किया जा सकें। बैठक का संचालन परियोजना निदेशक कमलेश सोनी ने किया। इसमें विधायक प्रतिनिधि गुलाब चन्द्र सोनकर, फूलचन्द्र श्रीवास्तव, एमएलसी प्रतिनिधि हरीश सिंह, ब्लाक प्रमुख राकेश श्रीवास्तव, अनिल कुमार दूबे, , अभिषेक कुमार, यशकान्त सिंह, , मो सईद खा, धीरसेन निषाद समिति के नामित सदस्यगण, पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव, सीडीओ डा राजेश कुमार प्रजापति, एडीएम कमलेश चन्द्र, डीएफओ नवीन कुमार शाक्य, सीएमओ डाक्टर आरपी मिश्रा, डीडीओ अजीत श्रीवास्तव, अधिक्षण अभियन्ता विद्युत सुशील कुमार मौर्या तथा विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहें।



बस्तीः बैठक को सम्बोधित करते सांसद हरीश द्विवेदी। फोटो : एसएनबी

# मंगलसूत्र लूट कर भागने वाला आरोपी गिरफ्तार

**पैकोलिया।** थाना क्षेत्र के परसा तिराहा से सोमवार शाम को मंगलसूत्र छीनने के दूसरे आरोपी को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से छीना मंगलसूत्र बरामद किया गया है। पैकोलिया थानाक्षेत्र के सुकरौली गांव की पियारी देवी पत्नी राजाराम यादव रविवार दोपहर करीब दो बजे गांव के सामने उपलें रख रही थीं। उसी समय बाइक सवार दो बदमाश पहुंचे और उनका मंगलसूत्र छीन लिया था। भागते समय हर्रैया थाना क्षेत्र के वंशीनगर के पास ग्रामीणों ने एक बदमाश को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया था। जिसने अपने को हर्रैया थानाक्षेत्र के पेड़ारी गांव निवासी गोविन्द वर्मा बताया था। पूछताछ में उसने बताया था कि उसी के गांव के सुनील वर्मा का नाम सामने आया था। एसओ दिलीप कुमार सिंह ने बताया कि सोमवार देर शाम सुनील वर्मा को परसा तिराहे से गिरफ्तार कर उसके पास से मंगलसूत्र का लाकेट बरामद कर लिया गया। दोनों पर पहले भी छावनी थाने चोरी का मुकदमा दर्ज है।

# पुआल को जलाया, मुकदमा

**बस्ती।** कोतवाली में तहरीर देकर उमरी गांव निवासी कन्हैयालाल ने आरोप लगाया है कि गांव में स्थित उनकी जमीन में रखा गया पुआल 20 नवंबर व 21 नवबंर की रात में किसी अज्ञात व्यक्ति ने जला कर नष्ट कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ आईपीसी 435 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# एसबीआई कार्ड से फ्राड कर निकाले डेढ़ लाख

**बस्ती।** कोतवाली में तहरीर देकर पिकौरा दत्तुराय गांधीनगर निवासी मोहम्मद इस्मान ने तहरीर देकर बताया है कि उनके एसबीआई कार्ड से फ्राड कर जालसाज ने दो बार में पैसा निकाल लिया। पहली बार में 99 हजार 60 रुपया और दूसरी बार में 57 हजार 189 रुपया निकाल लिया। पुलिस ने आईपीसी 420 व 66डी आईटी एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया है।



जीवीएम कान्वेंट स्कूल में यातायात जागरूकता कार्यक्रम में प्रतिभाग करतीं छात्राएं।

# जीवीएम में मना यातायात जागरूकता माह

**बस्ती।** जीवीएम कान्वेंट स्कूल में मंगलवार को यातायात जागरूकता माह के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। टीएसआई कामेश्वर सिंह ने छात्रों को यातायात नियमों की जानकारी दी। प्रबंधक संतोष सिंह व प्रधानाचार्या विजयलक्ष्मी सिंह ने बच्चों को जागरूक किया। अमित, अनिल, वीरेन्द्र, सनी, जेडी, पुनीत, तूलिका, रमेश, राजेश, राकेश व अन्य मौजूद रहे।

# पत्नी की हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास

## फैसला

**बस्ती, निज संवाददाता।** पत्नी के हत्यारे को फॉस्ट ट्रैक कोर्ट के न्यायाधीश अनिल कुमार खरवार की अदालत ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने 25 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया है।

शासकीय अधिवक्ता दुर्गा प्रसाद उपाध्याय ने अदालत को बताया कि कप्तानगंज थाना क्षेत्र के पॉयलपुर, पटखौली निवासी अर्जुन ने परशुरामपुर पुलिस को तहरीर देकर कहा कि उसने बहन रेनू की शादी 12 मई 2014 को थाना क्षेत्र के बबुऔना निवासी आदित्य चौधरी के साथ किया था। शादी के कुछ माह बाद से ही दहेज के लिए बहन को प्रताड़ित कर रहे थे। 10 जनवरी 2018 को रेनू ने फोन कर बताया कि उसे मारा-पीटा जा रहा है। उसके बच्चे को कमरे से बाहर कर दिया गया है। 13 जनवरी को उसके ससुराल से फोन आया कि रेनू की मौत हो गई है।

मृतका के भाई की तहरीर पर पुलिस ने पति, सास शांति देवी, ससुर राधेश्याम के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। पीएम रिपोर्ट में मृतका के शरीर पर चोट के निशान मिले थे। न्यायालय ने इसे हत्या मानते हुए पति को कारावास की सजा सुनाई, सास व ससुर को साक्ष्य के अभाव बरी कर दिया।

# जमीन के बंटवारे को लेकर मारपीट

**बस्ती।** कप्तानगंज थाने में तहरीर देकर सेठा निवासी रामपूजन ने आरोप लगाया है कि गांव के कन्हैयालाल, अनिल व राज ने जमीन के बंटवारे को लेकर मारपीट कर धमकाया। गौर थाने में तहरीर देकर इटबहरा निवासी जिलाजीत सिंह ने आरोप लगाया है कि गांव के आदित्य सिंह ने उनकी बुलेट की टंकी पर ईंट मारकर उसे पिचका दिया। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

# मुर्गी बेचकर हड़प लिए रुपये, केस

**बस्ती।** लालगंज थाने में तहरीर देकर टेक्नो ब्रीडिंग फार्म खलीलाबाद के शाखा प्रबंधक सुरेन्द्र सिंह ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि बड़वारे निवासी जिलाजीत को फार्म स्तर से दिए गए मुर्गियों के बच्चों का कमीशन पर पालकर बड़ा करने के लिए दिया गया था। मुर्गे बेचकर दो लाख 53 हजार 968 रुपया हड़प लिया गया। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

# बेलन व कल्छुल से जेठ की धुनाई

**घघौवा, हिसं।** छावनी थाने के खतमसराय में छोटे भाई की पत्नी ने जेठ की बेलन व कल्छुल से उस समय जमकर धुनाई कर दी, जब वह शराब के नशे में उत्पात मचा रहा था। बहू के हाथों पिटे जेठ का नशा उतरा तो उन्हें पुलिस याद आई और तहरीर लेकर थाने पहुंच गए। पुलिस को तहरीर देकर बहू के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की गुहार लगाने लगे।

छावनी क्षेत्र के खतमसराय में सोमवार की शाम नशे की हालत में पहुंचे रामजीवन (55) शराब के नशे में थे। उसके पत्नी की कुछ वर्ष पहले मौत हो गई है। वह घर पर उत्पात करने लगे। हालात कंट्रोल के बाहर रहे तो नवमी की पत्नी शिल्पा ने आपा खो दिया। वह किचन में जाकर बेलन व कल्छुल लाई और राम सजीवन की जमकर पिटाई करने लगी। बहू शिल्पा के ताबड़तोड़ पिटाई से राम सजीवन का सिर फट गया।

# खेत मे लगा इंजन व पम्पिग सेट चोरी

छावनी। दुबौलिया थाना क्षेत्र के चिरिहवा गांव से चोर खेत के पास लगा लिस्टर इंजन, पंखा व पम्पिग सेट चुरा ले गए। पीड़ित लक्ष्मीकांत त्रिपाठी ने दुबौलिया थाना पर शिकायती पत्र दिया है। दुबौलिया थाना के बीट सिपाही आशीष राय ने गांव में पहुंच कर छानबीन किया।

# दुष्कर्म के प्रयास का केस दर्ज करने का आदेश

बस्ती। एफटीसी सीनियर डिविजन के न्यायाधीश आलोक वर्मा की अदालत ने दुष्कर्म के प्रयास के मामले में एक युवक व पीड़िता के पति के साथ मारपीट करने के मामले में आरोपी के पिता, बहन व भाई के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेश लालगंज पुलिस को दिया है।

लालगंज क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता के अधिवक्ता एसएन दूबे ने अदालत को बताया कि 18 मार्च 2022 को पीड़िता घर में अकेली थी, उसी दौरान गांव का अंकित घर में घुस आया और दुष्कर्म का प्रयास किया। इसी दौरान उसका पति वहां आ गया और पति को देखकर अंकित फरार हो गया। गांव में पूरा शोर हो गया। इसी बात से नाराज होकर अंकित के पिता जोगेंद्र, भाई छोटू व बहन निकिता ने पीड़िता के पति को मारा-पीटा।

# एमडीएम में गड़बड़ी, प्रधानाचार्य पर केस

- संतकबीर शंकरदास इंटर कॉलेज मोहम्मदनगर का मामला
- रविवार देर शाम अनाज ले जाते मिली थी ट्रैक्टर-ट्राली

भानपुर, हिन्दुस्तान संवाद। एमडीएम अनाज मामले में सोनहा पुलिस ने प्रधानाचार्य इंद्रबहादुर के विरूद्ध गबन का केस दर्ज किया है। संत कबीर शंकरदास इंटर कालेज मोहम्मदनगर में जांच के दौरान पता चला कि कोविड के समय का अनाज रखा था। यह अनाज 20 नवंबर की शाम विद्यालय से बाहर एक वाहन पर लदा मिला, जिसे ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस को सौंपा था।

एसएचओ सोनहा रवीन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि संतकबीर शंकर दास इंटर कालेज मोहम्मदनगर से रविवार की रात 8:30 बजे अनाज लदा एक ट्रैक्टर-ट्राली निकला। ग्रामीणों ने संदेह के आधार पर रोककर चौकी प्रभारी असनहरा व एसडीएम को सूचना दिया था। चौकी प्रभारी ने ट्रैक्टर चालक को हिरासत में लेकर ट्राली पर लदा अनाज थाने पर पहुंचाया। सोमवार को एसडीएम जीके झा ने जांच के लिए पूर्ति निरीक्षक भानपुर कुलभूषण श्रीवास्तव को बीईओ नीरज सिंह व चौकी प्रभारी असनहरा मनीष जायसवाल के भेजा। बीईओ नीरज सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि जांच में प्रधानाचार्य ने कोविड काल में विद्यालय बंद रहने की बात करते हुए 76 दिन, 49 दिन, 124 दिन, एवं 87 दिन तक बच्चों को अनाज वितरित करने की बात कही, लेकिन 76 दिन के वितरण का कोई अभिलेख विद्यालय में नहीं मिला। 49 दिन का अनाज 297 बच्चों को बांटा एवं 56 बच्चों को राशन नहीं दिया जाना पाया गया। 87 दिन में 24 बच्चों को राशन वितरित नहीं किया गया। निरीक्षण के समय विद्यालय के भंडार गृह में 22.50 कुन्तल गेहू व 12 कुंतल चावल पाया गया। अभिलेख के अनुसार अक्तूबर माह के अंत तक 15.44 कुंतल चावल और 28.07 कुंतल गेहूं उपलब्ध रहा। जांच में गेहूं व चावल कम पाया गया। जांच में पता चला कि कोविड के समय में अनाज वितरण में गड़बड़ी है।

# रुपये के विवाद में की थी दिव्यांग की हत्या, गिरफ्तार

- पैकोलिया के जनता उच्चतर मावि इटवा कुनगाई की घटना
- मरा जान कर झाड़ियों में फेंक दिया था, नामजद दर्ज हुआ था मुकदमा

पैकोलिया (बस्ती), हिन्दुस्तान संवाद। जिले के पैकोलिया थाना क्षेत्र के करनपुर सेंगर निवासी दिव्यांग को मौत के घाट उतारने की घटना का मंगलवार को पुलिस कार्यालय में एएसपी दीपेन्द्र नाथ चौधरी ने खुलासा किया। एएसपी ने बताया कि वारदात में नाजमद उसके साथी महेश तिवारी निवासी सलहदीपुर थाना पैकोलिया को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसने पूछताछ में बताया कि मजदूरी के पैसे व शराब पीने की बात को लेकर दिव्यांग सुनील से विवाद हो गया था। इसी बात को लेकर एक नुकीले राड से उस पर हमला कर भाग निकला था। पुलिस के अनुसार घटना में प्रयुक्त लोहे की रॉड व आरोपी का खून से सना कपड़ा बरामद कर लिया गया है।

इसी थाना क्षेत्र के इटवा कुनगाई स्थित जनता इंटर कालेज के गेट के पास स्थित झाड़ी में सोमवार को सुबह एक युवक को लोगों ने लहूलुहान हालत में देखा गया था। जिसके बाद वहां लोगों की भीड़ जुट गई थी। कुछ ही देर में उसकी पहचान सुनील कुमार निषाद (25) पुत्र शिवदीन उर्फ सैदू निवासी करनपुर सेंगर के रूप में हुई थी। सूचना मिलते ही उसके पिता मौके पर पहुंचे और उसे अपने साथ घर ले गए। वहां से परिवार व गांव के लोगों के साथ सुनील को लेकर सीएचसी गौर पहुंचे, जहां चिकित्सक ने उसे मृत



पुलिस कार्यालय में दिव्यांग सुनील की हत्या का खुलासा करते एएसपी व सीओ हर्रैया।

घोषित कर दिया था। पिता शिवदीन ने बताया था कि मृतक सुनील बाएं पैर से दिव्यांग था और वैशाखी के सहारे चलता था। रविवार की देर शाम करीब सात बजे महेश तिवारी निवासी सलहदीपुर थाना पैकोलिया उनके बेटे सुनील को घर से बुलाकर अपने साथ साइकिल से कहीं ले गया था। अगले दिन झाड़ियों में सुनील लहूलुहान हालत में मिला था। पुलिस के अनुसार पुलिस ने आरोपी महेश के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का केस दर्ज किया था। मंगलवार को उसे थानाध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह की टीम ने गिरफ्तार कर लिया।

# पशु मेलों के आयोजन पर से रोक हटी

बस्ती। लंपी वायरस के प्रकोप के कारण जिले में सभी पशु मेलों के आयोजन पर रोक लगा दी गई थी। अब लंपी वायरस की बीमारी पर नियंत्रण होने के चलते पशु बाजार व मेलों के आयोजन से रोक हटा दी गई है।

जिले के हर्रैया तहसील के कप्तानगंज के गौरा में हर सप्ताह बुधवार को और मंगलवार को सदर तहसील के नगर बाजार में पशु बाजार लगती थी। इन बाजारों में गाय, भैंस, बैल, घोड़ा, गधा, बकरी आदि प्रजाति के पशुओं की खरीद फरोख्त होती है। डीएम प्रियंका निरंजन ने बताया कि जनपद में पशु बाजार पर लगी रोक को हटा दिया गया है। इस संबंध में सभी तहसील एसडीएम को निर्देश दे दिया गया है।

# प्रधान प्रतिनिधि पर हमले का केस

बभनान। पुरानी रंजिश को लेकर प्रधान प्रतिनिधि की गाड़ी क्षतिग्रस्त कर देने व गाली गलौज करते हुए जान से मार देने की धमकी देने के मामले में पुलिस मुकदमा दर्ज किया है।

गौर थाना क्षेत्र के इटबहरा गांव निवासी जिलाजीत सिंह ने गौर पुलिस को दिए तहरीर में बताया कि उनकी पत्नी ग्राम पंचायत की प्रधान हैं। वह ग्राम पंचायत के प्रधान प्रतिनिधि हैं। ग्राम समाज की जमीन पर सुलभ शौचालय का निर्माण करा रहे थे। इसी बीच गांव निवासी आदित्य सिंह पुरानी रंजिश को लेकर मौके पर पहुंचे और ईंट से मारकर बुलेट मोटरसाइकिल को क्षतिग्रस्त कर दिए।

# पुआल को जलाने पर मुकदमा

**बस्ती :** कोतवाली क्षेत्र के उमरी गांव निवासी कन्हैयालाल ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि गांव में स्थित उनकी जमीन में रखा गया पुआल 20 नवंबर व 21 नवबंर की रात में किसी ने जला कर नष्ट कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# नगर थाना परिसर में लगा योग शिविर

**जासं, गोंटवा:** नगर थाने में योग शिविर लगाकर पुलिस कर्मियों को योगाभ्यास कराया गया। इसमें थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार तिवारी समेत सभी उपनिरीक्षक, प्रधान आरक्षी, आरक्षी व महिला आरक्षियों ने प्रतिभाग किया। अनुलोम, विलोम, प्राणायाम कराते हुए योग शिक्षक गरुणध्वज पांडेय ने बताया कि हर प्राणी के अंदर एक डाक्टर बैठा हुआ है, जो उसे स्वास्थ्य प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयत्नशील है। रोगाणुओं के हमले को कैसे रोका जाए, उन्हें कैसे पकड़ें, इन सारी व्यवस्थाओं का नियन्त्रण शरीर के अन्दर बैठा हुआ डाक्टर स्वयं करता है। इसी शक्ति को सेल्फ मानिटरिंग एंड ट्रीटमेंट सिस्टम कहते हैं। प्राणायाम से इस स्टिम को पूर्णतया सक्रिय किया जा सकता है। योग शिक्षक आदित्य नारायन गिरि ने मोटापा से बचने को वायु विकार मुद्रा की जानकारी दी।

# दुष्कर्म के प्रयास का मुकदमा दर्ज करने के लिए मजिस्ट्रेट ने दिया आदेश

**जासं, बस्ती:** अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट/एफ़टीसी आलोक वर्मा ने दुष्कर्म के प्रयास सहित विभिन्न धाराओं में थानाध्यक्ष लालगंज को मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है। लालगंज थानाक्षेत्र के एक गांव की महिला ने अधिवक्ता कौशलेंद्र पाल व विनोद श्रीवास्तव के माध्यम से न्यायालय में अर्जी दिया कि 18 मार्च 2022 को वह घर पर अकेली थी। आरोप है कि शाम पांच बजे साहूपार गांव के अंकित ने घर में घुस कर दुष्कर्म का प्रयास किया। जब पीड़िता के पति ने अंकित के घर वालों से इसकी शिकायत किया तो अंकित व उसके भाई छोटू, बहन निकिता व पिता जोगेंद्र ने मारपीट की। न्यायालय ने मुकदमा दर्ज कर 15 दिन में न्यायालय को अवगत कराने का निर्देश दिया है।

# जमीन के बंटवारे को लेकर मारपीट, मुकदमा

**बस्ती :** कप्तानगंज थाने के सेठा गांव निवासी रामपूजन ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि गांव के कन्हैयालाल, अनिल व राज ने जमीन के बंटवारे को लेकर उन्हें मारा पीटा और जानमाल की धमकी दी। वहीं गौर थाने के इटबहरा निवासी जिलाजीत सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि गांव के आदित्य सिंह ने उनके बाइक की टंकी पर ईंट मारकर उसे क्षतिग्रस्त कर दिया। मना करने पर अपशब्द कहते हुए जानमाल की धमकी दी। दोनों मामलों में पुलिस मुकदमा दर्ज की है।

# पुरानी रंजिश को लेकर मारापीटा, मुकदमा

**जागरण संवाददाता, बस्ती :** हर्रैया थाने के बासगांव निवासी गेल्हई ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि गांव के बिफई व नंदराम ने पुरानी रंजिश को लेकर उन्हें मारा पीटा और अपशब्द एवं जातिसूचक शब्द कहा।

वहीं एक अन्य मामले में परशुरामपुर थाने के गोपीनाथपुर निवासी अंगद वर्मा ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि पुरानी रंजिश को लेकर बाग के रास्ते में रोककर उनके भाई को अपशब्द कहते हुए गांव के विनोद व रमेश ने मारा पीटा व जानमाल की धमकी दी। पुलिस ने दोनों मामलों में मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी।

# रिंग रोड निर्माण की स्वीकृति, अमहट पर बनेंगे घाट

## जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक, बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में आंकलन के लिए समिति गठित

**जागरण संवाददाता, बस्ती:** सांसद हरीश द्विवेदी ने कहा कि पिछले आठ वर्षों से जनपद का चौमुखी विकास हो रहा है। नौ करोड़ 45 लाख की लागत से गोटवा से हडिया चौराहे तक रिंगरोड स्वीकृत हो गई है। बाकी कार्य दूसरे चरण में पूरे होंगे। चौरासी कोसी परिक्रमा के लिए भूमि अधिग्रहण शुरू हो गया है। अमहट घाट पर नदी के दोनों तरफ घाट बनाने की योजना है। एक नया सर्किट हाउस भी बनाया जाएगा।



कलेक्ट्रेट सभागार मे आयोजित दिशा की बैठक मे सांसद हरीश द्विवेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय चौधरी, विधायक अजय सिंह, महेंद्रनाथ यादव, राजेंद्र प्रसाद चौधरी, डीएम व एसपी •जागरण

सांसद ने यह जानकारी कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में दी। बताया कि जनपद में खेल को बढ़ावा देने के लिए प्रत्येक विधानसभा में एक-एक इंडोर स्टेडियम बनाया जाएगा। उन्होंने कार्यदायी संस्था सीएंडडीएस को निर्देश दिया कि हर्रैया महिला चिकित्सालय 10 दिसम्बर तक विभाग को हैंडओवर करें। इसी के साथ ही सांसद ने सीएमओ को अस्पताल के लिए स्टाफ की तैनाती करने के भी निर्देश दिए गए। कहा कि मरीजों की सुविधा के लिए जनपद में एक हेल्थ एटीएम भी स्थापित कराये। 1040 आवासीय क्षमता वाले अटल आवास विद्यालय को फरवरी तक पूरा करने और अगले सत्र से कक्षाएं संचालित करने को कहा।

सांसद ने जलजीवन मिशन में बिना तकनीकी जानकारी के कार्य कर रहे पेटी कांट्रैक्टर को चिन्हित करके उनके विरुद्ध कार्यवाही करने को कहा। उन्होने कहा कि भारत सरकार की यह एक महत्वाकांक्षी योजना है। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। कहा कि यूपीपीसीएल द्वारा रिबोर किए गये 237 हैंडपंप 15 दिन में ठीक कराये जाय। जिला पंचायत अध्यक्ष संजय चौधरी ने कहा कि वाल्टरगंज चीनी मिल पर 50 करोड़ रुपये किसानों का बकाया है, इसके भुगतान की कार्यवाही की जाय। विधायक हर्रैया अजय सिंह ने कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में विकास संबंधी क्षति का आंकलन करने के लिए एक समिति गठित की जाय। उन्होने क्षेत्र में चल रहे पर्यटन परियोजनाओं का लोकार्पण कराने का भी सुझाव दिया। विधायक रूधौली राजेन्द्र प्रसाद चौधरी ने कहा कि बीमार व्यक्तियों के इलाज के लिए सहायता उपलब्ध कराने की कार्यवाही में तेजी लाने पर जोर दिया।

विधायक सदर महेन्द्र यादव ने कहा कि डेंगू के इलाज के लिए मेडिकल कालेज में पर्याप्त दवाएं उपलब्ध न होने की ओर ध्यान आकृष्ट किया। विधायक महादेवा दूधराम ने कहा कि अइलिया गांव में नवनिर्मित सड़क उखड़ गयी है। सांसद ने पीडब्ल्यूडी विभाग को इसे ठीक कराने तथा संबंधित ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट करते हुए उसके खिलाफ एफआईआर कराने के निर्देश दिये है।

एमएलसी प्रतिनिधि हरीश सिंह ने कहा कि किसानों को खाद की दिक्कत हो रही है, इसके वितरण की व्यवस्था सुचारू ढंग से करायी जाय। जगदीश शुक्ल ने कहा कि मनरेगा में वर्तमान में 213 रूपया, मजदूरी दी जाती है, इसको बढाये जाने की आवश्यकता है। ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि दुष्यन्त विक्रम सिंह ने कहा कि वाल्टरगंज- बभनान रोड का चौड़ीकरण किया गया है परन्तु खम्भे नही हटाये गये हैं।

जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने जनप्रतिनिधियों से मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत पात्र लाभार्थियों की जानकारी समय से उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। बताया कि 164 जूनियर हाईस्कूलों का क्षेत्र पंचातय निधि से कायाकल्प कराया जायेगा। जनपद में 700 पंचायत सहायकों की आइडी बन गयी है। ये लोग गोल्डन कार्ड बनाने भी लगे हैं।

# एबीएसए की तहरीर पर प्रधानाचार्य के विरुद्ध मुकदमा

- तीन सदस्यीय टीम की जांच में मिड डे मील का राशन बेचे जाने के मामले का हुआ उजागर
- रविवार की रात में ग्रामीणों ने स्कूल गेट पर पकड़ी थी राशन लदी ट्रैक्टर ट्राली

**जागरण संवाददाता,सोनहा, बस्ती:** सोनहा पुलिस ने खंड शिक्षा अधिकारी रामनगर की तहरीर पर संत कबीर शंकर दास इंटर कालेज मोहम्मद नगर के प्रधानाचार्य के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। तीन सदस्यीय टीम की जांच में मिड डे मील के राशन में अनियमितता की बात साबित होने पर यह कार्रवाई की गई है।

रविवार की रात में ग्रामीणों ने विद्यालय गेट पर राशन लदी ट्रैक्टर ट्राली को रोककर इस बात की सूचना डायल 112 व उपजिलाधिकारी भानपुर को दी थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रैक्टर ट्राली को अपने कब्जे में ले लिया था। गाड़ी में कुल 37 बोरी राशन मिला था, जिसमें 26 बोरी गेहूं व 11बोरी चावल था। एसडीएम गिरीश कुमार झा ने खंड शिक्षा अधिकारी रामनगर व पूर्ति निरीक्षक को स्टाक की जांचकर आरोपितों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने का निर्देश दिया था। निर्देश के क्रम में सोमवार की सुबह खंड शिक्षा अधिकारी नीरज सिंह व पूर्ति निरीक्षक कुलभूषण श्रीवास्तव ने राशन की तौल कराकर स्टाक का मिलान किया तो आरोप सही पाया गया। खंड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि स्टाक में 3.12 क्विंटल गेहूं कम पाया गया है, जबकि 60 किलो चावल अधिक पाया गया।

बताया कि कोरोना काल में 76, 49, 124 व 87 दिन विद्यालय बंद था। जांच में 76 दिनों के खाद्यान्न वितरण का कोई अभिलेख नहीं मिला। 49 दिन विद्यालय बंद होने पर 297 बच्चों को, 124 दिन बंद होने पर 56 व 87 दिन विद्यालय बंद होने पर 24 बच्चों को मध्यान्ह भोजन का राशन नहीं मिला। प्रभारी निरीक्षक रवींद्र सिंह ने बताया कि खंड शिक्षा अधिकारी नीरज सिंह की तहरीर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य इंद्र बहादुर निवासी सुइयांखुर्द थाना खुटहन जनपद जौनपुर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

# हत्या का पर्दाफाश, हत्यारोपित गिरफ्तार

- घटना में प्रयुक्त लोहे की राड व खून लगा कपड़ा भी बरामद
- इटवा कुनगाई गांव के पास सोमवार को मिला था दिव्यांग का शव

**जागरण संवाददाता, बस्ती:** पैकोलिया थाने के करनपुर सेंगर गांव निवासी दिव्यांग सुनील कुमार पुत्र शिवदीन की हत्या के मामले का पुलिस ने पर्दाफाश कर हत्यारोपित को गिरफ्तार कर लिया है। यह जानकारी मंगलवार को अपर पुलिस अधीक्षक दीपेंद्रनाथ चौधरी ने अपने कार्यालय में पत्रकारों को दी।

थानाध्यक्ष पैकोलिया दिलीप कुमार सिंह और उनकी टीम ने मंगलवार की सुबह 6.20 बजे दिव्यांग सुनील की हत्या के मामले में आरोपित महेश तिवारी निवासी सलहदीपुर थाना पैकोलिया को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। घटना में प्रयुक्त लोहे की राड व आरोपित का खून लगा कपड़ा भी बरामद किया गया है।

एएसपी ने बताया कि सोमवार की सुबह पैकोलिया पुलिस को सूचना मिली की दिव्यांग सुनील जो रविवार की शाम सलहदीपुर निवासी एक युवक के साथ साथ घर से गया था, उसका शव जनता उच्चतर माध्यमिक विद्यालय इटवा कुनगाई के पास झाड़ियों में घायल अवस्था में पड़ा है। पुलिस जब तक पहुंचती, परिवार के लोग मौके पर पहुंचकर उसे घर लेकर चले गए। बाद में वे उसे सीएचसी गौर ले गए, जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने दिवंगत के पिता की तहरीर पर सलहदीपुर निवासी महेश तिवारी के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या की धारा में मुकदमा दर्ज किया और उसकी तलाश शुरू कर दी।




दिव्यांग सुनील की हत्या के मामले में गिरफ्तार आरोपित के बारे में जानकारी देते अपर पुलिस अधीक्षक दीपेंद्रनाथ चौधरी •जागरण

पूछताछ में आरोपित ने बताया कि सुनील और वह दोनों एक साथ रहते थे,उस दिन दोनों के बीच पैसे को लेकर विवाद हो गया, जिससे उसने सुनील पर राड से वार कर दिया। उसे घायल देख वह भाग निकला। सीओ हर्रैया शेषमणि उपाध्याय के पर्यवेक्षण में आरोपित को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष के अलावा वरिष्ठ उप निरीक्षक मुनींद्र त्रिपाठी, उप निरीक्षक देवव्रत शर्मा, जनार्दन,आरक्षी सोनू यादव, आशुतोष यादव शामिल रहे।

# महिला ने जेठ को बेलन से पीटकर लहूलुहान किया

**विक्रमजोत।** छावनी थाना क्षेत्र के खतमसराय गांव में महिला ने अपने जेठ को करछुल और बेलन से मारपीट कर लहूलुहान कर दिया। बताया जा रहा है कि उसका जेठ किसी बात पर अपशब्द कहते हुए हंगामा कर रहा था। खतमसराय निवासी रामजीवन ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके छोटे भाई नवमी लाल की पत्नी शिल्पा ने उसे बेलन और करछुल लेकर मारा। जिससे उसका सर फट गया। विक्रमजोत चौकी प्रभारी ओम प्रकाश मिश्रा ने घायल को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विक्रमजोत भेजकर इलाज कराया। चौकी इंचार्ज ओम प्रकाश मिश्रा ने बताया कि 55 वर्षीय राम जियावन विधुर है। छोटे भाई के परिवार के साथ रहता है। वह अक्सर शराब के नशे में घर पहुंच कर उत्पात मचाता था। छोटे भाई के मनाने के बावजूद जब नहीं माना तो उसकी पत्नी शिल्पा ने रसोई में रखे सब्जी बनाने के करछुल और बेलन से जेठ की पिटाई कर दी। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। संवाद



# गिरफ्तार आरोपी के कब्जे से छीना गया मंगलसूत्र बरामद

**पैकोलिया।** थानाक्षेत्र के परसा तिराहा से सोमवार शाम को मंगलसूत्र छीनने के दूसरे आरोपी को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से छीना मंगलसूत्र बरामद किया गया है। इस मामले के एक आरोपी को ग्रामीणों ने उसी समय पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया था।

पैकोलिया थानाक्षेत्र के सुकरौली गांव की पियारी देवी पत्नी राजाराम यादव रविवार दोपहर करीब दो बजे गांव के सामने उपले/कंडा रख रही थीं। उसी समय बाइक सवार दो बदमाश पहुंचे और उनका मंगलसूत्र छीन लिया। भागते समय पीड़िता का लड़का शोर मचाते दौड़ा। हर्रैया थाना क्षेत्र के वंशीनगर के पास ग्रामीणों ने एक बदमाश को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया था। जिसने अपने को हर्रैया थानाक्षेत्र के पेड़ारी गांव निवासी गोविन्द वर्मा बताया था। पूछताछ में उसने बताया था कि उसका दूसरा साथी उसी के गांव का सुनील वर्मा है। पुलिस तभी से उसकी तलाश में थी। संवाद

# छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया

बस्ती। पुलिस की ओर से चलाए जा रहे यातायात माह के तहत मंगलवार को जीवीएम कान्वेंट स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रभारी यातायात कामेश्वर सिंह ने कहा कि सड़क दुर्घटना रोकने में बच्चों की अहम भूमिका होती है। सड़क पर वाहन चलाने से पहले यातायात के नियमों का ज्ञान होना जरूरी है।

बिना हेलमेट व सीट बेल्ट का वाहन नहीं चलाना चाहिए। नाबालिग से वाहन न चलाने का आह्वान किया और बताया कि गाड़ी चलाते समय मोबाइल का प्रयोग नहीं करना चाहिए। अचानक किसी की सड़क दुर्घटना हो जाए तो उसकी मदद करें और पुलिस को सूचना दें। प्रधानाचार्या विजय लक्ष्मी ने कहा कि यातायात नियमों का पालन कर खुद सुरक्षित रहने के साथ ही दूसरों को भी सुरक्षित रखता है। संवाद

# सवा दो किलो गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

कप्तानगंज। एसओजी (स्पेशल आपरेशन ग्रुप) के सहयोग से कप्तानगंज पुलिस ने एक गांजा तस्कर को सवा दो किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया है।

पुलिस कार्यालय के अनुसार प्रभारी निरीक्षक सत्येन्द्र कुंवर, एसओजी प्रभारी रोहित उपाध्याय मय टीम एवं सर्वेश कुमार चौकी प्रभारी महराजगंज की टीम ने सोमवार देर शाम थानाक्षेत्र के मरवटिया तिवारी मोड़ से 200 मीटर दूरी पर संदिग्ध को पकड़ा।

जिसने पूछताछ में अपना नाम रवि शर्मा निवासी सेठा थाना कप्तानगंज बताया। तलाशी में उसके पास से दो किलो 150 ग्राम गांजा बरामद किया गया। उसके विरुद्ध कप्तानगंज थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। संवाद

# मारपीट का वीडियो वायरल एएसपी ने लिया संज्ञान

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** शहर के कंपनी बाग से शास्त्री चौक जाने वाले रास्ते पर स्थित पेट्रोल पंप के पास मंगलवार शाम मारपीट का एक वीडियो वायरल हो गया। जिसमें कुछ लोग एक युवक को दौड़ाकर पीट रहे हैं। इसे संज्ञान लेते हुए एएसपी दीपेन्द्र नाथ चौधरी ने कोतवाली पुलिस को कार्रवाई का निर्देश दिया है।

एएसपी ने बताया कि एक बाइक पर तीन युवक बेहद तेज गति से बाइक चलाकर जा रहे थे। उनके पीछे चल रहे एक बाइक सवार ने पेट्रोल पंप के जाम में तेज रफ्तार बाइक के रुकने पर उन्हें समझाते हुए कहा कि इतनी तेज गाड़ी मत चलाया करो। आरोप है कि इसी बात को लेकर बाइक सवार युवक उस व्यक्ति से उलझ गए।

हाथापाई देख आसपास मौजूद लोग पहुंच गए और मारपीट शुरू हो गई। थोड़ी देर बाद मामला खुद शांत हो गया। इस बीच किसी ने वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। कोतवाल शशांक शेखर राय ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# शराब व रुपये के झगड़े में हुई थी दिव्यांग की हत्या, गिरफ्तार

## साइकिल में लगे लोहे के राड से किया था वार, एएसपी ने प्रेसवार्ता कर किया हत्याकांड का खुलासा

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** शराब और रुपये को लेकर हुए विवाद में पैकोलिया थाना क्षेत्र के करनपुर सेंगर निवासी दिव्यांग सुनील निषाद को साइकिल में लगे नुकीले रॉड से गोद दिया था जिससे उसकी मौत हो गई।

मंगलवार को पुलिस कार्यालय में एएसपी दीपेन्द्र नाथ चौधरी ने खुलासा करते हुए बताया कि नामजद आरोपी महेश तिवारी निवासी सलहदीपुर थाना पैकोलिया को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसने पूछताछ में बताया कि मजदूरी के पैसे व शराब पीने की बात को लेकर दिव्यांग सुनील से विवाद हो गया था। इसी बात को लेकर एक नुकीले रॉड से उस पर हमला कर भाग निकला था। पुलिस के अनुसार घटना में प्रयुक्त लोहे की रॉड व आरोपी का खून से सना कपड़ा बरामद कर लिया गया है।

### रविवार को पैकोलिया थानाक्षेत्र के इटवा कुनगाई कॉलेज के पास हुई थी घटना

अमर उजाला फॉलोअप

इसी थाना क्षेत्र के इटवा कुनगाई स्थित जनता इंटर कॉलेज के गेट के पास स्थित झाड़ी में सोमवार की सुबह एक युवक को लोगों ने लहूलुहान हालत में देखा गया था। जिसके बाद वहां लोगों की भीड़ जुट गई थी। कुछ ही देर में उसकी पहचान सुनील कुमार निषाद (25) पुत्र शिवदीन उर्फ सैदू निवासी करनपुर सेंगर के रूप में हुई थी। सूचना मिलते ही उसके पिता मौके पर पहुंचे और उसे अपने साथ घर ले गए। वहां से परिवार व गांव के लोगों के साथ सुनील को लेकर सीएचसी गौर पहुंचे, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया था।

पिता शिवदीन ने बताया था कि मृतक सुनील बाएं पैर से दिव्यांग था और वैशाखी के सहारे चलता था। रविवार की देर शाम करीब सात बजे महेश तिवारी निवासी सलहदीपुर थाना पैकोलिया उनके बेटे सुनील को घर से बुलाकर अपने साथ साइकिल से कहीं ले गया था। अगले दिन झाड़ियों में सुनील लहूलुहान हालत में मिला था। पुलिस के अनुसार पुलिस ने आरोपी महेश के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का केस दर्ज किया था। मंगलवार को उसे थानाध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह की टीम ने गिरफ्तार कर लिया।

# पत्नी की हत्या में युवक को आजीवन कारावास

## न्यायाधीश ने दोषी पर 25 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** अपर सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट प्रथम अनिल कुमार खरवार की अदालत ने पत्नी की हत्या के मामले में पति को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। दोषी को 25 हजार रुपये अर्थदंड भी देना होगा। इसे अदा न करने पर दो वर्ष की साधारण कारावास भुगतनी होगी।

शासकीय अधिवक्ता दुर्गा प्रसाद उपाध्याय ने अदालत को बताया कि कप्तानगंज थाना क्षेत्र के पायलपुर उर्फ पटखौली के अर्जुन ने अपने बहन रेनू की शादी 12 मई 2014 को परशुरामपुर थाना क्षेत्र के बुबौना ग्राम निवासी आदित्य चौधरी (26) के साथ की थी। शादी के कुछ माह बाद से उनके पति व सास- ससुर दहेज के लिए रेनू को परेशान करने लगे। आरोप लगाया गया था कि रेनू पर पति व सास, ससुर मायके से धन मांगने के लिए दबाव बनाते थे। उसे शारीरिक व मानसिक प्रताड़ना देते थे। 10 जनवरी 2018 को बहन ने फोन से बताया कि पति, सास, ससुर व ननद पचास हजार रुपये व कार की मांग कर रहे हैं। इसे न देने पर मारपीट रहे हैं। जबकि बच्चे को घर से बाहर कर दिए हैं।

### 13 जनवरी 2018 को पति आदित्य ने फोन पर मौत की दी थी जानकारी

शिकायतकर्ता ने रेनू के पति व ससुर को फोन से ही समझाया कि कुछ धन की व्यवस्था कर देंगे मगर कार नहीं दे सकेंगे। 13 जनवरी 2018 को पति आदित्य ने फोन पर बताया कि रेनू की मौत हो गई है। सुबह उसके घर पहुंचा तो रेनू बिस्तर पर मरी है। उसके सिर व गले पर चोट के निशान हैं। पुलिस ने इस मामले में मुकदमा पंजीकृत किया। विवेचना के दौरान ननद व देवर का नाम नहीं पाया गया। सास शांति, ससुर राधेश्याम व पति आदित्य के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। इस मामले में सात गवाहों के बयान दर्ज हुए। न्यायालय ने संदेह का लाभ देते हुए सास व ससुर को दोष मुक्त किया, जबकि पति को आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

# दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज करने का आदेश

बस्ती। सिविल जज सीनियर डिवीजन फास्ट ट्रैक कोर्ट के न्यायाधीश आलोक वर्मा की अदालत ने महिला से जबरन दुष्कर्म के मामले में लालगंज थाना प्रभारी को मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है। एक महिला ने अधिवक्ता कौशलेंद्र पाल सिंह व विनोद श्रीवास्तव के माध्यम से अदालत में अर्जी दाखिल कर कहा कि घटना 18 मार्च 2022 के शाम पांच बजे की है। वह घर में अकेली थी।

इसी बात का फायदा उठाकर गांव के अंकित गलत नीयत से घर मे घुसकर पीछे से पकड़ कर उठा लिया और अश्लील हरकत करते हुए दुष्कर्म का प्रयास किया। शोर मचाने पर पति व गांव के लोग मौके पर पहुंच गए। आरोपी के परिवार के लोग मौके पर पहुंच कर उसे छुड़ा लिया। न्यायालय ने इस मामले में मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है। संवाद

# जमीन के बंटवारे में मारपीट

बस्ती। कप्तानगंज थाने में तहरीर देकर सेठा निवासी रामपूजन ने आरोप लगाया है कि गांव के कन्हैयालाल, अनिल व राज ने जमीन के बंटवारे को लेकर मारपीट कर धमकाया।

वहीं गौर थाने में तहरीर देकर इटबहरा निवासी जिलाजीत सिंह ने आरोप लगाया है कि गांव के आदित्य सिंह ने उनकी बाइक की टंकी पर ईंट मारकर उसे पिचका दिया। मना करने पर अपशब्द कहते हुए धमकाया। संवाद

# जिले का विकास सभी का लक्ष्य, पूरा करें कार्य

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** जनहित में समय से कार्य पूर्ण करने के लिए सांसद हरीश द्विवेदी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया है। जिले का विकास सभी का लक्ष्य है। उन्होंने एक दूसरे का सहयोग करते हुए इस लक्ष्य को प्राप्त करने का आह्वान किया है।

सांसद मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक को संबोधित कर रहे थे। कहा कि आठ वर्ष में जिले में कई महत्वपूर्ण कार्य हुए हैं। सुविधाएं बढ़ी हैं। 9.45 करोड़ की लागत से गोटवा से हडिया चौराहे तक प्रथम चरण में रिंगरोड स्वीकृत हो गई है। चौरासी कोसी परिक्रमा के लिए भूमि अधिग्रहण शुरू हो गया है। अमहट घाट पर दोनों तरफ घाट बनाने की योजना है। एक नया सर्किट हाउस भी बनाया जाएगा।

सांसद ने कहा कि जिले में खेल को बढ़ावा देने के लिए प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक-एक इंडोर स्टेडियम बनाया जाएगा। निर्देश दिया कि जल जीवन मिशन में बिना तकनीकी जानकारी के कार्य कर रहे पेटी कांट्रैक्टर को चिह्नित करके उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए।




कलेक्ट्रेट सभागार में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की हुई बैठक। संवाद

## कलेक्ट्रेट में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की हुई बैठक

जिला पंचायत अध्यक्ष संजय चौधरी ने कहा कि वाल्टरगंज चीनी मिल पर 50 करोड़ रुपये किसानों का बकाया है, इसके भुगतान की कार्रवाई की जाए। विधायक हर्रैया अजय सिंह ने कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में विकास संबंधी क्षति का आकलन करने के लिए एक समिति गठित की जाए। विधायक रुधौली राजेन्द्र प्रसाद चौधरी ने कहा कि बीमार व्यक्तियों के इलाज के लिए सीएमओ कार्यालय से रिपोर्ट लगाने में तेजी लाई जाए।

विधायक सदर महेन्द्र यादव ने कहा कि डेंगू के इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में पर्याप्त दवा उपलब्ध न होने की ओर ध्यान आकृष्ट किया। विधायक महादेवा दूधराम ने कहा कि अइलिया गांव में नवनिर्मित सड़क उखड़ गई है। सांसद ने पीडब्ल्यूडी को इसे ठीक कराने तथा संबंधित ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट करते हुए उसके खिलाफ एफआईआर कराने के निर्देश दिया।

एमएलसी प्रतिनिधि हरीश सिंह ने कहा कि किसानों को खाद की दिक्कत हो रही है, इसके वितरण की व्यवस्था सुचारु ढंग से कराई जाए। प्रमुख प्रतिनिधि दुष्यंत विक्रम सिंह ने कहा कि वाल्टरगंज-बभनान रोड की चौड़ीकरण किया गया है परंतु खंभे नहीं हटाए गए हैं, जिससे दुर्घटनाएं हो रही हैं। डीएम प्रियंका निरंजन ने सभी का स्वागत किया। बैठक का संचालन परियोजना निदेशक कमलेश सोनी ने किया। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि गुलाब चन्द्र सोनकर, फूलचन्द्र श्रीवास्तव, एमएलसी प्रतिनिधि राकेश सिंह, ब्लाक प्रमुख राकेश श्रीवास्तव, अनिल कुमार दूबे, आदि मौजूद रहे।

# परिक्षेत्र के आंकिक शाखा के कामकाज का डीआईजी ने लिया लेखाजोखा

**बस्ती।** परिक्षेत्र के बस्ती, संतकबीरनगर व सिद्धार्थनगर जनपद के आंकिक शाखा के प्रभारियों/कर्मचारियों के साथ मंगलवार को डीआईजी आरके भारद्वाज ने बैठक की। इस दौरान सभी मानक मदों में शेष अनुदान का व्यय एक माह के अंदर करने एवं अनुरक्षण का भुगतान मय फोटोग्राफी जो परिक्षेत्रीय कार्यालय को भेजकर प्रत्येक दशा में 30 नवंबर तक भुगतान कराने का निर्देश दिया गया।

डीआईजी ने कहा कि प्रत्येक कर्मचारी का एरियर एक माह के अंदर भुगतान कर दिया जाय। अनुपस्थित कर्मचारियों की सूचना मिलने पर वेतन भुगतान के संबंध में प्रधान लिपिक बोर्ड का गठन कर मेडिकल स्वीकृत कराएं और तीन माह के अंदर भुगतान कर दिया जाए। कहा कि जनपदों में सेविंग रजिस्टर रखा जाए, जिसमें पूर्ण विवरण अंकित करते हुए प्रत्येक माह क्षेत्राधिकारी आंकिक से हस्ताक्षर कराया जाए।

डीआईजी ने कहा कि जिन कर्मचारियों का प्रान नंबर (परमानेंट रिटायरमेंट अकाउंट नंबर) आवंटित नहीं हैं, प्रान नंबर 15 दिवस में आवंटित कराकर कटौती प्रारंभ कर दी जाए। जिसका पूर्व से प्रान आवंटन है और कटौती नहीं हो रही है, उनकी प्रतिमाह कटौती के साथ शेष माह का एरियर के रूप में कटौती की जाए। संवाद



जेसीबी से खलिहान की जमीन पर हो रही खुदाई। संवाद

# परिवारपुर में जेसीबी से हुई खलिहान की खुदाई

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज (बस्ती)।** सरकार के तमाम प्रयासों के बाद भी मनरेगा के नाम पर जेसीबी से काम हो रहा है। सोमवार की रात परिवारपुर ग्राम पंचायत के रकबा गांव में जेसीबी से खलिहान की जमीन की खुदाई होने का वीडियो वायरल हुआ है। ग्रामीणों की सूचना पर एसडीएम ने जेसीबी से खुदाई को रुकवा कर मामले की जांच शुरू करवा दी है।

कप्तानगंज ब्लॉक ग्राम पंचायत परिवारपुर के रकबा गांव के खलिहान की जमीन पर अचानक जेसीबी से गांव के कुछ मनबढ़ों ने खुदाई करना शुरू कर दिया जिससे खलिहान में लगे कटहल और आम के पेड़ को भी गिरा दिया गया। जब इसकी भनक ग्रामीणों को लगी तो वह जेसीबी चलने का वीडियो बना लिया और सूचना एसडीएम हर्रैया और पुलिस को दिया। एसडीएम हर्रैया गुलाब चन्द्र ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत हर्रैया पुलिस और वन विभाग की टीम को रकबा गांव में भेजकर रुकवा दिया।

ग्रामीणों की माने तो खलिहान की सफाई के नाम पर मिलीभगत कर मनरेगा का धन खपाने की योजना थी। लेकिन, मामले का वीडियो वायरल हो गया। गांव के मनोज सिंह, अजय सिंह ने मामले की लिखित शिकायती पत्र एसडीएम और हर्रैया पुलिस को दिया है। एसडीएम हर्रैया गुलाब चन्द्र ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है। रिपोर्ट मिलते ही कार्रवाई की जाएगी।

## लेखपाल के कहने पर हुई खलिहान की सफाई

जेसीबी से खलिहान की खुदाई के मामले में ग्राम प्रधान राम निहाल ने बताया कि लेखपाल कहने पर जेसीबी से खलिहान की सफाई हो रही थी। वहीं, लेखपाल मनोज उपाध्याय ने कहा कि आरोप निराधार है।

# SANT KABEER NAGAR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 23-11-2022

# प्रभारी निरीक्षक ने लगाई चौपाल

**कैम्पियरगंज (एसएनबी)।** मंगलवार को आपरेशन त्रिनेत्र के तहत प्रभारी निरीक्षक कैम्पियरगंज भूपेंद्र कुमार सिंह ने महावनखोर एवं अलगटपुर में ग्राम प्रधानों एवं सम्भ्रांत नागरिकों के साथ चौपाल लगाकर ग्रामीण क्षेत्रों एवं चौराहों पर सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद करने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाने की अपील की।

प्रभारी निरीक्षक श्री सिंह ने कहा कि सीसीटीवी कैमरे को तीसरी आंख के रूप में इस्तेमाल किया जाता है और अधिकतर मामलों में यह काफी कारगर साबित हो रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि शहर हों या गांव सभी तीसरी आंख के दायरे में होने चाहिए जिससे अपराध एवं अपराधियों पर नकेल



लगाई जा सके लेकिन इसके लिए हमें और आपको समाज को जागरूक करते हुए हर गांवों के सार्वजनिक स्थानों एवं चौराहों पर निजी रुचि रखते हुए तत्काल आपरेशन त्रिनेत्र को सफल बनाने में सीसीटीवी कैमरे को लगाने की शुरुआत आज से नहीं बल्कि अभी से करनी चाहिए।

चौपाल को एसएसआई राकेश कुमार सिंह ने भी सम्बोधित करते हुए ग्राम प्रधानों एवं सम्भ्रांत नागरिकों से हरसंभव सहयोग करने का आह्वान किया। चौपाल में एसआई मधुरेश त्रिवेदी, अतुल तिवारी, राघवेन्द्र पाल सिंह तथा ग्राम प्रधान महावनखोर, अलगटपुर सहित दर्जनों ग्राम प्रधान एवं सम्भ्रांत लोग मौजूद रहे।

## गैंगस्टर की आरोपित महिला गिरफ्तार

**पिपराइच।** गैंगस्टर की आरोपित खोराबार थाना क्षेत्र के अराजी मतौनी गांव निवासी विजेता देवी पत्नी अजय को आज मंगलवार की शाम पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पिपराइच थानाध्यक्ष सूरज सिंह ने बताया कि यह महिला लूट जैसी सुसंगठित गिरोह की चलाती थी।गुलहरिया में चेने चिंग की कई घटनाओं में जेल जा चूकी है। गुलहरिया थाना पुलिस ने 13 नवम्बर को महिला पर गैंगस्टर की कार्यवाही की थी।

# मैरेज लॉन में छापामारी, चार युवक-युवतियां पकड़ी गईं

**गोरखपुर (एसएनबी)।** मंगलवार की सुबह खोराबार इलाके के कस्या रोड पर स्थित कुसम्ही बाजार के पास मैरिज लॉन में शादी समारोह के लिए बुकिंग की जाती है। लेकिन इधर इलाके में अधिकाश होटल और मैरिज लॉन युवक और युवतियों का मौज मस्ती का अडडा बन गया है। लोगों की शिकायत पर सीओ कोतवाली ने पुलिस के साथ छापेमारी की जहां संदिग्ध परिस्थितियों में चार युवक व युवतियों पकड़ी गयी। सीओ कोतवाली ने युवतियों के परिजनों को बुलाकर हिदायत के साथ सौप दिया। वहीं मैरिज लॉन का कोई कागजता नही मिला है। जिनके खिलाफ पुलिस कार्रवाई का मन बना चुकी है।

कुसम्ही बाजार प्रतिनिधि के मुताबिक मुखबीर की सूचना पर सी ओ कोतवाली के नेतृत्व में खोराबार पुलिस ने कुसम्ही बाजार स्थित प्रगति मैरिज लॉन में मंगलवार को छापा डालकर अलग अलग चार कमरों से चार जोड़ी युवक युवतियों को संदिग्ध परिस्थितियों में पकड़ कर खोराबार थाने में पूछताछ की है। जांच में पहुंचे सी ओ कोतवाली रतनेश्वर सिंह ने प्रगति मैरिज लॉन में जाकर रखे रजिस्टर को चेक किया जिसमें पकड़े गए युवक युवतियों की आईडी आगंतुक रजिस्टर में दर्ज थी। ये चारों युवक युवतियां पहचान पत्र के आधार पर बालिग है। पुलिस के अनुसार ये चारों



**पुलिस ने परिजनों को बुलाकर युवतियों को सौपा**

**कुसम्ही इलाके में मैरिज हाल व होटलों में लम्बे समय से चल रहा है खेल**

**जगदीशपुर चौकी के दीवान की भूमिका संदिग्ध,खेल में शामिल**

**मैरिज लॉन मालिक से मांगी गयी कागजातःएसओ खोराबार**

युवक युवतियां एक दूसरे के दोस्त बता रहे है लेकिन वहां पर मौज मस्ती करने पहुंचे थे। पुलिस युवतियों के परिजन को बुला कर आगे की कार्यवाही कर रही है। याद दिला दें कि पूर्व में भी इस मैरिज लॉन में इसी तरह की शिकायत पर छापा पड़ चुका है। पिछले 14 नवंबर को मुखबीर की सूचना पर जगदीशपुर पुलिस चौकी ने संदिग्ध परिस्थिति में युवक युवतियों की होने की सूचना पर छापा डाला था। उस समय मौके से कोई नही मिला था। बताया जा रहा है की छापा के पहले ही एक सिपाही ने सूचना को लीक कर दिया था

एसओ खोराबार कल्याण सिंह सागर का कहना है कि युवक युवतियों के परिजनों को बुलाकर उन्हे घटना के बारे में जानकारी दी गयी। मैरिज हाल के मालिक से लॉन चलाने के मामले में कागजता मांगी गयी है। कागजात नहीं मिलने पर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

दूसरी तरफ चर्चा है कि चौकी के दीवान लम्बे समय से है। वह इलाके के होटल और मैरिज हाल के मालिकों से सांठ गाठ कर सुबह से शाम तक युवक युवतियों घुमने के बहाने कुसम्ही जंगल पहुंचते है और वहां पर मौज मस्ती करते है। चर्चा है कि मैरिज लॉन के मालिक घंटे पर बुकिंग करते हैं।

# सड़क पर सुरक्षित यात्रा से होगी जीवन रक्षा

**गोला (एसएनबी)।** कस्बा स्थित एलपीएम पब्लिक स्कूल में सोमवार को सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों को यातायात नियमों व सड़क पर सुरक्षित आवामगन के प्रति सचेत किया गया। कोतवाल जयनारायण शुक्ल ने कहा कि वाहनों को सावधानीपूर्वक व नियमानुसार चलाने, बाइक ड्राइव करने के दौरान हेलमेट का उपयोग, चार पहिया वाहनों में सीट बेल्ट का उपयोग, वाहन चलाते समय नशीले पदार्थों का सेवन न करने से सड़क पर यातायात सुरक्षित होगा। अंत में विद्यालय के प्रबंध निदेशक अमरनाथ वर्मा ने आभार प्रकट किया। संचालन शिक्षक आरआर त्रिपाठी ने किया। प्रधानाचार्य रेवरेंट डीके सहित अनेक शिक्षक व छात्र उपस्थित रहे।



# चौरीचौरा में दो पशु चोर अरेस्ट

चौरीचौरा एरिया के देवीपुर गांव से सोमवार रात में चोरी करते हुए दो पशु को पुलिस ने बरामद कर दो पशु चोर को अरेस्ट किया है. देवीपुर निवासी धर्मेंद्र यादव ने सोमवार को अपनी पशु चोरी होने का केस दर्ज कराया था. पकड़े गए चोरो की पहचान झंगहा थाना एरिया के भिसवा निवासी अलाउद्दीन व खोराबार थाना क्षेत्र के सूबा बाजार निवासी चुन्नू मौर्या के रूप ने हुई. पुलिस ने दोनों अभियुक्तों को न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया.

# थानेदारों का बदला गया कार्यक्षेत्र

गोरखपुर (एसएनबी)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा. गौरव ग्रोवर ने बीती रात जिले के दस थानेदारों का कार्यक्षेत्र बदले जबकि पीपीगंज थानेदार को हटाया गया। वहीं पिपराइच और बड़हलगंज एसएसआई को थाने की जिम्मेदारी सौंपी गयी।

जानकारी के मुताबिक शाहपुर थानेदार रणधीर मिश्र को कोतवाली प्रभारी बनाया गया। जबकि कोतवाली प्रभारी अजय कुमार मौर्या को लोक शिकायत प्रकोष्ठ, मधुप नाथ मिश्रा बड़हलगंज कोतवाली से हटाकर शाहपुर थानेदार बने, संदीप यादव बेलीपार से बासगांव एसओ, सत्य प्रकाश सिंह बासगांव से हटाकर अपराध शाखा, जय नरायन शुक्ला गोला से हटाकर बड़हलगंज प्रभारी बनाये गए। इसी क्रम में इकरार अहमद एसओ खजनी से हटाकर एसओ बेलीपार, शिवशंकर चौबे पीपीगंज एसओ से हटाकर एएचटी प्रभारी बनाया गया, राजेन्द्र सिंह सर्विलांस प्रभारी को एसओ राजघाट, संजय मिश्रा एसओ राजघाट को एसओ खजनी, अश्वनी तिवारी एसएसआई बड़हलगंज को पहली बार गोला थानेदार बनाया गया जबकि राजकुमार सिंह को एसएसआई पिपराइच को एसओ सिकरीगंज की जिम्मेदारी मिली हैं।

**रणधीर मिश्रा कोतवाली, दीपक सिंह एसओ पीपीगंज एसएसआई पिपराइच राजकुमार सिंह एसओ सिकरीगंज और अश्वनी त्रिपाठी गोला एसओ बने**

# चाकू के साथ युवक अरेस्ट

गुलरिहा एरिया के जंगल डुमरी नंबर एक के फैलहवा घाट पर सोमवार रात चेकिंग के दौरान एक युवक को पुलिस ने चाकू के साथ अरेस्ट कर लिया. पकड़े गए आरोपी की पहचान केवटहिया टोला निवासी राहुल निषाद के रूप में हुई. जानकारी के मुताबिक, सोमवार रात 11:30 बजे उपनिरीक्षक अश्वनी कुमार चौबे, हेड कांस्टेबल हरेंद्र सिंह के साथ वाहन चेकिंग कर रहे थे. इसी दौरान एक संदिग्ध युवक आता दिखा. पुलिस ने रोकने का प्रयास किया तो वह भागने लगा. दौड़ाकर पकड़ा गया और फिर उसकी तलाशी के दौरान चाकू बरामद कर लिया. पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया.

# बर्तन व्यापारी की हत्या के 2 और आरोपी अरेस्ट

**GORAKHPUR (22 Nov):** खोराबार एरिया के डांगीपार में बर्तन व्यापारी विक्की वर्मा की हत्या में शामिल दो अन्य आरोपियों को पुलिस ने मंगलवार को अरेस्ट कर लिया. हत्या में शामिल पांच आरोपियों को पहले ही पुलिस जेल भिजवा चुकी है. घटना में शामिल तीन अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस जुटी है. पुलिस का दावा है कि जल्द ही आरोपियों को भी अरेस्ट कर लिया जाएगा.पकड़े गए आरोपियों की पहचान लहसड़ी के खैरा टोला निवासी अंशु निषाद व माखन निषाद के रूप में हुई. पुलिस के मुताबिक, 26 अक्टूबर को प्रतिमा विसर्जन के लिए कुछ युवकों ने चाकू से गोद कर विक्की की हत्या कर दी. इस मामले के दो आरोपित मंगलवार को पकड़े गए.

# 10 थानेदार बदले 3 की छिनी थानेदारी

**GORAKHPUR (22 Nov) :** एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने 10 थानेदारों के तबादले कर दिए. इनमें तीन थानेदारों से थानों की कमान छीन ली गई. जबकि, तीन नए पर भरोसा जताते हुए उन्हें थानों की जिम्मेदारी दी गई है. इंस्पेक्टर शाहपुर रणधीर मिश्रा को कोतवाली थाने की कमान सौंप दी. कोतवाली इंस्पेक्टर अजय कुमार मौर्या के खिलाफ मिल रही शिकायतों के बाद उन्हें लोक शिकायत प्रकोष्ठ से अटैच कर दिया गया. बड़हलगंज इंस्पेक्टर मधूप मिश्रा को शाहपुर थाने, बेलीपार इंस्पेक्टर संदीप यादव को बांसगांव थाने पर भेजा गया है. वहीं, बांसगांव इंस्पेक्टर सत्यप्रकाश सिंह को अपराध शाखा भेज दिया गया. इंस्पेक्टर गोला जय नारायण शुक्ला को इंस्पेक्टर बड़हलगंज, इंस्पेक्टर खजनी इकरार अहमद को इंस्पेक्टर बेलीपार की कमान सौंपी गई है. इंस्पेक्टर पीपीगंज शिव शंकर चौबे को एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग सेल भेज दिया गया. प्रभारी सेल सर्विलांस के सब इंस्पेक्टर राजेंद्र सिंह को राजघाट थाने की कमान सौंपी गई है. राजघाट थानाध्यक्ष रहे संजय मिश्रा को खजनी का नया थानाध्यक्ष बनाया गया है.

# मोहल्ले में पहुंचे एडीजी नहीं आए बीपीओ

**GORAKHPUR (22 Nov):** आपरेशन त्रिनेत्र के तहत शुरू हुए हर घर कैमरा अभियान को लेकर पुलिसकर्मी गंभीर नहीं है. अधिकारियों के सख्त निर्देश होने के बाद भी थानेदार, हल्का दारोगा और बीपीओ एरिया में भ्रमण कर लोगों को अभियान के बारे में नहीं बता रहे. सोमवार की रात गोरखनाथ एरिया में पहुंचे एडीजी ने मोहल्ले में पैदल गश्त की. व्यापारी व स्थानीय लोगों से बात कर अपनी दुकान व आवास में सुरक्षा के लिए सीसी कैमरा लगवाने की अपील की.

## दो बीपीओ गैर हाजिर

गश्त के दौरान अनुपस्थित रहे दो बीपीओ को देर रात एसएसपी ने लाइन हाजिर कर दिया. कार्य में रुचि न लेने वाले थानेदार व हल्का दारोगा को एडीजी ने चेतावनी दी है. आपरेशन त्रिनेत्र के दूसरे चरण में पुलिस हर घर में कैमरा अभियान चला रही है. आमजन को जागरुक करने और सीसी कैमरा लगवाने के लिए एडीजी जोन अखिल कुमार ने निर्देश दिए हैं कि पुलिस के अधिकारी एरिया में पैदल गश्त करने के साथ ही स्थानीय लोगों से बातचीत कर सीसी कैमरा लगवाने के लिए प्रेरित करें. सोमवार रात एडीजी जोन अखिल कुमार, एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई के साथ गोरखनाथ एरिया के जाहिदाबाद, नौरंगाबाद, हुमायूंपुर उत्तरी, जमुनहिया, चक्सा हुसैन, हड़हवा फाटक व कसाई टोला में पैदल गश्त किया. दुकानदारों के साथ ही स्थानीय लोगों को आपरेशन त्रिनेत्र की जानकारी देते हुए सुरक्षा की दृष्टि से सीसी कैमरे लगवाने की अपील की.

# प्रधानाचार्य सहित तीन पर हत्या के केस में लगी एफआर

**फॉलोअप**

- प्रधानाचार्य एके पांडेय व प्रशासनिक अधिकारी नितिन द्विवेदी शामिल
- उद्योगपति ओमप्रकाश जालान ने कराया था मुकदमा

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। विकास भारती विद्यालय परिसर में प्रशासनिक अधिकारी नितिन द्विवेदी की पत्नी अर्चना द्विवेदी की संदिग्ध मौत के मामले में दर्ज हत्या के केस को विवेचना के बाद पुलिस ने खारिज कर दिया है। जांच में साक्ष्य न मिलने पर विवेचक ने केस में फाइनल रिपोर्ट लगा दिया है।

विकास भारती परिसर में प्रशासनिक अधिकारी नितिन द्विवेदी की पत्नी अर्चना द्विवेदी की दस नवंबर 2021 को मौत हो गई थी। इस मामले में पिपराइच पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर सितम्बर 2022 में नितिन द्विवेदी के अलावा विद्यालय के प्रधानाचार्य सहित तीन लोगों पर हत्या का केस दर्ज किया था। उद्योगपति और विद्यालय प्रबंध समिति के संस्थापक सदस्य ओमप्रकाश जालान ने केस दर्ज कराने के लिए कोर्ट में अर्जी दी थी। प्रशासनिक अधिकारी नितिन द्विवेदी की पत्नी अर्चना द्विवेदी की परिसर मे संदिग्ध हाल में मौत हो गई थी। घटना की सूचना देने के बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इसके अलावा उनका आरोप है कि कई बार पत्र लिखकर प्रबंध समिति से विरोध जताया गया।

# छापेमारी में संदिग्ध हाल में मिले चार जोड़े

खोराबार/कुसम्ही बाजार। कुसम्ही बाजार स्थित एक मैरिज लान और रेस्टोरेंट में मंगलवार को पुलिस ने छापेमारी कर चार लड़के और लड़कियों को संदिग्ध हाल में पकड़ लिया। सभी को थाने ले आया गया, सीओ ने सभी से पूछताछ के बाद उनके परिवारीजनों को बुलाया।

# दस बेरोजगारों से पांच लाख की हुई जालसाजी

खोराबार,हिन्दुस्तान संवाद। विदेश भेजने के नाम पर खोराबार स्थित एक ट्रेनिंग सेंटर के संचालक ने 10 लोगों से 5 लाख रुपये वसूल कर फरार हो गया। रुपये देने वाले सभी तीन महीने से परेशान हैं।

इस सम्बंध में मंगलवार को थाने पर मानसिंह पगरा थाना हाटा जिला कुशीनगर,रोहित सिंह बेलवा बुजुर्ग थाना अहिरौली कुशीनगर ने तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार खोराबार के मदरहवा चौराहा स्थित एक ट्रेनिग सेंटर का संचालक मान सिंह, रोहित सिंह एवं अलग-अलग स्थान के रहने वाले सुभाष चंद, प्रदीप शर्मा, चन्द्रभूषण सिंह, समीर कुमार सिंह, हरेंद्र प्रसाद, जितेंद्र यादव, तूफानी, गजेन्द्र सिंह से कुल 5 लाख रुपये विदेश भेजने के नाम पर लेकर फरार हो गया। ठगी के शिकार लोग तीन माह से ट्रेनिंग सेंटर का चक्कर लगा रहे है। लेकिन उससे मुलाकात नहीं हो पाई, तथा उसके मोबाइल पर फोन करने पर सम्पर्क नहीं हो पा रहा है।

## मैरिज लान में पुलिस का छापा, पकड़े गए चार युगल

gorakhpur@inext.co.in

GORAKHPUR (22 Nov) :खोराबार थाना पुलिस ने मंगलवार की दोपहर मैरिज लान में छापा डाल चार युगल को पकड़ा. थाने लाकर पूछताछ करने पर पता चला कि पकड़े गए युगल एक-दूसरे के परिचित हैं. लड़कियों को परिजन के साथ भेज दिया गया. युवकों से पूछताछ चल रही है.

### कमरे की ली गई तलाशी

पुलिस को सूचना मिली कि लॉन में अनैतिक कार्य होता है. मंगलवार को बाइक से युवक और युवती पहुंचे हैं. अधिकारियों के निर्देश पर सीओ कोतवाली रत्नेश्वर सिंह स्थानीय थाने की फोर्स लेकर मैरिज लान में पहुंचे. कमरे की तलाशी लेने पर चार युगल मिले. इनका नाम, रजिस्टर में दर्ज था. पूछताछ करने के बाद पता चला कि आपस में मित्र हैं. सभी को थाने लाने के बाद खोराबार थाना पुलिस ने नाम, पता नोट कर स्वजन को बताया. थाने पहुंचे माता-पिता के साथ लड़कियों को घर भेज दिया गया. लड़कों से पूछताछ चल रही है. 14 नवंबर को भी खोराबार थाना पुलिस ने मैरिज लान में छापा डाला था.

# मान्यता खत्म होने के बाद भी चलता रहा स्कूल, केस

- बीईओ की तहरीर पर रामगढ़ताल पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा
- रामगढ़ताल क्षेत्र के कजाकपुर के अपेक्स स्कूल का मामला

गोरखपुर, निज संवाददाता। रामगढ़ताल क्षेत्र के कजाकपुर में पिछले दिनों जिस स्कूल के परिसर में बच्ची के पानी में डूबने से मौत हुई थी उसकी मान्यता ही समाप्त हो गई थी। जांच में इसकी पुष्टि होने पर खोराबार ब्लॉक के बीईओ पंकज कुमार की तहरीर पर पुलिस ने अपेक्स एकेडमी के प्रबंधक पर धोखाधड़ी और आपराधिक साजिश रचने की धारा में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कजाकपुर स्थित अपेक्स एकेडमी में बीते 19 अक्टूबर को स्कूल में पढ़ने गई तीन साल की बच्ची दृष्टि का परिसर में भरे पानी के गड्ढे में डूबने से मौत हो गई थी। शिक्षा विभाग ने जांच शुरू की तो चौंकाने वाली जानकारी मिली। संस्था की मान्यता कक्षा एक से पांच तक वक्फ बोर्ड मदरसा बोर्ड से अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी गोरखपुर से प्राप्त थी। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी के द्वारा बताया गया कि संस्था की मान्यता 17 जून 2020 को समाप्त हो गई थी। मान्यता समाप्त होने के बाद भी अपेक्स एकेडमी के प्रबंधक द्वारा कक्षा संचालित की जा रही थी। जांच में इसकी जानकारी होने के बाद बीएसएस के निर्देश पर बीईओ खोराबार पंकज कुमार की तहरीर पर केस दर्ज कर लिया।

# अपहरणकर्ता को दबोचा, युवती मिली

गोरखपुर। खोराबार पुलिस ने युवती का अपहरण करने वाले आरोपित को मंगलवार को गिरफ्तार कर अपहृता को बरामद कर लिया। पुलिस ने उसको कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। पुलिस आरोपित खोराबार क्षेत्र के रामनगर कड़जहां निवासी रविन्द्र निषाद पर केस दर्ज कर तलाश कर रही थी। आरोपित युवती को 13 नवंबर की रात में बहला-फुसला कर घर में रखा और ताला तोड़कर नकदी और जेवरात लेकर उसके साथ भाग गया था।

# मोहल्ले में पहुंचे एडीजी, नहीं आए बीपीओ

**लाइनहाजिर**

- गोरखनाथ थानेदार, हल्का दारोगा को एसएसपी ने दी चेतावनी
- ऑपरेशन त्रिनेत्र की स्थिति और गश्त करने निकले थे एडीजी



गोरखनाथ क्षेत्र में मोहल्ले के लोगों से बात करते एडीजी जोन अखिल कुमार।

गोरखपुर,वरिष्ठ संवाददाता। आपरेशन त्रिनेत्र के तहत शुरू हुए हर घर कैमरा अभियान को लेकर पुलिसकर्मी गंभीर नहीं हैं। अधिकारियों के सख्त निर्देश होने के बाद भी थानेदार, हल्का दारोगा और बीट पुलिस अधिकारी (बीपीओ) क्षेत्र में भ्रमण कर लोगों को अभियान के बारे में नहीं बता रहे हैं। सोमवार की रात गोरखनाथ क्षेत्र में पहुंचे एडीजी ने मोहल्ले में पैदल गश्त किया। व्यापारी व स्थानीय लोगों से बातकर अपनी दुकान और आवास में सुरक्षा के लिए सीसी कैमरा लगवाने की अपील की। गश्त के दौरान अनुपस्थित रहे दो बीपीओ को देर रात एसएसपी ने लाइन हाजिर कर दिया।

आपरेशन त्रिनेत्र के तहत आमजन को जागरुक करने और सीसी कैमरा लगवाने के लिए एडीजी जोन अखिल कुमार ने निर्देश दिए हैं कि पुलिस के अधिकारी क्षेत्र में पैदल गश्त करने के साथ ही स्थानीय लोगों से बातचीत कर सीसी कैमरा लगवाने के लिए प्रेरित करें। रात को एडीजी जोन अखिल कुमार, एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई के साथ गोरखनाथ क्षेत्र के जाहिदाबाद, नौरंगाबाद, हुमायूंपुर उत्तरी, जमुनहिया में पैदल गश्त किया। स्थानीय लोगों को आपरेशन त्रिनेत्र की जानकारी देते हुए सुरक्षा की दृष्टि से सीसी कैमरे लगवाने की अपील की। बातचीत में पता चला कि 40 फीसद लोगों के घर सीसी कैमरा लगा है। पता चला कि बीट पुलिस अधिकारी ओमकार यादव व भीम पटेल के कार्य में रुचि न ले रहे हैं। एडीजी के निर्देश पर दोनों बीपीओ को एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने तत्काल लाइन हाजिर दिया।

# धोखाधड़ी का आरोपित गिरफ्तार

गोरखपुर, निज संवाददाता। कूटरचना द्वारा जालसाजी करने के आरोपित को चिलुआताल पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसको कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया।

चिलुआताल पुलिस जंगल बेनी माधव नंबर-2 मोहरीपुर निवासी सागर चौहान के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश कर रही थी।

# गैंगस्टर का आरोपित चढ़ा पुलिस के हत्थे

गोरखपुर। रामगढ़ताल पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित बदमाश को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस ने उसको जेल भेज दिया गया।

रामगढ़ताल थानेदार सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि आरोपित शनि चौहान गोरखनाथ क्षेत्र के मिर्जापुर पचपेड़वा निकल रेलवे क्रॉसिंग के पास रहने वाला है। उसके ऊपर रामगढ़ताल और चिलुआताल थाने में तीन केस दर्ज हैं।

# बर्तन व्यापारी की हत्यारोपी गिरफ्तार

गोरखपुर। खोराबार पुलिस ने बर्तन व्यापारी की चाकू मारकर हत्या के मामले में फरार चल रहे दो और आरोपितों को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनको कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया।

खोराबार थानेदार कल्याण सिंह सागर ने बताया कि 26 अक्टूबर की रात में लक्ष्मी प्रतिमा विसर्जन के दौरान बर्तन व्यापारी विक्की ठठेरा की क्षेत्र के डांगीपार ढाला के पास मनबढ़ों ने चाकू से गोदकर हत्या कर दी थी।

# 10 थानेदार बदले, तीन की छिन गई कुर्सी

## बदलाव

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने 10 थानेदारों के तबादले कर दिए। इनमें तीन थानेदारी छीन ली गई, जबकि तीन नए को जिम्मेदारी दी गई है।

एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने इंस्पेक्टर शाहपुर रणधीर मिश्रा को कोतवाली थाने की कमान सौंप दी, जबकि कोतवाली इंस्पेक्टर अजय मौर्या के खिलाफ लगातार मिल रही शिकायतों के बाद उन्हें लोक शिकायत प्रकोष्ठ से अटैच कर दिया गया। बड़हलगंज इंस्पेक्टर मधूप मिश्र को शाहपुर थाना, बेलीपार इंस्पेक्टर संदीप यादव को बांसगांव थाने पर भेजा गया है। वहीं, अब तक बांसगांव इंस्पेक्टर रहे सत्यप्रकाश सिंह को अपराध शाखा भेज दिया गया। इसके अलावा इंस्पेक्टर गोला जयनारायण शुक्ल को इंस्पेक्टर बड़हलगंज, इंस्पेक्टर खजनी इकरार अहमद को इंस्पेक्टर बेलीपार की कमान सौंपी गई है। जबकि, इंस्पेक्टर पीपीगंज शिवशंकर चौबे को एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग सेल भेजा गया। प्रभारी सेल सर्विलांस के सब इंस्पेक्टर राजेंद्र सिंह को राजघाट थाने की कमान सौंपी गई है। साथ ही राजघाट थानाध्यक्ष रहे संजय मिश्र को खजनी का नया थानाध्यक्ष बनाया गया है। एसएसआई बड़हलगंज अश्वनी को गोला तो सिकरीगंज के थानेदार दीपक सिंह को पीपीगंज और पिपराइच के एसएसआई राजकुमार सिंह को सिकरीगंज थाने की कमान दी गई।

# सात पशु तस्करों पर गैंगस्टर की कार्रवाई

गोरखपुर। चिलुआताल पुलिस ने पशु तस्करी में संलिप्त सात लोगों के विरुद्ध गैंगस्टर में निरुद्ध किया है।

कुशीनगर के कसया के सोहसा पट्टी निवासी जफरूद्दीन, तरया सुजान के भुलिया अगरवां निवासी नूर मोहम्मद, कोइंदी पट्टी निवासी दो भाइयों शेरू हुसैन उर्फ बुफराम, इमाम हुसैन, कुबेर स्थान सेमरा हरदो तौसिफ, पटहेरवा के कनक पिपरा इमामुल हक व गुलरिहा हरसेवकपुर नंबर-2 निवासी अनूप यादव के द्वारा गिरोह बंद होकर समाज विरोधी क्रिया कलाप करने पर गैंगेस्टर की कार्रवाई हुई। इसमें जफरूद्दीन पर गोरखपुर व कुशीनगर के विभिन्न थानों में आठ, नूर मोहम्मद पर चार, तौसिफ पर पांच, इमाम हुसैन पर चार, शेरू हुसैन उर्फ गुफरान पर पांच अनूप पर दस व इमामुल हक पर छह केस दर्ज है।

## बालापार-टिकरिया रोड पर बनेगा सोनबरसा थाना, जमीन की हो चुकी है रजिस्ट्री

# सोनबरसा थाने पर मुहर चार और का प्रस्ताव भेजा

**32** हो जाएगी जिले में थानों की संख्या सोनबरसा के बाद

**02** शहरी क्षेत्र के थाने के लिए भेजा गया है प्रस्ताव

**05** थाने बन चुके हैं गोरखपुर में बीते पांच सालों में

■ विवेक पाण्डेय

गोरखपुर। गोरखपुर में एक और थाने पर मुहर लग गई। यह थाना बालापार-टिकरिया रोड पर सोनबरसा में बनेगा। सोमवार को थाने की जमीन की रजिस्ट्री कराई गई। अब जल्द ही इसका निर्माण शुरू हो जाएगा। सोनबरसा थाना बनने के बाद गोरखपुर में कुल थानों की संख्या 32 हो जाएगी। हालांकि चार और थानों का प्रस्ताव अभी प्रस्तावित हैं, जिसमें शहरी क्षेत्र में दो और गोरखपुर दक्षिणी में दो थाने शामिल हैं। योगी ने पहली बार सीएम बनने के बाद हर एक लाख की आबादी पर नए थानों के निर्माण करने का निर्देश दिया था। निर्देश के बाद सबसे पहले गोरखपुर में पहले पांच सालों में पांच नए थाने बन चुके हैं, जो काम कर रहे हैं। इनमें गीडा, रामगढ़ताल, एम्स, साइबर और एएचटी थाना शामिल है। हालांकि एम्स थाना अभी यूपी काप एप और कागजों में ही चालू है। लेकिन धरातल पर उसका भवन बनकर तैयार हो जाएगा। चूंकि उसका नोटिफिकेशन हो गया है इसलिए वह कागजों में चल रहा है। भवन तैयार हो जाने के बाद वहां स्टॉफ की तैनाती कर दी जाएगी, जिसके बाद एम्स थाना धरातल पर भी काम करने लगेगा।



### विस्तार

- सोमवार को हुई थाने की जमीन की रजिस्ट्री, जल्द शुरू किया जाएगा काम
- बांसगांव को काटकर कौड़ीराम थाना, बड़हलगंज को काट डेरवा थाना बनेगा

### इन थानों में ऐसे कटेंगे एरिया



खोराबार के बेलवार चौकी में पड़ने वाले इलाकों जैसे अकोलहिया, पोछिया, छपरा, बरसाइत, लालपुर टीकर, कुंई, प्यासी, गौरी मंगलपुर, कड़जहां, जंगल चंवरी, रायगंज के अलावा झंगहा के रामपुर डांड़ी, लक्ष्मीपुर सहित सैकड़ों गांव बेलवार थाने में शामिल होंगे। इसी प्रकार कैंट के मोहद्दीपुर, रेलवे कालोनी को काटकर रेलवे कालोनी थाना बनाया जाएगा। वहीं, बांसगांव के कौडीराम थाने में कुछ गांव बांसगांव और कुछ गगहा और कुछ बेलीपार थाने का हिस्सा काटा जाएगा। कौड़ीराम थाने में कौड़ीराम,डांड़ी, गजपुर, कसिहार, मलांव, जयंतीपुर सहित कई गांव होंगे। वहीं डेरवा थानें में बड़हलगंज और गोला के साथ ही गगहा के कुछ गांवों को काटकर बनाया जाएगा। इसी प्रकार बालाकोट सोनबरसा थाने में गुलरिहा और चिलुआताल के गांवों को काटकर बनाया जाएगा। इसमें सरहरी, सोनबरसा जहां सीएम योगी का विश्वविद्यालय है वे सब इलाके होंगे।

### वर्तमान में हैं 31 थाने

कैंट, कोतवाली, तिवारीपुर, राजघाट, गोरखनाथ, रामगढ़ताल, महिला थाना, साइबर थाना, एएचटी थाना, शाहपुर, खोराबार, चिलुआताल, गुलरिहा, पीपीगंज, कैंपियरगंज, पिपराइच, झगहा, चौरीचौरा, सहजनवां, गीडा, हरपुर बुदहट, सिकरीगंज, बांसगांव, खजनी, गोला, बड़हलगंज, उरुवा, बेलीपार, गगहा, बेलघाट, एम्स थाने सहित वर्तमान में कुल 31 थाने हैं। सोनबरसा थाना बनने के बाद संख्या 32 हो जाएगी।

> बालापार-टिकरिया रोड पर सोनबरसा में थाना बनना है। जमीन की रजिस्ट्री चल रही है। इसके बाद थाना के निर्माण का कार्य शुरू होगा। थाना बनने से चिलुआताल कुछ इलाकों के अलावा गुलरिहा के सरहरी वाले इलाके को शामिल किया जाएगा।
>
> **- मनोज कुमार अवस्थी**, एसपी नार्थ

**प्रस्ताव तैयार कर भेजा गया :** जो नए थानों का प्रस्ताव भेजा गया है उसमें शहरी क्षेत्र के खोराबार थाने से काटकर बेलवार थाना, कैंट थाने से काटकर रेलवे कालोनी थाना का प्रस्ताव एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने भेजा है। वहीं दक्षिणी क्षेत्र में बांसगांव थाने से काटकर कौड़ीराम थाना और बड़हलगंज थाने से काटकर डेरवां थाना बनाया जाएगा। इसके लिए एसपी साउथ अरुण कुमार सिंह ने प्रस्ताव तैयार कर भेजा है।

# छेड़खानी का आरोपित गिरफ्तार

गोरखपुर। पिपराइच पुलिस ने मारपीट और छेड़खानी के आरोपित को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसको कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। आरोपित की पहचान क्षेत्र के बसडीला रौसड़ निवासी मोबिन अली उर्फ झीनक के रूप में हुई। पुलिस उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश कर रही थी।

# किशोरी की मृत्यु, तीन पर आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज

**जासं. गोरखपुर:** तिवारीपुर के मंझरिया गांव में सोमवार की रात किशोरी का शव कमरे में फंदे से लटका मिला। स्वजन ने पड़ोस में रहने वाले युवक, उसकी मां व बहन के विरुद्ध आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस आरोप की जांच कर रही है। गांव के राम्रानंद की 17 वर्षीय लड़की रीतू की दोस्ती पड़ोस में रहने वाले आकाश से थी। सोमवार की दोपहर दोनों को बातचीत करते हुए रीतू के चचेरे भाई ने देख लिया। इसी बात पर दोनों के बीच विवाद हो गया और फिर आकाश ने घर जाकर खुद की पिटाई करने की जानकारी स्वजन को दी। मां व बहन उलहना लेकर किशोरी के घर पहुंची तो दोनों परिवार के लोगों में कहासुनी हो गई। रात में रीतू अपने कमरे में पंखे से बंधे दुपट्टे के फंदे से लटकी मिली। थानाध्यक्ष मदन मोहन मिश्रा ने बताया कि जांच चल रही है।

# किशोरी ने की खुदकुशी, केस

गोरखपुर। तिवारीपुर थानाक्षेत्र के मंझरिया गांव में सोमवार की रात 17 साल की किशोरी रीतू ने खुदकुशी कर ली थी। मंगलवार को जानकारी होने पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर, पुलिस ने पड़ोसी युवक आकाश, उसकी मां गुड़िया और नेहा पर खुदकुशी के लिए उकसाने की धारा में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मंझरिया गांव निवासी रामानंद की बेटी रीतू की दोस्ती पड़ोसी आकाश से थी। सोमवार दोनों को बातचीत करते हुए रीतू के चचेरे भाई ने देख लिया। इसी बात पर दोनों में विवाद हो गया । इसके बाद किशोरी अपने कमरे में जाकर फंदे से लटककर खुदकुशी कर ली।

# बिछड़े बच्चे को पीआरवी ने स्वजन से मिलवाया

मुंडेरा बाजार : तरकुलहा मेले में सोमवार को ड्यूटी कर रही पीआरवी टीम को लोगों ने लावारिस बच्चा सौंपा। वह रो रहा था। पीआरवी पुलिस ने बच्चे से नाम व पता जानना चाहा तो वह सही जानकारी नहीं दे सका।

पुलिस ने पीआरवी वाहन से अनाउंस कराते हुए बच्चे के स्वजन की तलाश शुरू की। काफी खोजबीन के बाद स्वजन को पीआरवी पुलिस ने ढूंढ निकाला और उन्हें बच्चे को सौंप दिया। स्वजन ने बताया कि मेले में अधिक भीड़ होने के कारण वह बिछड़ गया। पुलिस ने बताया कि बच्चा और उसके स्वजन बिहार के गोपालगंज के निवासी हैं। तरकुलहा में दर्शन के लिए आए थे। (जासं)

# मैरिज लान में पुलिस ने मारा छापा, पकड़े गए चार युगल

**जागरण संवाददाता, कुसम्ही बाजार :** खोराबार थाना पुलिस ने मंगलवार की दोपहर मैरिज लान में छापा डाल चार युगलों को पकड़ा। थाने ले जाकर पूछताछ करने पर पता चला कि पकड़े गए युगल एक-दूसरे से परिचित हैं। लड़कियों को स्वजन के साथ भेज दिया गया। युवकों से पूछताछ चल रही है।

पुलिस को सूचना मिली कि लान में अनैतिक कार्य होता है। मंगलवार को बाइक से युवक व युवती पहुंचे हैं। अधिकारियों के निर्देश पर सीओ कोतवाली रत्नेश्वर सिंह थाने की फोर्स लेकर मैरिज लान में पहुंचे। तलाशी लेने पर चार युगल मिले। इनका नाम, रजिस्टर में दर्ज था। पूछताछ करने के बाद पता चला कि सभी आपस में मित्र हैं। सभी को थाने लाने के बाद खोराबार थाना पुलिस ने नाम, पता नोट कर स्वजन को बताया। थाने पहुंचे माता-पिता के साथ लड़कियों को घर भेज दिया गया। लड़कों से पूछताछ चल रही है। 14 नवंबर को भी मैरिज लान में छापा डाला था।

**आनलाइन बुक हुआ था कमरा :** सीओ कोतवाली रत्नेश्वर सिंह ने बताया कि युवक-युवती खोराबार व पिपराइच क्षेत्र के हैं। उन्होंने बताया कि आनलाइन कमरा बुक किया था। पुलिस के पहुंचने पर मैनेजर फरार हो गया, जिसकी तलाश चल रही है।

# पशु तस्करों पर गैंगस्टर की कार्रवाई, जब्त होगी संपत्ति

**जासं, गोरखपुर:** पशु तस्करी में संलिप्त गैंगलीडर समेत सात तस्करों को एसपी उत्तरी मनोज अवस्थी ने मंगलवार को गैंगस्टर एक्ट में निरुद्ध किया है। इनके ऊपर जिले के अलग-अलग थानों में पशु तस्करी समेत अन्य मामलों में मुकदमा दर्ज है। अपराध से अर्जित तस्करों की संपत्तियों की जांच चल रही है। रिपोर्ट तैयार होने के बाद जब्ती की कार्रवाई होगी।

एसपी उत्तरी ने बताया कि चिलुआताल पुलिस ने पशु तस्करी के गिरोह सरगना कुशीनगर के कसया थाना के सोहसा पट्टी निवासी जफरूद्दीन और उसके सहयोगी तरया सुजान थाना के भुलिया अगरवां निवासी नूर मोहम्मद, कोइन्दी पट्टी निवासी इमाम हुसैन, शेरू हुसैन उर्फ बुफराम, कुबेर स्थान थाना के सेमरा हरदो निवासी तौसिफ, पटहेरवा थाना के कनक पिपरा निवासी इमामुल हक और गोरखपुर जनपद के गुलरिहा थाना के हरसेवकपुर नंबर दो निवासी अनूप यादव के विरुद्ध गैंगस्टर की कार्रवाई की गई है। एसपी उत्तरी ने बताया कि आरोपित विभिन्न स्थानों से पशुओं को वाहनों में लादकर बिहार पहुंचाते थे। इनके ऊपर विभिन्न थानों में पशु तस्करी समेत अन्य मामलों में मुकदमा दर्ज है।


## महिला गैंगस्टर समेत दो गिरफ्तार

**जासं, गोरखपुर :** पुलिस ने मंगलवार को महिला गैंगस्टर समेत दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। दोनों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया। पिपराइच पुलिस ने गैंगस्टर की आरोपित खोराबार थाना के मतौनी कुसम्ही जंगल निवासी विजेता देवी पत्नी अजय प्रसाद को गिरफ्तार किया। महिला पर सुसंगठित गिरोह चलाने पर गुलरिहा पुलिस ने 13 नवंबर 2022 को गैंगस्टर की कार्रवाई की थी। वह चेन स्नैचिंग की कई घटनाओं में जेल जा चुकी है। इसी तरह रामगढ़ताल थाना पुलिस ने मिर्जापुर निवासी शनि चौहान पुत्र रामभजन चौहान को गिरफ्तार किया है।

# मोहल्ले में पहुंचे एडीजी, नहीं आए बीपीओ, लाइन हाजिर

## आपरेशन त्रिनेत्र के बारे में ली जानकारी, गोरखनाथ थानेदार व हल्का दारोगा को एसएसपी ने दी चेतावनी

**जासं, गोरखपुर :** आपरेशन त्रिनेत्र के तहत शुरू हर घर कैमरा अभियान को लेकर पुलिसकर्मी गंभीर नहीं हैं। अधिकारियों के सख्त निर्देश होने के बाद भी थानेदार, हल्का दारोगा और बीट पुलिस अधिकारी (बीपीओ) क्षेत्र में भ्रमण कर लोगों को अभियान के बारे में नहीं बता रहे। सोमवार की रात गोरखनाथ क्षेत्र में पहुंचे एडीजी ने मोहल्ले में पैदल गश्त की। व्यापारी व स्थानीय लोगों से बात कर दुकान व आवास में सुरक्षा के लिए सीसी कैमरा लगवाने की अपील की। गश्त के दौरान अनुपस्थित रहे दो बीपीओ को देर रात एसएसपी ने लाइन हाजिर कर दिया। कार्य में रुचि न लेने वाले थानेदार व हल्का दारोगा को एडीजी ने चेतावनी दी है।



गोरखनाथ क्षेत्र में पैदल गश्त के दौरान लोगों से आपरेशन त्रिनेत्र के बारे में बात करते एडीजी जोन अखिल कुमार ● पुलिस मीडिया सेल

आपरेशन त्रिनेत्र के दूसरे चरण में पुलिस हर घर में कैमरा अभियान चला रही है। आमजन को जागरूक करने और सीसी कैमरा लगवाने के लिए एडीजी जोन अखिल कुमार ने निर्देश दिए हैं कि पुलिस अधिकारी क्षेत्र में पैदल गश्त करने के साथ ही स्थानीय लोगों से बातचीत कर सीसी कैमरा लगवाने के लिए प्रेरित करें। सोमवार की रात को एडीजी जोन अखिल कुमार ने एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई के साथ गोरखनाथ क्षेत्र के जाहिदाबाद, नौरंगाबाद, हुमायूंपुर उत्तरी, जमुनहिया, चक्सा हुसैन, हड़हवा फाटक व कसाई टोला में पैदल गश्त की। दुकानदारों के साथ ही स्थानीय लोगों को आपरेशन त्रिनेत्र की जानकारी देते हुए सुरक्षा की दृष्टि से सीसी कैमरा लगवाने की अपील की। बातचीत में पता चला कि 40 फीसद लोगों के घर सीसी कैमरा लगा है। गश्त के दौरान पता चला कि बीट पुलिस अधिकारी ओमकार यादव व भीम पटेल कार्य में रुचि नहीं ले रहे। एडीजी के निर्देश पर दोनों बीपीओ को एसएसपी डा.गौरव ग्रोवर ने तत्काल लाइन हाजिर कर दिया।

### तिवारीपुर में भी दारोगा व बीपीओ पर हुई थी कार्रवाई

14 नवंबर को एडीजी जोन अखिल कुमार ने तिवारीपुर के घोषीपुर और नरसिंहपुर मोहल्ले में पैदल गश्त कर व्यापारी व स्थानीय लोगों से अपने घर में सीसी कैमरा लगवाने की अपील की थी। बातचीत में हल्का दारोगा विनय पांडेय और बीपीओ दीपक शुक्ल के क्षेत्र में न आने पर एसएसपी ने लाइन हाजिर कर दिया था।

# छेड़खानी का आरोपित गिरफ्तार, भेजा गया जेल

पिपराइच : छेड़छाड़, मारपीट और जानमाल की धमकी देने के मामले में थाना पुलिस ने आरोपित बसडीला रौसड़ निवासी मोबिन अली उर्फ झिनक को गिरफ्तार कर लिया है। दारोगा नागेन्द्रमणि ने बताया कि आरोपित के विरुद्ध एक महिला ने तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था। उसे न्यायालय ने जेल भेज दिय। (जासं)

# दस थानेदारों के कार्यक्षेत्र बदले, तीन से छिनी थानेदारी

- सर्विलांस सेल प्रभारी समेत तीन नए दारोगा को मिला प्रभार

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने सोमवार की देर रात दस थानेदारों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया। जनसुनवाई में रुचि न लेने वाले कोतवाली, पीपीगंज और बांसगांव के थानेदार से प्रभार छीन नए दारोगा को थानेदारी सौंपी है।

प्रभारी निरीक्षक थाना शाहपुर रणधीर मिश्रा को कोतवाली थाने की कमान सौंप दी, यहां तैनात निरीक्षक अजय कुमार मौर्या के खिलाफ लगातार मिल रही शिकायतों के बाद उन्हें लोक शिकायत प्रकोष्ठ भेजा गया है। बड़हलगंज थानेदार मधुपनाथ मिश्रा को शाहपुर थाने, बेलीपार थानेदार संदीप यादव को बांसगांव थाने पर भेजा गया है। बांसगांव थाने के प्रभारी रहे निरीक्षक सत्यप्रकाश सिंह की कार्यप्रणाली ठीक न होने पर एसएसपी ने उन्हें अपराध शाखा की विवेचना सेल भेजा है। प्रभारी निरीक्षक गोला जय नारायण शुक्ला को बड़हलगंज, खजनी थानेदार इकरार अहमद को बेलीपार थाने की कमान मिली है। जनसुनवाई में रुचि न लेने वाले पीपीगंज थानेदार शिव शंकर चौबे को एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग सेल भेज दिया गया। सिकरीगंज थाना प्रभारी दीपक सिंह को पीपीगंज थाने का प्रभार मिला है। सर्विलांस सेल प्रभारी राजेंद्र सिंह को राजघाट, यहां तैनात रहे संजय मिश्रा को खजनी का नया थानाध्यक्ष बनाया गया है। एसएसआइ बड़हलगंज अश्वनी तिवारी को गोला व पिपराइच थाने के एसएसआइ राजकुमार सिंह को सिकरीगंज थाने का प्रभार मिला है।

# धोखाधड़ी करने के आरोपित को पुलिस ने किया गिरफ्तार

गोरखपुर : जालसाजी व धोखाधड़ी के आरोपित मोहरीपुर के जंगल बेनी माधव नंबर-दो निवासी सागर चौहान को चिलुआताल थाना पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार किया। दारोगा सुशील प्रसाद ने बताया कि आरोपित को न्यायालय में पेशकर जेल भेज दिया गया। (जासं)

# 39 लीटर कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार

गोरखपुर : राजघाट थाना पुलिस ने मंगलवार को 39 लीटर कच्ची शराब के साथ चौरीचौरा के निम्हिवा निवासी कनवा को गिरफ्तार किया है। दारोगा कुंवर गौरव सिंह ने बताया कि आरोपित के पास से 50 ग्राम यूरिया और 100 ग्राम नौसादर भी बरामद हुआ है। उसके विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जा रही है। (जास)

# एपेक्स स्कूल के प्रबंधक पर जालसाजी का मुकदमा दर्ज

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर**: महानगर के कजाकपुर स्थित एपेक्स एकेडमी बिना मान्यता के संचालित हो रही थी। 2015 में मदरसे के रूप में इसे पांच वर्ष के लिए अस्थायी मान्यता मिली थी, लेकिन जांच में पता चला कि कभी मदरसे का संचालन नहीं हुआ। दो वर्ष पहले यानी 2020 में मदरसे की मान्यता भी खत्म हो गई। जिस कमेटी ने मान्यता ली थी, वह भी बदल चुकी है। बीईओ खोराबार पंकज मौर्य की तहरीर पर रामगढ़ताल थाना पुलिस ने मंगलवार को एपेक्स के प्रबंधक के विरुद्ध जालसाजी और अपराधिक साजिश रचने के मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कजाकपुर स्थित एपेक्स एकेडमी में 19 अक्टूबर 2022 को स्कूल में पढ़ने गई तीन साल की मासूम दृष्टि का परिसर में भरे पानी के गड्ढे में डूबने से मृत्यु हो गई थी। घटना के बाद से शिक्षा विभाग ने जांच शुरू की तो चौंकाने वाली जानकारी मिली। संस्था की मान्यता कक्षा एक से पांच तक वक्फ बोर्ड मदरसा बोर्ड से अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी गोरखपुर के यहां से प्राप्त थी। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी के द्वारा बताया गया कि संस्था की मान्यता 17 जून 2020 को समाप्त हो गई थी।

### डीएम ने जांच कर कार्रवाई का दिया था निर्देश

दीवानी कचहरी के अधिवक्ता और कजाकपुर निवासी जगदीश नारायण शुक्ल की बेटी की मृत्यु के बाद बार एसोसिएशन सिविल कोर्ट के पदाधिकारी जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश से मिले थे। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी को कठघरे में खड़ा किया था। जिलाधिकारी ने बीएसए को जांच कर कार्रवाई का निर्देश दिया था।

# अवांछित तत्वों से निपटने को गोवि ने पुलिस से मांगी मदद

**जासं, गोरखपुर :** दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय परिसर में आए दिन हो रहे धरना-प्रदर्शन पर काबू पाने के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन ने पुलिस से मदद मांगी है। मुख्य नियंता प्रो.गोपाल प्रसाद ने पठन-पाठन एवं शांति का माहौल का हवाला देते हुए एसएसपी को अनुरोध पत्र भेजा है।

मुख्य नियंता ने लिखा है कि कुछ अवांछित तत्व विद्यार्थियों को उकसा कर धरना-प्रदर्शन करा रहे हैं। इससे परिसर की शांति व्यवस्था तो भंग हो ही रही, पठन-पाठन में भी व्यवधान हो रहा है। ऐसे अराजक तत्वों से निपटने के लिए पुलिस की मदद की जरूरत है। नियंता ने एसएसपी से प्रशासनिक भवन गेट और मुख्य द्वार पर कार्यालय अवधि के दौरान पुलिस बल तैनात करने का आग्रह किया है।

# चाकू के साथ युवक गिरफ्तार

**जासं, भटहट** : जंगल डुमरी नंबर-एक के फैलहवा घाट पर सोमवार की रात 11:30 बजे पुलिस की वाहन जांच के दौरान एक युवक चाकू के साथ पकड़ा गया। पूछताछ में उसने अपना नाम केवटहिया टोला निवासी राहुल निषाद पुत्र निरंजन निषाद बताया। थाना प्रभारी गुलरिहा मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि चाकू के साथ गिरफ्तार युवक पर आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

# मारपीट के मामले में जानलेवा हमले का मुकदमा दर्ज

**पिपराइच :** कंचनपुर पतरका टोला में सोमवार की शाम हुई मारपीट के मामले में थाना पुलिस ने मंगलवार को पिंटू निषाद की बहू शशिकला की तहरीर पर शमशेर पुत्र अहमद पर जानलेवा हमले का मुकदमा दर्ज किया है। तहरीर में बताया गया था कि शमशेर ने पुरानी रंजिश में लाठी-डंडे से पीटकर घायल कर दिया। उनका इलाज मेडिकल कालेज में चल रहा है।

## गैंगस्टर का आरोपी गिरफ्तार

गोरखपुर। रामगढ़ताल पुलिस ने गैंगस्टर के आरोपी शनि चौहान को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। वह गोरखनाथ क्षेत्र के मिर्जापुर पचपेड़वा का निवासी है। प्रभारी निरीक्षक सुधीर सिंह ने बताया कि आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से जेल भेजा गया। उस पर रामगढ़ताल के अलावा चिलुआताल में भी केस दर्ज है। संवाद

## जालसाजी का आरोपी दबोचा

गोरखपुर। चिलुआताल पुलिस ने कूटरचित दस्तावेज तैयार कर जालसाजी करने के आरोपी सागर चौहान को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। वह बेनी माधव मोहरीपुर का रहने वाला है। उसके खिलाफ जालसाजी, आपराधिक साजिश व धमकी देने की धाराओं में केस दर्ज है। संवाद

## चाकू के साथ युवक पकड़ा गया

गुलरिहा। इलाके के जंगल डुमरी नंबर एक के फैलहवा घाट पर सोमवार रात चेकिंग के दौरान एक युवक को पुलिस ने चाकू के साथ गिरफ्तार कर लिया। उसकी पहचान केवटहिया टोला निवासी राहुल निषाद के रूप में हुई। सोमवार रात 11:30 बजे उपनिरीक्षक अश्वनी कुमार चौबे, हेड कांस्टेबल हरेंद्र सिंह के साथ वाहन चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान संदिग्ध युवक आता दिखा। पुलिस ने रोकने का प्रयास किया तो भागने लगा। दौड़ाकर पकड़ा गया और तलाशी के दौरान चाकू बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया। संवाद

# सात पशु तस्करों पर गैंगस्टर का केस दर्ज

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। पशु तस्करी में संलिप्त सात बदमाशों पर मंगलवार को चिलुआताल पुलिस ने गैंगस्टर का केस दर्ज कर लिया। डीएम से अनुमति मिलने के बाद पुलिस ने कार्रवाई की है।

आरोपियों पर पहले से कई केस दर्ज हैं। छह आरोपी कुशीनगर जिले के निवासी हैं। इसमें से कई जमानत पर बाहर भी आ गए हैं, जिनकी एक बार फिर से तलाश शुरू कर दी गई है।

जानकारी के मुताबिक, पशु तस्करों पर गैंगस्टर की कार्रवाई के लिए पुलिस ने रिपोर्ट तैयार कर भेजी थी। रिपोर्ट के आधार पर डीएम ने अनुमति दी, जिसके बाद पुलिस ने केस दर्ज कर लिया।

प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार सरोज ने तहरीर में लिखा है कि आरोपी पेशेवर पशु तस्कर हैं और इनका समाज में आतंक है।

इनके डर की वजह से जल्दी कोई गवाही भी देने को तैयार नहीं होता है।

**डीएम की अनुमति के बाद चिलुआताल पुलिस ने की कार्रवाई**

## इनके खिलाफ दर्ज हुआ केस

कुशीनगर के तरया सुजान थाना क्षेत्र के सोहसा पट्टी निवासी जफरुद्दीन, तरया सुजान के भुलिया अगरवां निवासी नूर मोहम्मद, कुबेर स्थान थाना क्षेत्र के सेमरा हरदो निवासी तौसीफ, तरया सुजान के कोइन्दी पट्टी गांव निवासी इमाम हुसैन, यहीं के शेरू हुसैन, कुशीनगर के पटहेरवा थाना क्षेत्र के कनक पिपरा निवासी इमामुल हक व गुलरिहा थाना क्षेत्र के हरसेवकपुर नंबर दो निवासी अनूप यादव पर केस दर्ज किया गया। इसमें जफरुद्दीन गिरोह का सरगना है।

# चौरीचौरा में दो पशु चोर गिरफ्तार

चौरीचौरा। देवीपुर गांव से सोमवार रात चोरी करते दो पशु को पुलिस ने बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। धर्मेंद्र ने अपना पशु चोरी होने का मुकदमा दर्ज कराया था। चोरों की पहचान झंगहा थाना क्षेत्र के भिसवा निवासी अलाउद्दीन व खोराबार थाना क्षेत्र के सूबा बाजार निवासी चुन्नू मौर्या के रूप ने हुई। संवाद

# तीन पर दर्ज हत्या का केस निराधार मिला

## कोर्ट के आदेश पर दर्ज था केस, जांच के आधार पर पिपराइच पुलिस ने फाइनल रिपोर्ट लगा दी

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** पिपराइच इलाके में स्थित विकास भारती विद्यालय परिसर में प्रशासनिक अधिकारी नितिन द्विवेदी की पत्नी अर्चना की मौत के मामले में दर्ज हत्या का केस निराधार मिला। विवेचना में साक्ष्यों और तथ्यों के आधार पर पुलिस ने केस को खारिज करते हुए फाइनल रिपोर्ट (एफआर) लगा दी।

जानकारी के मुताबिक, कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने विकास भारती के प्रधानाचार्य एके पांडेय, प्रशासनिक अधिकारी नितिन द्विवेदी सहित तीन लोगों पर हत्या का केस दर्ज किया गया था। आरोप था कि विद्यालय परिसर में प्रशासनिक अधिकारी नितिन द्विवेदी की पत्नी अर्चना द्विवेदी की दस नवंबर 2021 को हत्या की गई थी और उसे खुदकुशी दर्शाया गया था। उद्योगपति और विद्यालय प्रबंध समिति के संस्थापक सदस्य ओमप्रकाश जालान ने केस दर्ज कराने के लिए कोर्ट में अर्जी दी थी। कोर्ट ने केस दर्ज कर विवेचना का आदेश दिया था। इसी आधार पर पुलिस ने 22 सितंबर 2022 को केस दर्ज कर जांच की और फिर फाइनल रिपोर्ट लगा दी।

### यह हुआ था

**अर्चना** द्विवेदी की परिसर में संदिग्ध हाल में मौत हो गई थी। इस मामले में ओमप्रकाश जालान ने दिए प्रार्थनापत्र में लिखा था कि आरोपियों के व्यवहार की वजह से विद्यालय परिसर का माहौल खराब हो चुका है। इन लोगों ने जालसाजी कर धन अर्जित किया है। सभी ने मिलकर अर्चना की हत्या कर दी और उसे आत्महत्या का रूप दे दिया। महिला परेशान होकर अक्सर ही पति से झगड़ा करती थी। घटना की सूचना देने के बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इसके अलावा उनका आरोप था कि कई बार पत्र लिखकर प्रबंध समिति से विरोध जताया गया, लेकिन विद्यालय का वातावरण शुद्ध करने की जगह उसे और बिगाड़ दिया गया।

### विकास भारती के प्रशासनिक अधिकारी नितिन द्विवेदी की पत्नी की मौत का मामला

कोर्ट के आदेश पर हत्या की धारा में मुकदमा दर्ज किया गया था। विवेचना के बाद आरोप में सच्चाई सामने नहीं आई। हत्या से जुड़ा किसी तरह का साक्ष्य न मिलने पर पुलिस ने एफआर लगा दी है। - **मनोज अवस्थी,** एसपी नार्थ

# बर्तन व्यापारी की हत्या में शामिल दो और गिरफ्तार

## पांच आरोपियों को पहले ही जेल भिजवा चुकी है पुलिस, अन्य की तलाश

अमर उजाला ब्यूरो

**खोराबार (गोरखपुर)।** इलाके के डांगीपार में बर्तन व्यापारी विक्की वर्मा की हत्या में शामिल दो अन्य आरोपियों को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। पांच आरोपियों को पहले ही पुलिस जेल भिजवा चुकी है। तीन अन्य की तलाश में पुलिस जुटी है।

पकड़े गए आरोपियों की पहचान लहसड़ी के खैरा टोला निवासी अंशु निषाद व माखन निषाद के रूप में हुई। पुलिस के मुताबिक, बेलीपार के महावीर छपरा के मूल निवासी राज किशोर वर्मा परिवार के साथ डांगीपार में रहते हैं। इनका बर्तन का कारोबार है। डांगीपार में लक्ष्मी प्रतिमा स्थापित की गई थी। 26 अक्तूबर को गाजे-बाजे के साथ लोग प्रतिमा विसर्जन के लिए राप्ती नदी की तरफ जा रहे थे। विक्की बंधे की तरफ टहलने गया था।

इसी दौरान प्रतिमा विसर्जन में जा रहे कुछ युवकों से किसी बात पर विक्की का विवाद हो गया और चाकू से गोद कर उसकी हत्या कर दी गई। पुलिस ने विक्की के पिता की तहरीर पर केस दर्ज किया था।

# मैरिज हाल में आपत्तिजनक हालत में पकड़े गए चार युगल

अमर उजाला ब्यूरो

## खोराबार इलाके की घटना, पूछताछ के बाद पुलिस ने युवतियों को छोड़ा

**कुसम्ही/खोराबार।** कुसम्ही स्थित एक मैरिज हाल से मंगलवार दोपहर खोराबार पुलिस ने चार युगल को आपत्तिजनक हालत में पकड़ा। सभी को थाने लाकर पूछताछ की गई। जांच में सामने आया कि युगल एक-दूसरे के परिचित हैं। इसके बाद युवतियों के परिजनों को बुलाकर सुपुर्द कर दिया गया। युवकों से पूछताछ जारी है।

जानकारी के मुताबिक, पुलिस को कुसम्ही के एक मैरिज हाल में अनैतिक कार्य होने की सूचना मिली थी। मंगलवार को बाइक से युवक और युवती पहुंचे थे। अधिकारियों के निर्देश पर सीओ कोतवाली रत्नेश्वर सिंह स्थानीय थाने की फोर्स लेकर मौके पर पहुंचे। कमरे की तलाशी लेने पर चार युगल मिले। इनका नाम, रजिस्टर में दर्ज था।

पूछताछ करने के बाद पता चला कि आपस में मित्र हैं। सभी को खोराबार थाने लाया गया। थाने पहुंचे माता-पिता के साथ युवतियों को घर भेज दिया गया। करीब 10 दिन पहले भी खोराबार थाना पुलिस ने मैरिज हाल में पहुंची थी।

# मैरिज हाल में चोरी करने वाली दो संदिग्ध महिलाओं के फोटो जारी

## फोन नंबर 9454403517 व 8707020306 पर दें संदिग्धों की सूचना

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। शादी समारोह के दौरान 15 नवंबर को शिप्रा लॉन में चोरी करने वाली दो संदिग्ध महिलाओं के फोटो पुलिस ने जारी कर दिया है। इनके बारे में जानकारी देने वालों के नाम गोपनीय रखे जाएंगे। पुलिस आम लोगों की मदद से अब इन्हें पकड़ने की कोशिश कर रही है।

जानकारी के मुताबिक, कोतवाली इलाके के शिप्रा लॉन में लड़के पक्ष के जेवर से भरे बैग चोरी हो गए थे। घटना से सनसनी फैल गई थी। इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज की मदद से जांच में जुटी है।




इन्हीं महिलाओं ने जेवरात से भरे बैग चुराए थे। संवाद

**सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम और पता गोपनीय रखा जाएगा**

पुलिस ने अपील की है कि संदिग्ध महिलाओं की पहचान होने पर सूचना कोतवाली के मोबाइल नंबर 9454403517 या 8707020306 पर दें सकते हैं। सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम और पता गोपनीय रखा जाएगा।

# बलवा के आरोपी के घर कुर्की का नोटिस

खोराबार। मारपीट कर लूटपाट के फरार आरोपी टेलनापार निवासी अमरनाथ उर्फ नाथे के घर मंगलवार को पुलिस ने कुर्की का नोटिस चस्पा किया। संवाद

# अपेक्स एकेडमी के प्रबंधक पर जालसाजी का मुकदमा

## बीएसए के आदेश पर बीईओ ने रामगढ़ताल थाने में दर्ज कराया केस

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। अपेक्स एकेडमी के प्रबंधक पर रामगढ़ताल थाने में जालसाजी व आपराधिक साजिश की धारा में मंगलवार को केस दर्ज कर लिया गया। बीएसए के आदेश पर खंड शिक्षा अधिकारी की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की है।

आरोप है कि विद्यालय ने मदरसा बोर्ड से एक से पांचवीं तक की मान्यता ली थी, लेकिन वह भी 17 जून 2020 को समाप्त हो गई थी। इसके बाद भी प्रबंधक ने आर्थिक फायदे के लिए विभाग को गुमराह कर विद्यालय चलाया। वकीलों के आदेश पर डीएम ने कार्रवाई का निर्देश दिया।

### मदरसा बोर्ड से थी मान्यता, वह भी हो गई थी खत्म, इसी स्कूल में हुई थी बच्ची की मौत

जानकारी के मुताबिक, 19 अक्तूबर को अपेक्स एकेडमी के परिसर में भरे पानी में डूबने से तीन वर्षीय दृष्टि शुक्ला की मौत हो गई थी। पुलिस ने इस मामले में प्रबंधक व कर्मचारियों पर गैर इरादतन हत्या की धारा में केस दर्ज कर लिया था।

मामला संज्ञान में आने के बाद बीएसए ने भी स्कूल के मान्यता की जांच का आदेश जारी कर दिया था। शिक्षा विभाग की जांच में सामने आया कि विद्यालय ने एक से पांचवीं तक मदरसा बोर्ड से मान्यता ली थी, जो समाप्त हो चुकी है।

आरोप है कि प्रबंधक ने कक्षाओं का संचालन लोगों को धोखों में रखकर उसके वास्तविक स्वरूप को छिपाते हुए आर्थिक लाभ के लिए साजिशन किया। प्रभारी निरीक्षक सुधीर सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# त्रिनेत्र में रुचि न लेने पर दो बीपीओ लाइनहाजिर

## मोहल्ले में खुद पहुंचे एडीजी अखिल कुमार, कैमरा लगवाने वालों को प्रोत्साहित किया

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत सीसी टीवी कैमरा लगवाने में रुचि न दिखाने पर दो बीपीओ (बीट पुलिस अधिकारी) ओमकार यादव व भीम पटेल को मंगलवार को लाइनहाजिर कर दिया गया।

एडीजी अखिल कुमार खुद गोरखनाथ इलाके के मोहल्लों में सोमवार रात निरीक्षण करने पहुंचे थे। इस दौरान थानेदार, हल्का दरोगा की स्थिति भी संतोषजनक नहीं मिली। दोनों को चेतावनी दी गई है। वहीं, एडीजी ने कैमरा लगवाने वालों को प्रोत्साहित भी किया। व्यापारी व स्थानीय लोगों से बात कर दुकान व आवास में सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरा लगवाने की अपील भी की।



सीसीटीवी कैमरे के बारे में जानकारी देते एडीजी जोन अखिल कुमार। संवाद

जानकारी के मुताबिक, जिले में शहर से लेकर देहात तक 176 से अधिक जगहों पर सीसी टीवी कैमरे लगवाने के बाद हर घर कैमरा अभियान की शुरुआत की गई। एडीजी अखिल कुमार ने इसके लिए पुलिस वालों को निर्देशित किया है कि वह अपने-अपने इलाके में जाकर लोगों को प्रेरित करें। लेकिन, गोरखनाथ इलाके में जब एडीजी पहुंचे तो वहां पर बीपीओ कभी लोगों से मिले ही नहीं थे।

### गोरखनाथ थानेदार व हल्का दरोगा को दी गई चेतावनी

इतना ही नहीं एडीजी के जाने के बाद भी वह नहीं आए। इसके बाद उनके निर्देश पर एसएसपी ने कार्रवाई की। दरअसल, सोमवार की रात एडीजी जोन अखिल कुमार, एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई के साथ गोरखनाथ क्षेत्र के जाहिदाबाद, नौरंगाबाद, हुमायूंपुर उत्तरी, जमुनहिया, चक्सा हुसैन, हड़हवा फाटक व कसाई टोला में पैदल गश्त किया।

दुकानदारों के साथ ही स्थानीय लोगों को आपरेशन त्रिनेत्र की जानकारी देते हुए सुरक्षा की दृष्टि से सीसी कैमरे लगवाने की अपील की। बातचीत में पता चला कि 40 फीसदी लोगों के घर सीसी कैमरा लगा है।

# 10 थानेदार बदले, तीन से थानेदारी छीनी

## एसएसपी ने तीन दरोगा को थानेदारी सौंपी, इंस्पेक्टर फिर निराश

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। दस थानों के थानेदारों को इधर से उधर कर दिया गया। वहीं, तीन से थानेदारी छीन ली गई। एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने सोमवार देर रात आदेश जारी कर दिया। तीन दरोगाओं पर भरोसा जताते हुए उन्हें थानेदारी सौंपी गई है। हालांकि, इस तबादले के बाद महकमे में तरह-तरह की चर्चाएं हैं। लंबे समय से इंतजार में बैठे इंस्पेक्टर रैंक के लोगों को फिर निराशा हाथ लगी।

एसएसपी कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक, प्रभारी निरीक्षक शाहपुर रणधीर मिश्रा को कोतवाली थाने की नई जिम्मेदरी दी गई। यहां पर रहे प्रभारी निरीक्षक

### प्रभारी निरीक्षक शाहपुर रणधीर मिश्रा को कोतवाली थाने की जिम्मेदरी

अजय कुमार मौर्या के खिलाफ लगातार मिल रही शिकायतों के बाद उन्हें लोक शिकायत प्रकोष्ठ से संबद्ध कर दिया गया।

बड़हलगंज प्रभारी निरीक्षक मधूप मिश्रा को शाहपुर थाना, बेलीपार प्रभारी निरीक्षक संदीप यादव को बांसगांव थाने पर भेजा गया है। वहीं, अब तक बांसगांव थाने के प्रभारी निरीक्षक रहे सत्यप्रकाश सिंह को अपराध शाखा भेजा गया। इसके अलावा प्रभारी निरीक्षक गोला जय नारायण शुक्ला को बड़हलगंज की थानेदारी सौंपी गई।

इसी प्रकार प्रभारी निरीक्षक खजनी रहे इकरार अहमद को बेलीपार थाने की कमान सौंपी गई है। जबकि, प्रभारी निरीक्षक पीपीगंज रहे शिव शंकर चौबे को एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग सेल भेजा गया। प्रभारी सेल सर्विलांस के सब इंस्पेक्टर राजेंद्र सिंह को राजघाट थाने की कमान सौंपी गई है।

साथ ही राजघाट थानाध्यक्ष रहे संजय मिश्रा को खजनी का नया थानाध्यक्ष बनाया गया है। एसएसआई बड़हलगंज अश्वनी तिवारी को गोला तो सिकरीगंज के थानेदार दीपक सिंह को पीपीगंज और पिपराइच थाने के एसएसआई राजकुमार सिंह को सिकरीगंज थाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# SANT KABEER NAGAR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 23-11-2022

# कब्र की पहचान कर पाने में विफल पुलिस लौटी वापस

## बीते जुलाई में हुई महिला की मौत के मामले में कब्रिस्तान पहुंची थी महुली पुलिस


नाथनगर (एसएनबी)। महुली थाना क्षेत्र के नाथनगर गांव में जुलाई महीने में हुई एक महिला की मौत का मामला कोर्ट के आदेश से फिर से गर्म हो गया है। मृत महिला की मां के साथ महुली पुलिस गांव के कब्रिस्तान में पहुंचकर मृत महिला की कब्र की खोज की लेकिन कब्र की पहचान न हो पाने के कारण महुली पुलिस कब्रिस्तान से बैरंग वापस लौट गई। जानकारी के अनुसार नाथनगर पुरानी बाजार निवासी वाहिद के पुत्र साहिल की शादी बीते 13 मई 2022 को गोरखपुर के हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के गांव पचौरी के निवासी मुस्तकीम की लड़की हसीना बानो के साथ हुई थी। सब कुछ ठीक चल रहा था कि 4 जुलाई को संदिग्ध परिस्थितियों में हसीना बानो की मौत हो गई और परिजनों ने मायके के कुछ लोगों की उपस्थिति में उसका अंतिम संस्कार करते हुए नाथनगर स्थित कब्रिस्तान में दफना दिया। उसके कुछ दिन बाद हसीना बानो की मां खैरून्निशा ने महुली पुलिस को प्रार्थनापत्र देकर लड़की की हत्या तथा दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए न्याय की मांग किया। लोगों के समझाने-बुझाने पर मामले का पटाक्षेप हुआ। खैरून्निशा यहीं नहीं रूकी और उसने कोर्ट की शरण ले लिया। न्यायालय ने पीड़िता की अपील पर सुनवाई करते हुए महुली पुलिस को आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया। आदेश के अनुपालन में महुली पुलिस



कब्र की तलाश करते प्रशासन के लोग।

मृतका की मां के साथ कब्रिस्तान पहुंचकर हसीना बानो की कब्र की तलाश की लेकिन पहचान न कर पाने से पुलिस को बैरंग वापस लौटना पड़ा। इस अवसर पर नायब तहसीलदार धनघटा योगेन्द्र कुमार पांडेय, महुली पुलिस के अलावा नाथनगर गांव के तमाम लोग उपस्थित रहे। इस संबंध में नायब तहसीलदार धनघटा योगेन्द्र कुमार पांडेय ने बताया कि न तो हसीना बानो के पिता मौजूद हैं और न ही मौके पर साहिल के पिता ही मौके पर उपस्थित है इस लिए कब्र की पहचान नहीं हो पाई। इसके लिए आज गांव में मुनादी करवा कर बुधवार को पुनः कब्र खोजने का प्रयास किया जाएगा।

# एएसपी ने थाना धर्मसिंहवा का किया निरीक्षण



थाना धर्मसिंहवा का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण करते एएसपी संतोष कुमार सिंह।

**धर्मसिंहवा (एसएनबी)।** अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह ने जिले के धर्मसिंहवा थाने का अर्द्धधवार्षिक निरीक्षण किया। सर्वप्रथम सलामी में लगी गार्द द्वारा सलामी ली। तत्पश्चात उन्होंने परिसर कार्यालय की साफ सफाई का जायजा लिया। थाना कार्यालय में रखे समस्त अभिलेखों, शस्त्रागार तथा महिला व पुरुष हवालात का निरीक्षण कर वहां की स्थितियों की जानकारी ली। अभिलेखों के उचित रख रखाव के लिए उन्होंने थाना प्रभारी को निर्देशित किया। आगंतुक रजिस्टर में अंकित शिकायतों के विषय में जानकारी लेने के बाद उनके निस्तारण की स्थितियों के बारे में जानकारी की। उन्होंने पुलिस कर्मियों को थाने में आने वाले आंगतुकों के साथ शालीनता पूर्वक विनम्र व्यवहार करने व उनकी समस्याओं को सुनकर तत्काल उनपर आवश्यक कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया। एएसपी ने थाने के महिला हेल्प डेस्क का निरीक्षण किया। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा एवं स्वावलम्बन के लिए मिशन शक्ति का शिक्षण संस्थानों सहित अन्य महिलाओं से संबंधित स्थलों पर जाकर व्यापक प्रचार प्रसार करते हुए मनचलों एवं शोहदों के विरूद्ध कार्रवाई एवं महिलाओं एवं बालिकाओं के शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करने हेतु निर्देश दिया। कार्यालय में निरीक्षण के बाद उन्होंने पुलिस मेस का निरीक्षण किया। मेस में साफ-सफाई रखने के साथ उन्होंने पौष्टिक भोजन उपलब्ध भोजन कराने को आदेशित किया। निरीक्षण के दौरान प्रभारी निरीक्षक धर्मसिंहवा अनिल कुमार सहित थाने के समस्त अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# रासायनिक आपात स्थिति से बचाव को किया मॉकड्रिल



रासायनिक आपात स्थिति से बचाव के लिए आयोजित मेगा मॉकड्रिल में उपस्थित एडीएम, एसडीएम व अन्य अधिकारीगण।

**एडीएम की देख-रेख में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन और जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के द्वारा संयुक्त रूप से हुई मॉकड्रिल**

संतकबीरनगर(एसएनबी)। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के द्वारा संयुक्त रूप से मॉक ड्रिल का अभ्यास अपर जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह की देख-रेख में गोरखनाथ फार्मूलेशन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में किया गया। रासायनिक केमिकल एवं वायोलोजिकल आपदा के दौरान घायल व चोटिल व्यक्तियों के अमूल्य जीवन की रक्षा करने/बचाव के लिए जिले की विभिन्न टीमों द्वारा सीवीआरएन (केमिकल, बायोलॉजिकल, रेडियोलॉजिकल और न्यूक्लियर) इमरजेंसी पर मेगा मॉकड्रिल अभ्यास किया गया। एनडीआरएफ के कमांडेंट मनोज शर्मा के कुशल दिशा-निर्देशन में एनडीआरएफ समन्वयक व फायर ब्रिगेड मुख्य एजेंसी के तौर पर रहीं। इस कार्यशाला में तमाम विभाग के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी संस्थाओं के मध्य कार्य का विभाजन, आपसी समन्वय की स्थापना व आने वाले संभावित खतरों को ध्यान में रखते हुए अपनी अपनी कार्य योजनाओं को वनाना शामिल हैं। इस मेगा मॉक अभ्यास का सम्पूर्ण नेतृत्व एनडीआरएफ की उप कमांडेंट प्रेम कुमार पासवान द्वारा गोरखपुर टीम के 35 सदस्यी पूर्ण प्रशिक्षित टीम द्वारा किया गया। निरीक्षक दीपक कुमार कमालिया ने वताया कि रासायनिक, जैविक व रेडियोधर्मी आपदा अवश्य होते हैं जिसके विषय में जानकारी ही वचाव का मूल मंत्र है और इस मेगा मॉक अभ्यास का मुख्य उद्देश्य किसी भी रासायनिक केमिकल एवं वायोलोजिकल आपदा के दौरान घायल व चोटिल व्यक्तियों के अमूल्य जीवन की रक्षा करना, सभी रिस्पांस एजेंसियों का रिस्पांस चेक करना व सभी स्टेक होल्डर्स के बीच आपसी समन्वय स्थापित करना है तथा इस मक अभ्यास द्वारा खोज, राहत व बचाव कार्य के संचालन में आने वाली कमियों की समीक्षा कर उन्हें दूर करना भी है और समय पर इस तरह के मेगा मक अभ्यास द्वारा महत्वपूर्ण जीवन की रक्षा की जा सकेगी। मेगा मॉकड्रिल अभ्यास के दौरान उप प्रभागीय मजिस्ट्रेट अजय कुमार त्रिपाठी, गोरखनाथ फार्मूलेशन प्राइवेट लिमिटेड के शांतनु अग्रवाल (फैक्ट्री ओनर) प्रवंधक दीनदयाल चौधरी, उप महाप्रवंधक प्रेम कुमार यादव सहित समस्त स्टाफ, रेस्कुअर एवं अन्य संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद रहे। इसके अतिरिक्त मौके पर अग्निशमन अधिकारी, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली खलीलावाद सर्वेश राय, चिकित्सा विभाग से स्टॉफ, एंवुलेंस सहित डॉ. मधुसूदन पाठक, उपायुक्त जिला उद्योग राजकुमार शर्मा, आपदा विशेषज्ञ कृष्णा गुप्ता एव राहत सहायक रंजीत गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# वांछित गिरफ्तार

शनिचरा । धनघटा पुलिस ने मंगलवार को एक दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उक्त आरोपी काफी दिनों से पुलिस के लिए वांछित था। जानकारी के अनुसार बीते दिनों धनघटा क्षेत्र के एक गांव निवासी ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया था कि बीते 3 नवम्बर को डिहवा निवासी देवदर्शन पुत्र बिरजू प्रसाद उसकी लड़की का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म किया था। वादी की तहरीर पर धनघटा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आईपीसी की धारा 366,120 बी व 376 के तहत मुकदमा पंजीकृत कर लिया था तब से धनघटा पुलिस को देवदर्शन की सरगर्मी से तलाश थी। मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर उसके घर से उसे गिरफ्तार कर लिया और कागजी कार्रवाई पूरा करते हुए उसे जेल के लिए भेज दिया।

# अवैध चाकू के साथ युवक गिरफ्तार

**बखिरा (एसएनबी)**। बखिरा पुलिस ने क्षेत्र के देवपुर पुलिया के पास एक युवक को अवैध चाकू के साथ पकड़ा है। पुलिस ने शस्त्र अधिनियम के तहत कार्रवाई करके आरोपी को न्यायालय/जेल रवाना किया। एसओ अनिल सिंह ने बताया कि हेड कांस्टेबल राधेश्याम वर्मा हमराह जितेंद्र सोनी के साथ चमनगंज चौराहे पर मौजूद था। इस दौरान मुखबिर द्वारा सूचना दी गई कि एक व्यक्ति अवैध चाकू लेकर मंझरिया से देवपुर की ओर जा रहा है। अभी वह देवपुर पुलिया के निकट पहुंचे ही था कि विपरीत दिशा से आ रहा व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगा जिसे दौड़ाकर पकड़ लिया गया। तलाशी में उसके पास से एक अदद अवैध चाकू बरामद किया गया। आरोपी असलम पुत्र अनवर निवासी दुर्गजोत के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायालय/जेल रवाना किया गया।

# घटना के अनावरण को टीम गठित

बखिरा (एसएनबी)। बखिरा थाना क्षेत्र के ग्राम जोगीडीहा के सीवार में मिले व्यक्ति की लाश के मामले में पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार ने दो अलग-अलग टीमें एसओजी एवं थानास्तर पर टीम को गठित किया गया है। एसपी ने कहा है कि जल्द ही घटना का अनावरण कर दिया जाएगा। एसपी ने बताया कि घटना स्थल से वैज्ञानिक साक्ष्य भी एकत्रित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि मृतक के पिता रजई की तहरीर पर बखिरा पुलिस ने केस दर्ज किया है। पुलिस ने धारा 302 व 201 आईपीसी के तहत अज्ञात के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक कार्रवाई में जुट गयी है।

# यातायात जागरूकता पर हुई चित्रकला प्रतियोगिता

**संतकबीरनगर (एसएनबी)।** यातायात जागरूकता कार्यक्रम के दृष्टिगत मंगलवार को रिजर्व पुलिस लाइन खलीलाबाद में यातायात जागरुकता चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार द्वारा बच्चों द्वारा यातायात के दौरान जागरूकता संबंधी चित्रों को बनाकर लोगों को जागरूक करने की सराहना करते हुए छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गयी। प्रतियोगिता में जनपद के राजकीय कन्या इंटर कालेज के 10, हीरालाल इंटर कालेज के 37, राज ग्लोबल एकेडमी के 35, सेंट थॉमस स्कूल के 19, सिटी पब्लिक स्कूल के 36, ब्लूमिंग बड्स स्कूल के 50 बच्चों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में जूनियर ग्रुप में राज ग्लोबल एकेडमी की छात्रा पूर्णिया राजवंशी ने प्रथम तथा रूपाली सिंह ने द्वितीय तथा ब्लूमिंग बड्स एकेडमी की श्रुति गुप्ता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सीनियर ग्रुप में सेंट थॉमस इंटर कालेज की निष्ठा गुप्ता ने प्रथम स्थान तथा ब्लूमिंग बड्स एकेडमी की बुशरा प्रवीण द्वितीय स्थान तथा श्रेया गौतम तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी के क्रम में सेंट थॉमस इंटर कालेज का स्वपिल ने पुलिस अधीक्षक का पेंसिल स्केच तैयार कर भेंट किया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी यातायात अम्बरीश भदौरिया, क्षेत्राधिकारी क्षेत्राधिकारी लाइन दीपांशी राठौर, प्रतिसार निरीक्षक रजनीकांत ओझा, प्रभारी निरीक्षक यातायात बृजेश यादव तथा रेडियो निरीक्षक सुनील कुमार यादव तथा प्रभारी निरीक्षक महिला थाना सरोज शर्मा, कां. अजय कुमार पाण्डेय सहित यातायात पुलिस के अन्य कर्मचारीगण मौजूद रहे।



# मारपीट की घटना में चार नामजद

शनिचरा (एसएनबी)। धनघटा थाना क्षेत्र के किशुनपुर गांव में सोमवार को सुवह करीब 7:30 बजे दो पक्षों में मारपीट हो गई जिसमें एक पक्ष से प्राप्त तहरीर के आधार पर धनघटा पुलिस ने उक्त गांव के ही चार लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया और मामले की छानबीन में जुट गई।

जानकारी के अनुसार किशुनपुर गांव निवासी अनुराग यादव पुत्र रविन्द्र यादव ने धनघटा पुलिस को लिखित तहरीर देकर बताया कि मामूली विवाद को लेकर उसका अनिल कुमार, सुनील कुमार,संदीप नायक पुत्रगण जगदीश नायक व मंदीप नायक पुत्र हरिहर नायक से कहासुनी हो गई उक्त लोगों ने उसके साथ गाली-गलौझ किया। अनुराग ने तहरीर में बताय़ा कि उपरोक्त आरोपियों ने उसे मारपीट कर घायल कर दिया और जानमाल की धमकी देते हुए वहां से फरार हो गए। अनुराग यादव ने धनघटा पुलिस से न्याय की गुहार करते हुए आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

अनुराग यादव की तहरीर के आधार पर धनघटा पुलिस ने उपरोक्त आरोपियों अनिल कुमार,सुनील कुमार, संदीप नायक, मंदीप नायक के खिलाफ आईपीसी की धारा 323,504, 506 के तहत मुकदमा पंजीकृत कर लिया और मामले की छानबीन में जुट गई। इस संवंध में प्रभारी निरीक्षक धनघटा केडी सिंह ने बताया कि घटना के संबंध में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है शीघ्र ही आरोपियों को गिरफ्त में लेकर शेष कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

# चाकू के साथ किया गिरफ्तार

बखिरा। बखिरा पुलिस ने एक व्यक्ति को देवपुर पुलिया के निकट अवैध चाकू के साथ पकड़ा। शस्त्र अधिनियम में कार्रवाई करके जेल भेज दिया है।

एसओ अनिल सिंह ने बताया कि सोमवार को हेड कांस्टेबल राधेश्याम वर्मा हमराह जितेंद्र सोनी के साथ चमनगंज चौराहे पर मौजूद थे। असलम पुत्र अनवर निवासी दुर्गजोत के अवैध चाकू लेकर आने सूचना मिलने पर वह मंझरिया से देवपुर की ओर चल दिए। वह देवपुर पुलिया के निकट पहुँचे ही थे। विपरीत दिशा से आ रहा व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगा।



मंगलवार को कब्र से विवाहिता का शव निकालने आई पुलिस टीम। • हिन्दुस्तान

# कब्र की पहचान नहीं होने से बैरंग लौटी पुलिस टीम

**04** को नवंबर को हो गई थी महिला की मौत

- महुली क्षेत्र के नाथनगर पुरानी बाजार का मामला
- कोर्ट के निर्देश पर पहुंचे थे दफन शव निकालने

**नाथनगर, हिन्दुस्तान संवाद।** महुली थाना क्षेत्र के नाथनगर पुरानी बाजार स्थित कब्रिस्तान से मंगलवार को शव निकालने आई नायब तहसीलदार और पुलिस को घण्टों छानबीन के बाद बैरंग लौटना पड़ा। जनपद न्यायालय के संज्ञान के बाद डीएम के निर्देश पर टीम कब्र से विवाहिता का शव निकालकर पोस्टमार्टम कराने के लिए पहुंची थी, लेकिन दफनाई गई महिला के कब्र की पहचान न होने के चलते टीम को वापस लौटना पड़ा।

बुधवार को ग्रामीणों द्वारा कब्र पहचान के बाद ही खुदाई की जाएगी। उक्त महिला की तीन जुलाई को घर में संदिग्ध हालत में मौत होने बाद शव को ससुराल वालों ने दफनाया था। इस मामले में पुलिस ने कोर्ट आदेश के बाद मायके वालों ने उसके पति, सास, ननद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। गोरखपुर जिले के हरपुर बुदहट क्षेत्र के पचौरी गांव की सैरुन्निशा पत्नी मुस्तकीम ने बताया कि उनकी छोटी बेटी हसीना का विवाह 13 मई 2022 को महुली क्षेत्र के साहिल पुत्र वाहिद के साथ हुआ था। बेटी को विदा किया गया था। बेटी को मायका वापस ले जाने के लिए 6 जुलाई की तिथि तय थी। जब निर्धारित तिथि को बेटी हसीना की विदाई के लिए पहुंची तो बेटी के ससुराल वाले ताला बन्द करके गायब थे।

गांव में पता चला कि उसकी बेटी की मौत हो गई। खैरुन्निशा का आरोप था कि हसीना का गला कसकर सुसराल वालों ने हत्या कर दी। हसीना के गले में रस्सी से कसने का निशान था।

# जूनियर में पूर्ण्या व सीनियर में निष्ठा ने मारी बाजी

संतकबीरनगर, निसं। यातायात जागरूकता माह के क्रम में मंगलवार को पुलिस लाइन परिसर में चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित हुई। विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने प्रतिभाग किया। सभी ने यातायात नियमों के पालन से लेकर लापरवाही पर होने वाली दुर्घटनाओं को इंगित करते हुए पेंटिंग बनाया। मूल्यांकन के बाद बेहतर पेंटिंग तैयार करने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया गया।

एसपी सोनम कुमार ने बच्चों द्वारा यातायात के दौरान जागरूकता संबंधी चित्रों को बनाकर लोगों को जागरूक करने की सराहना करते हुए छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। राजकीय कन्या कॉलेज 10, हीरा लाल इंटर कॉलेज 37, राज ग्लोबल एकेडमी मलोरना के 35, सेंट थॉमस स्कूल 19, सिटी पब्लिक स्कूल के 36, ब्लूमिंग बड्स स्कूल के 50 बच्चों ने प्रतिभाग किया। जूनियर ग्रुप में राज ग्लोबल एकेडमी की छात्रा पूर्ण्या राजवंशी ने प्रथम स्थान, इसी स्कूल की रूपाली सिंह ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं ब्लूमिंग बड्स एकेडमी की श्रुति गुप्ता को तृतीय स्थान मिला। सीनियर ग्रुप में सेंट थॉमस इंटर कॉलेज की निष्ठा गुप्ता ने प्रथम, ब्लूमिंग बड्स एकेडमी की बुशरा प्रवीन ने द्वितीय व श्रेया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।



जूनियर ग्रुप की उप विजेता राज ग्लोबल की रुपाली सिंह को पुरस्कृत करते सीओ। • हिन्दुस्तान

# यूट्यूबर को बाइक पर स्टंट पड़ा महंगा, पुलिस ने किया चालान

- मालती चौहान-विष्णु राज का स्टंट वीडियो आया था सामने
- शिकायत पर ट्रैफिक पुलिस ने किया नौ हजार का चालान

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। जिले के मशहूर यूट्यूबर मालती चौहान और उनके पति विष्णु राज को बाइक पर स्टंट करना महंगा पड़ गया। ट्विटर पर वीडियो के साथ जिले के पुलिस को मिली शिकायत के बार यातायात पुलिस ने सोमवार की देर रात यूट्यूबर के बाइक का चालान किया। पुलिस ने नौ हजार का जुर्माना लगाया। जुर्माना लगने के बाद यूट्यूबर के फॉलोवर में नाराजगी है। कई लोगों ने सोशल मीडिया पर उसको लेकर तरह-तरह की पोस्ट किया।

सोमवार की शाम करीब 4.28 बजे ट्विटर के जरिए संतकबीरनगर पुलिस को विष्णु राज़ और मालती चौहान का स्टंट करते वीडियो के साथ शिकायत मिली। शिकायत करने वाले अरविन्द सिंह मौर्या ने बाइक नंबर के साथ ही यातायात माह पर सवाल खड़ा किया। वीडियो में यूट्यूबर विष्णु राज बाइक चला रहा है, पीछे मालती बैठी हैं। इसके अलावा एक और कोई साथ में है। बाइक पर कोई भी हेलमेट नहीं लगाया है, इसके अलावा तेज रफ्तार में हाथ छोड़कर विष्णु राज स्टंट करते भी दिख रहे हैं। ट्विटर पर मिली इस शिकायत पर देर शाम यातायात निरीक्षक बृजेश यादव ने बाइक का चालान किया। बृजेश यादव ने बताया कि नौ हजार रुपए जुर्माना लगाया गया है। बिना हैलमेट के साथ ही बाइक पर तीन सवारी बैठाया। इसके साथ ही बीच में हाथ छोड़कर स्टंट भी कर रहा है।

पुलिस क्षेत्राधिकारी यातायात अंबरीश भदौरिया ने कहा कि ट्विटर के माध्यम यह जानकारी मिली थी कि एक युवक बाइक पर दो महिलाओं को बैठाकर हाथ छोड़कर बाइक पर स्टंट कर रहा था।

# दो वारंटी गिरफ्तार

संतकबीरनगर। वांछित वारंटियों के विरुद्ध चल रहे अभियान में मंगलवार को दो वारंटी को गिरफ्तार किया। मेंहदावल पुलिस ने लुधई पुत्र राजाराम, शिवपूजन पुत्र राम अवध निवीस छपिया पराग को गिरफ्तार करते हुए कोर्ट रवाना किया।

# 106 वाहनों का किया चालान

संतकबीरनगर। जिले में अभियान चलाकर यातायात नियमों का सख्ती से अनुपालन कराने के लिए चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान 106 वाहनों का चालान किया गया। इनसे 99 हजार 500 रुपए का सम्मन शुल्क वसूल किया। नियमों का अनुपालन न करने वालों को कड़ी चेतावनी भी दिया।

# शांतिभंग में नौ का चालान

संतकबीरनगर। जनपद में अशांति फैलाने वालों पर अभियान चलाकर कार्रवाई किया। महुली पुलिस ने तीन अभियुक्त को गिरफ्तार किया । वहीं बेलहर कला पुलिस ने छह अभियुकत को गिरफ्तार करते हुए शांतिभंग में चालान किया।

# कांस्टेबल के घर से लाखों का सामान व नकदी चोरी

**चुरेब, हिन्दुस्तान संवाद।** कोतवाली खलीलाबाद थाना क्षेत्र के मीरगंज कस्बे में चोरों ने उत्तर प्रदेश पुलिस में कार्यरत एक कांस्टेबल के घर को निशाना बनाया। चोर चैनल सहित सभी कमरों का ताला और आलमारी का लाकर तोड़कर चार लाख रुपए का जेवर और एक लाख पंद्रह हजार रुपए नगद उठा ले गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

मीरगंज निवासी उत्तर प्रदेश पुलिस में नौकरी करने वाले कांस्टेबल अभय जयसवाल की माता सुनीता जयसवाल ने बताया कि कुछ वर्ष पूर्व एक दुर्घटना में उनके पति रणजीत जयसवाल की मृत्यु हो चुकी है। बड़ा बेटा उत्तर प्रदेश पुलिस में हेड कांस्टेबल है। वह अपने छोटे बेटे अंकित जयसवाल के साथ रहती हैं। भाई की तबीयत बहुत खराब थी। जिसकी वजह से 14 दिन पूर्व वह घर पर ताला बंद कर छोटे बेटे को लेकर अपने मायके चली गई थी। सोमवार को द्रोपहर जब वह मायके से घर वापस आई तो चैनल का ताला टूटा हुआ था। घर के अंदर का नजारा देखकर सन्न रह गई। सभी दरवाजों के ताले टूटे थे। तीन आलमारी और आलमारी का लाकर भी चोरों ने तोड़ दिया है। घर में सारे सामान इधर-उधर बिखरे पड़े थे। सुनीता ने बताया कि चोर चार लाख का जेवर और छोटे बेटे के एडमिशन के लिए रखा गया एक लाख पंद्रह हजार रुपए नगद उठा ले गए हैं। साथ ही कुछ अन्य कीमती सामान भी दिखाई नहीं दे रहा है। घर पर किसी के न रहने की वजह से चोरों ने घर के अंदर चोरी कब की यह बता पाना मुश्किल है। पुलिस को सूचना दे दी गई है। पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# दुष्कर्म के मामले में वांछित बाल अपचारी गिरफ्तार

संतकबीरनगर। धनघटा पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में वांछित बाल अपचारी को गिरफ्तार किया। वादी ने अपने बेटी के बहला फुसलाकर भगा ले जाने और दुष्कर्म करने के मामले में केस दर्ज किया था। केस दर्ज के बाद से ही डिहवा निवासी बाल अपचारी की तलाश में पुलिस जुटी थी।

# कब्र की पहचान न हो पाने के कारण वापस लौटी टीम

जासं, महुली, संतकबीर नगर: महुली थाना के नाथनगर पुरानी बाजार स्थित कब्रिस्तान में मंगलवार को नायब तहसीलदार के नेतृत्व में टीम पहुंची। मृतक महिला के कब्र की पहचान न हो पाने के कारण टीम वापस लौट गयी। अब बुधवार को कब्र की पहचान करके खोदाई कर शव निकालने का प्रयास किया जाएगा। गोरखपुर जिले के हरपुर बुदहट थाना के पचौरी गांव की एक मां ने बाइक के लिए बेटी की हत्या करने का आरोप लगाया है। कोर्ट के आदेश पर मुकामी पुलिस ने 13 अक्टूबर को पति, सास, ननद पर दहेज हत्या का केस दर्ज किया।



कब्रिस्तान से शव निकलवाने पहुंचे नायब तहसीलदार योगेंद्र पांडेय व पुलिसकर्मी● जागरण

गोरखपुर जनपद के हरपुर बुदहट थाना के पचौरी गांव निवासी शैरुन्निशा पत्नी मुस्तकीम ने बताया कि उनकी छोटी बेटी हसीना का विवाह 13 मई 2022 को इस जिले के महुली थाना के नाथनगर गांव निवासी साहिल पुत्र वाहिद के साथ हुई थी। ससुराल के लोग बाइक की मांग कर रहे थे। मांग पूरी न किए जाने पर बेटी को दहेज के लिए प्रताड़ित कर रहे थे। आपसी रजामंदी से बेटी को छह जुलाई को मायके लाना था। जब वह इस तिथि को बेटी के घर पर पहुंची। ससुराल वाले ताला बंद करके गायब मिले। पूछताछ करने पर गांव के लोगों ने बताया कि उनकी बेटी की मृत्यु हो गई है। वह महुली थाने पर तहरीर देकर ससुरालियों पर बेटी की हत्या करने का आरोप लगाया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया, सुलह करने के लिए उन पर दबाव डालने लगी। इस पर उन्होंने न्याय के लिए कोर्ट का शरण लिया। दोषियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने की मांग की थी। कोर्ट के आदेश पर 13 अक्टूबर को पति, सास, ननद पर मुकामी पुलिस ने दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया।

धनघटा तहसील के नायब तहसीलदार योगेंद्र पाण्डेय मंगलवार को मुखलिसपुर पुलिस चौकी के प्रभारी विवेकानंद तिवारी के साथ मय फोर्स नाथनगर में पहुंचे। टीम कब्रिस्तान पर पहुंची लेकिन कब्र की पहचान नहीं हो पायी। इस पर नायब तहसीलदार ने पुलिस और प्रधान को गांव में डुग्गी मुनादी कराकर सभी ग्रामीणों को बुधवार को कब्रिस्तान पर पहुंचाने का निर्देश दिया। इस दिन कब्र की पहचान के बाद खोदाई की जाएगी। चौकी प्रभारी ने कहा कि खोदाई के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। रिपोर्ट आने के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

# नौकरी दिलाने के नाम पर 10 लाख की ठगी

**जासं, मेंहदावल, संतकबीर नगर :** थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले युवक के साथ नौकरी दिलाने के नाम पर एक आरोपित के द्वारा 10 लाख रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

क्षेत्र के खजुरा कला गांव के रहने वाले कन्हैयालाल मिश्र ने पुलिस को दिए तहरीर में आरोप लगाया कि एक वर्ष पूर्व मंजीत उपाध्याय निवासी बाबा पारसनाथ फार्मेसी एंड पैरामेडिकल कालेज महादेवा रोड रामनगर बाराबंकी ने हमारे पुत्र दिलीप व बहू प्रीति को नौकरी दिलाने के नाम पर चार बार में 10 लाख रुपए लिया। बार-बार कहने के बावजूद उन्होंने नौकरी नहीं दिलाई व पैसा भी वापस नहीं किया। प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# प्रधान पति समेत तीन लोगों पर मुकदमा

जासं, संतकबीर नगर: कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने मंगलवार को उड़सरा गांव के प्रधान पति समेत तीन लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। बघौली ब्लाक के उड़सरा गांव स्थित एक इंटर कालेज के प्रबंधक मो. वकील खान ने मंगलवार को कोतवाली खलीलाबाद थाने में तहरीर दी है। 20 नवंबर को दोपहर के करीब 12 बजे कालेज में चहारदीवारी बनायी जा रही थी। यहां के प्रधान पति अजीजुर्रहमान अपने सहयोगी सईदुर्रहमान व वसीम अख्तर चहारदीवारी को ढ़हाने लगे। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो ये लोग उन्हें अपशब्द कहने लगे। इससे काम कर रहे मजदूर आदि भय से भाग गये।

उनके शोर मचाने पर तमाम लोग आने लगे। यह देखकर ये तीनों लोग जान से मारने की धमकी देते हुए चले गये। कोतवाली प्रभारी सर्वेश राय ने कहा कि केस दर्ज करके मामले की जांच की जा रही है।

# विश्वमोहन की हत्या में करीबी हो सकते है शामिल

- हत्या के लिए हत्यारों ने चुना था पूरी तरह से निर्जन क्षेत्र
- घटनास्थल तक पहुंचने के लिए नहीं था कोई आम रास्ता

जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर : बखिरा थानाक्षेत्र के जोगीडीहा में हुई हटवा के विश्वमोहन की हत्या को देखकर प्रथम दृष्टया यह बात सामने आती है कि हत्यारे उसके करीबी ही होंगे। उसकी हत्या कहीं और की थी और शव को लाकर घटनास्थल पर पुआल के नीचे छिपाने का प्रयास किया गया ताकि उसकी हत्या की जानकारी किसी को न हो सके। अगर वहां पर महिलाएं धान की बाली बीनने के लिए नहीं पहुंचती तो वहां पर कोई भी व्यक्ति तभी पहुंचता जब खेत को जोतना और बोना होता।

घटनास्थल जहां पर लाश मिली है वह कई गांवों के बीच में पड़ता है। घटनास्थल के चारों तरफ जोगीडीहा, बढ़या, हटवा, परतिया, सीहटीकर आदि गांवों का सुनसान इलाका है। यहां पर लोग तभी आते हैं जब उनको खेत की बोआई करनी होती है। जिस खेत में शव मिला उससे 500 मीटर की दूर तक कहीं कोई आम रास्ता नहीं है। ऐसे में हत्यारों की मंशा शायद यही रही होगी कि उसके हत्या के राज को कुछ दिनों तक छिपाया जा सके। घटनास्थल पर मिला खून का धब्बा यह बताता है कि उसकी हत्या शायद कहीं और की गयी हो और शव को छिपाने के लिए यहां पर लाया गया हो।


**दो भाइयों में छोटा था विश्वमोहन** : विश्वमोहन दो भाइयों में छोटा था। उसकी शादी अभी नहीं हुई थीं। उसका बड़ा भाई रामउजागिर भी मजदूरी करता था। जबकि पिता रजई और मां कौशिल्या घर पर ही रहती थीं। सभी का रोते-रोते बुरा हाल है। रात में जब वह घर नहीं पहुंचा तो कौशल्या उसकी खोजबीन में निकली भी थी, तभी उसकी हत्या की जानकारी हुई।

**क्या कहते हैं एसपी** : एसपी सोनम कुमार ने कहा कि घटना के पर्दाफाश के लिंए तीन टीमों का गठन कर दिया गया है। एक टीम स्थानीय थाने की रहेगी। दूसरी एसओजी के साथ तीसरी सर्विलांस टीम होगी। शीघ्र ही घटना का पर्दाफाश कर दिया जाएगा। इस दिशा में काम चल रहा है।

### कच्ची के लिए बदनाम है इलाका

जिस जगह विश्वमोहन की लाश मिली है वह इलाका कच्ची के लिए बदनाम इलाका माना जाता है। घटना स्थल से ही एक किलोमीटर की दूरी पर पूरे जनपद में कच्ची शराब के लिए कुख्यात गांव परतिया है। वहीं 600 मीटर की दूरी पर जोगीडीहा तथा एक किलोमीटर की दूरी पर बढ़या गांव स्थित है, जो कच्ची के लिए बदनाम हैं।

### आखिर कहां गई मृतक की मोबाइल



पुलिस को शव की छानबीन में केवल उसकी जेब से डिब्बी में रखा हुआ एक पनामा सिगरेट मिला है। इसके अतिरिक्त अन्य कोई भी सामान नहीं मिला है। वह पास मोबाइल भी रखता था, लेकिन उसके शव के पास या जेब से मोबाइल नहीं बरामद हुआ। हो सकता है कि हत्यारों ने उसकी मोबाइल या तो फेंक दी हो, या फिर उस जगह पर गिर गई हो जहां पर उसकी हत्या की गयी हो। मोबाइल से ही उसकी हत्या के राज से पर्दा उठ सकता है।

# टीम ने केमिकल फैक्ट्री में आग व आपदा से बचाव का किया पूर्वाभ्यास



आपदा से बचाव के लिए संयुक्त टीम के पूर्वाभ्यास से पूर्व मौजूद एडीएम मनोज कुमार सिंह, एसडीएम अजय कुमार त्रिपाठी व अन्य अधिकारी ● जागरण



आपदा से बचाव का पूर्वाभ्यास करती टीम ● जागरण

जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर: इंडस्ट्रियल एरिया स्थित एक केमिकल फैक्ट्री में मंगलवार को आग व अन्य आपदा से बचाव के लिए संयुक्त टीम ने पूर्वाभ्यास किया। इसमें राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), पुलिस, राजस्व, स्वास्थ्य व अग्निशमन विभाग के कर्मी शामिल रहे। उन्होंने रासायनिक, जैविक, रेडियोधर्मी आदि आपदा के दौरान घायल हुए व्यक्तियों को बचाने के लिए अभ्यास किया। एडीएम वित्त एवं राजस्व मनोज कुमार सिंह व एसडीएम अजय कुमार त्रिपाठी ने इसका जायजा लिया। अधिकारियों ने कहा कि इससे आपदा की स्थिति में बचाव करने और लोगों को राहत पहुंचाने में काफी मदद मिलेगी।

एनडीआरएफ के कमांडेंट मनोज शर्मा के दिशा-निर्देशन में संयुक्त टीम ने सीबीआरएन यानी केमिकल, बायोलाजिकल, रेडियोलाजिकल और न्यूक्लियर जैसी आपदा से निपटने के लिए पूर्वाभ्यास किया। आपसी समन्वय स्थापित करके संभावित खतरे से निपटने के लिए अभ्यास किया। एनडीआरएफ के उप कमांडेंट प्रेम कुमार पासवान ने गोरखपुर टीम के पूर्ण रूप से प्रशिक्षित 35 सदस्यों के साथ पूर्वाभ्यास कराया। एनडीआरएफ के निरीक्षक दीपक कुमार कमालिया ने बताया कि रासायनिक, जैविक व रेडियोधर्मी आपदा से काफी क्षति होती है। इसके बारे में पूर्ण जानकारी होना ही बचाव का मूल मंत्र है। इस पूर्वाभ्यास का मुख्य उद्देश्य रासायनिक, जैविक, रेडियोधर्मी आदि आपदा के दौरान घायल हुए व्यक्तियों के अमूल्य जीवन की रक्षा करना है। इसके जरिये खोज, राहत व बचाव में आने वाली कमियों की समीक्षा करके उन्हें दूर करना है। एडीएम ने कहा कि इससे आपदा की स्थिति में बचाव करने और लोगों को राहत पहुंचाने में काफी मदद मिलेगी। इस अवसर पर फैक्ट्री के मालिक शांतनु अग्रवाल, प्रबंधक दीनदयाल चौधरी, उप महाप्रबंधक प्रेम कुमार यादव के अलावा अन्य कर्मी, उपायुक्त उद्योग राजकुमार शर्मा, कोतवाली प्रभारी सर्वेश राय, अग्निशमन अधिकारी, आपदा विशेषज्ञ कृष्णा गुप्त व राहत सहायक रंजित गुप्त, चिकित्सा विभाग से डा.मधुसूदन पाठक व अन्य कर्मी एंबुलेंस के साथ, उत्तर प्रदेश इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष अरविंद त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# फरियादियों के साथ बेहतर व्यवहार करें पुलिसकर्मी

**जागरण संवाददाता, धर्मसिंहा, संतकबीर नगर** : अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह ने मंगलवार को धर्मसिंहा थाने का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाने की व्यवस्था देखी और फरियादियों के साथ बेहतर व्यवहार करने के लिए पुलिसकर्मियों को निर्देश दिया। अपर पुलिस अधीक्षक दिन में दो बजे थाने पर पहुंचे। उन्होंने परिसर और कार्यालय की साफ-सफाई का जायजा लिया। कार्यालय में रखे समस्त अभिलेखों, शस्त्रागार तथा महिला व पुरुष हवालात का निरीक्षण कर वहां की स्थितियों की जानकारी ली। अभिलेखों के उचित रखरखाव के लिए उन्होंने थाना प्रभारी को निर्देशित किया।

आगंतुक रजिस्टर में अंकित शिकायतों के विषय में जानकारी लेने के बाद उनके निस्तारण की स्थितियों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने पुलिस कर्मियों को थाने में आने वाले आगंतुकों के साथ शालीनता पूर्वक विनम्र व्यवहार करने व उनकी समस्याओं को सुनकर तत्काल आवश्यक कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने थाने के महिला हेल्प डेस्क का भी निरीक्षण किया। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा एवं स्वावलंबन के लिए मिशन शक्ति का शिक्षण संस्थानों सहित अन्य महिलाओं से संबंधित स्थलों पर जाकर व्यापक प्रचार प्रसार करते हुए मनचलों एवं शोहदों के विरुद्ध कार्रवाई करने को कहा। कार्यालय में निरीक्षण के बाद पुलिस मेस का भी उन्होंने निरीक्षण किया। मेस में साफ सफाई रखने के साथ उन्होंने पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने को लेकर निर्देशित किया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सहित थाने के समस्त पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# चाकू के साथ युवक गिरफ्तार

बखिरा। देवपुर पुलिया के पास से पुलिस ने चाकू के साथ युवक को पकड़ा। एसओ अनिल सिंह ने बताया कि सोमवार को हेड कांस्टेबल राधेश्याम वर्मा और कांस्टेबल जितेंद्र सोनी चमनगंज चौराहे पर मौजूद थे। उसी दौरान मिली सूचना के आधार पर देवपुर पुलिया के पास से चाकू के साथ युवक को गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान असलम निवासी दुर्गजोत थाना बखिरा के रूप में हुई। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। संवाद

# लाश के लिए पांच घंटे कब्र की तलाश, फिर भी खाली हाथ

संवाद न्यूज एजेंसी

**पांच महीने पहले विवाहिता की हो गई थी मौत**

**शव का पोस्टमार्टम कराने के प्रयास में जुटी पुलिस**

धनघटा। पांच महीने पहले महुली क्षेत्र के नाथनगर की रहने वाली विवाहिता की संदिग्ध हाल में मौत हो गई थी। ससुरालियों ने गांव के कब्रिस्तान में शव को दफन कर दिया था।

कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने ससुरालियों पर केस दर्ज किया। शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए पुलिस मंगलवार को पांच घंटे तक कब्र की तलाश की, लेकिन कब्र की पहचान नहीं हो पाई।

गोरखपुर जनपद के हरपुर बुदहट क्षेत्र के पचौरी गांव निवासी सैरुन्निशा पत्नी मुस्तकीम का कहना है कि बेटी हसीना का निकाह 13 मई 2022 को साहिल पुत्र सुखारी उर्फ वाहिद निवासी नाथनगर के साथ हुआ था। निकाह में दामाद साहिल को 50 हजार रुपये नकद, दस ग्राम का सोने की माला व चार ग्राम सोने की अंगूठी दी थी। शादी के दिन ही बेटी की विदाई हुई थी।



नाथनगर कब्रिस्तान में विवाहिता के कब्र की तलाश करती पुलिस। संवाद

विदाई में बेटी को जेवर, कपड़े, बेड, बर्तन, सोफा, फ्रिज, मिक्सर आदि दिया था। आरोप है कि ससुराल जाने के बाद दामाद साहिल तथा ननद शबाना उसकी बेटी को दहेज में बाइक लाने के लिए परेशान करते थे। इस बात की शिकायत बेटी ने की थी। छह जुलाई 2022 को बेटी की विदाई तय थी।

पीड़ित मां का आरोप है कि तीन जुलाई 2022 को उसकी बेटी हसीना को उसके पति साहिल, सास हसरुन्निशा, ननद गुड़िया व शबाना ने गला दबाकर मार डाला। बेटी के शव को दफना कर भाग गए। छह जुलाई 2022 को उसके पिता जब बेटी की विदाई कराने गए तब साहिल का घर बंद था। पुलिस को सूचना दी गई, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। मजबूरन कोर्ट की शरण लेनी पड़ी।

एसओ संतोष कुमार बताया कि कोर्ट के आदेश पर पति साहिल, सास हसरुन्निशा, ननद गुड़िया व शबाना पर केस दर्ज किया गया है।

# छात्र की पिटाई कर सोशल मीडिया पर किया वायरल

संवाद न्यूज एजेंसी

## चार नामजद समेत एक दर्जन अज्ञात पर केस दर्ज

**संतकबीरनगर।** शहर में सोमवार शाम कोचिंग से पढ़कर लौट रहे छात्र को सिगरेट पीकर फूंक मारने से मना करने पर कुछ मनबढ़ों ने पीट दिया। आरोप है कि पिटाई करता हुआ वीडियो बना कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। मंगलवार को पुलिस ने इस मामले में चार नामजद समेत एक दर्जन अज्ञात पर केस दर्ज किया।

मोती चौराहा सुगर मिल रोड निवासी अलोक अग्रहरि पुत्र विनोद अग्रहरि का आरोप है कि वह गोरखल में संचालित एक कोचिंग सेंटर में पढ़ने गए थे। कोचिंग से लौटते दौरान एनडी पांडेय गली में सिगरेट पीकर उमेर पठान और उनके साथ कुछ लोग फूंक रहे थे। विरोध करने पर लोगों ने उसे मारा पीटा।

आरोप है कि एक दिन बाद उमेर पठान अपने साथियों के साथ गोलबंद होकर उसे अपशब्द कहने लगा। विरोध पर उसे मारे-पीटे और वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। एसओ सर्वेश राय ने बताया कि उमेर पठान, उस्मान, शुभम, अब्दुल हशीम व कुछ अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया।

# पूर्णिया प्रथम, रूपाली दूसरे स्थान पर रहीं

## पुलिस लाइंस में चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित

संवाद न्यूज एजेंसी

**संतकबीरनगर।** यातायात माह के तहत पुलिस लाइंस में विद्यार्थियों के जरिए यातायात विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता हुई। इसमें बेहतर स्थान हासिल करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

यातायात निरीक्षक ब्रजेश यादव ने बताया कि प्रतियोगिता में जूनियर ग्रुप में राज ग्लोबल एकेडमी की छात्रा पूर्णिया राजवंशी ने प्रथम स्थान और उसी विद्यालय की रूपाली सिंह द्वितीय स्थान तथा ब्लूमिंग बड्स एकेडमी की श्रुति गुप्ता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

सीनियर ग्रुप में सेंट थॉमस इंटर कॉलेज की निष्ठा गुप्ता ने प्रथम स्थान, ब्लूमिंग बड्स एकेडमी की बुशरा प्रवीण द्वितीय तथा श्रेया गौतम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सेंट थॉमस इंटर कॉलेज के स्वप्निल ने एसपी सोनम कुमार की पेंसिल स्केच तैयार कर भेंट की।



पुलिस लाइंस में आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागी। संवाद

# प्रधान के पति समेत तीन लोगों पर मुकदमा दर्ज

संवाद न्यूज एजेंसी

**संतकबीरनगर।** कोतवाली पुलिस ने उड़सरा में संचालित गर्ल्स इंटर कॉलेज की चहारदीवारी गिरा देने के आरोप में मंगलवार को प्रधान के पति समेत तीन पर केस दर्ज किया। पुलिस ने यह कार्रवाई विद्यालय के प्रबंधक की शिकायत पर की।

जुबैदा गर्ल्स इंटर कॉलेज उड़सरा के प्रबंधक मोहम्मद वकील खां ने बताया कि शासनादेश के अनुसार प्रारूप पर विद्यालय के भूमि पुनर्ग्रहण का प्रस्ताव प्रेषित किया गया, जिसके अध्यक्ष डीएम संतकबीरनगर है।

## इंटर कॉलेज की चहारदीवारी गिराने का है आरोप

स्कूल की सुरक्षा के लिए लिहाज से चारहदीवारी का निर्माण करवा रहे है।

आरोप है कि उड़सरा के प्रधान के पति अजीजुर्रहमान अपने सहयोगी सईदुर्रहमान व वसीम अख्तर ने 20 नवंबर को विद्यालय का चहारदीवारी गिरा दी। मना करने पर लोग अपशब्द कहते हुए जानमाल की धमकी दी। कोतवाल सर्वेश राय ने बताया कि प्रधान के पति समेत तीन पर केस दर्ज कर लिया गया है।

# दो सगे भाइयों समेत सात पर केस दर्ज

**धनघटा।** महुली पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर रेवटा गांव के दो सगे भाइयों समेत सात लोगों पर बलवा, मारपीट का मुकदमा दर्ज किया। एसओ संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि क्षेत्र के रेवटा गांव में 14 मई 2022 को मारपीट हुई थी। पीड़ित शिवनाथ गौड़ पुत्र रामचंद्र निवासी रेवटा की तहरीर पर सुनील, अरविंद अजय, छोटेलाल, पियारे, प्रमिला, इसरावती पर घर में घुसकर मारने पीटने का केस दर्ज किया गया। विवेचना से जो तथ्य सामने आएगा, आगे वैसी कार्रवाई की जाएगी। संवाद

GONDA POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 23-11-2022

# पुलिस अधीक्षक से महिला ने शिकायत की

अलावल देवरिया। थाना क्षेत्र इटियाथोक रैगांव की रहने वाली गायत्री देवी पत्नी मंगल सिंह ने एसपी को दिए शिकायत पत्र में कहा है कि गांव के ही दबंग किस्म के लोग मुझे अपनी जमीन में निर्माण कार्य नहीं करने दे रहे हैं। विपक्षी मारपीट पर आमादा हो जाते हैं और धमकी देते हैं।

# युवती की आत्महत्या मामले में युवक गिरफ्तार

परसपुर। युवती की पिटाई कर उसे घर से निकाल दिया गया, जिससे आहत होकर उसने आत्म हत्या कर ली। मृतका की मां ने थाना कटरा बाजार में युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामले में कटरा थाने की पुलिस ने कार्रवाई करते हुए थाने में दर्ज हुए मुकदमे का वांछित आरोपी परसपुर ग्राम मिझौंरा के भोलापुरवा निवासी अम्बिका प्रसाद को गिरफ्तार कर वास्ते रिमांड के लिए न्यायालय रवाना किया है।

# लड़की को भगाने का आरोपी पकड़ा

गोण्डा। थाना कोतवाली देहात पुलिस ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान नाबालिक लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के आरोपी अशोक पाण्डेय को गिरफ्तार कर लिया हैं। पुलिस ने बताया कि क्षेत्र की रहने वाली एक नाबालिक लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले गया था। पीड़िता की लड़की की मां ने थाने में मुकदमा दर्ज कराया था।

0 पावर
नगर,
अनुभवी
ाओं /
त) से
कालीन
निविदा
रोजनी
र टैंक

# पॉक्सो के आरोपी को तीन वर्ष की सजा

गोंडा। विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) चन्द्र मोहन चतुर्वेदी ने पॉक्सो एक्ट के तहत आरोपी को तीन वर्ष की कैद और अर्थदंड की सजा सुनाई।

विशेष अभियोजक (पॉक्सो एक्ट) सुनील कुमार मिश्रा व अशोक कुमार सिंह के अनुसार छपिया थाने में ग्राम सुरवार खुर्द निवासी सरजू के विरुद्ध नाबालिग को अगवा करके उससे दुराचार की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। पुलिस ने मामले की विवेचना करने के बाद आरोप पत्र अदालत पर भेज दिया। कोर्ट ने दोषी को सजा सुनाई।

# नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को बीस साल का कारावास

**अदालत से**

गोण्डा, विधि संवाददाता। विशेष न्यायाधीश (पास्को एक्ट) चन्द्र मोहन चतुर्वेदी ने दुष्कर्म करने के आरोपी को बीस वर्ष की कैद और अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड अदा न करने पर उसे अतिरिक्त सज़ा भुगतनी होगी।

विशेष अभियोजक( पास्को एक्ट) सुनील कुमार मिश्रा व अशोक कुमार सिंह के अनुसार मनकापुर थाना क्षेत्र में नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म किए जाने की रिपोर्ट उसके पिता ने दर्ज कराई थी। पीड़िता के पिता ने कुशीनगर जिले के थाना कोतवाली हाता के बरवा छतरदास निवासी राजन डोम पुत्र बिरजू डोम को नामजद किया था। रिपोर्ट के मुताबिक आरोपी ने वादी की पुत्री को अगवा करके उसके साथ दुराचार किया था। पुलिस ने प्रकरण की विवेचना करने के बाद आरोप पत्र अदालत पर भेज दिया। अदालत ने अभियोजन व बचाव पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें और पत्रावली में उपलब्ध साक्ष्यों का गहन अवलोकन करने के पश्चात आरोपी राजन को दुष्कर्म का दोषी करार दिया।

कोर्ट ने उसे बीस वर्ष का कठोर कारावास और सात हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड की अदायगी न करने पर अतिरिक्त सज़ा भुगतनी होगी।

# छह साल बाद महिला समेत दो लोगों पर हत्या का केस

- कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने की कार्रवाई
- हत्याकर शव लटकाने का लगाया था आरोप

परसपुर, संवाददाता। ग्राम शाहपुर धनावा में छह साल पूर्व संपत्ति हड़पने को लेकर एक व्यक्ति की हत्याकर उसका शव बबूल के पेड़ से लटकाए जाने का आरोप है। इस प्रकरण में पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर महिला सहित दो लोगों के विरुद्ध हत्या का केस दर्ज करके तफ्तीश शुरू कर दी है।

करनैलगंज थाना क्षेत्र के ग्राम फत्तेपुर कोटहना के जानकी पंडित पुरवा निवासी गणेश दत्त पाठक की ओर से न्यायालय में इस संबंध में अर्जी दाखिल की गई थी। इसमें कहा गया कि जून वर्ष 2016 में संपत्ति हड़पने की नीयत से दो लोगों ने षडयंत्र करके उसके चचेरे मामा राम गोपाल की हत्या कर दी। इसके बाद उनका शव खेत में बबूल के पेड़ से लटका दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। बाद में उसे पता चला कि आरोपीजन के अनैतिक संबंध के चलते उसके मामा की नाबालिग पुत्री को बिक्री के लिए पहले एक युवक के साथ भगा दिया गया। इस बावत जब उसके मामा को जानकारी हुई तो लड़की को बरामद कराया। इसके बाद आरोपियों ने चाल असफल होने पर उसके मामा की हत्या कर दी। इंसपेक्टर संतोष कुमार सरोज ने बताया कि शाहपुर निवासी उमेश चन्द और धनावा निवासिनी रमादेवी उर्फ जयदेवी पर हत्या का केस दर्ज किया गया है।

## कौड़िया बाजार थाने की कमान विद्यासागर को

रुपईडीह। एसपी ने कौड़िया बाजार थाने पर तैनात उपनिरीक्षक विद्यासागर पांडे को वहां की कमान सौंप दी है। थानाध्यक्ष बनते ही विद्यासागर पांडे ने सभी पुलिस उप निरीक्षको व महिला व पुरुष आरक्षीयो के साथ बैठक कर सभी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

## दुष्कर्म करने का फरार आरोपी गिरफ्तार

गोण्डा। कोतवाली देहात पुलिस ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगाने और उसके साथ दुष्कर्म के आरोपी अशोक पाण्डेय को गिरफ्तार कर लिया है। इस संबंध में लड़की की मां ने मुकदमा दर्ज कराया गया था। देहात कोतवाल ने बताया आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

# सरकारी भूमि कब्जा करवाने का आरोप

गोण्डा। वजीरगंज के किनारे झिलाही मार्ग पर इटरौर ग्राम पंचायत अंतर्गत तालाब व पीडब्ल्यूडी की जमीन पर अवैध कब्जे का आरोप लगा है। गांव के शेषनरायन शुक्ला ने इसकी शिकायत मुख्यमंत्री से लेकर अफसरों से की है।

उनका आरोप है कि ग्राम पंचायत में सड़क किनारे पड़ी खाली तालाब व पीडब्लूडी की आरक्षित सीमा के अन्दर की जमीन राजस्वकर्मियों की मिलीभगत से बेची जा रही है। जिसपर लोग पक्का निर्माण करा रहे हैं। लोगों से सरकारी जमीन पर कब्जा करवाने में मोटी रकम वसूलते हैं। उन्होंने मामले की जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# बालश्रम रोकने को सभी से लें मदद

**गोष्ठी**

गोण्डा, संवाददाता। जिला पंचायत सभागार में मंगलवार को बाल श्रम उन्मूलन को लेकर गोष्ठी हुई। शुभारंभ डीएम डॉ. उज्ज्वल कुमार ने किया। उन्होंने कहा कि बाल हिंसा, बाल विवाह रोकने के लिए आमजन की सहभागिता जरूरी है।

डीएम ने कहा कि इस अभियान से लोगों के बीच बाल श्रम, बाल हिंसा, बाल विवाह आदि को लेकर जागरूकता आएगी। कहा कि 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों से श्रम करवाना कानूनन अपराध है। बाल श्रम को रोकने के लिए संबंधित विभाग कार्ययोजना बनाकर उसे ईमानदारी से ग्राम स्तर पर लागू करें। इसमें ग्राम प्रधान, अन्य जनप्रतिनिधियों और गणमान्य व्यक्तियों का भी सहयोग लिया जाए। सीडीओ गौरव कुमार ने कहा कि यदि कोई बच्चा बालश्रम करता दिखे तो श्रम विभाग के टोल फ्री नंबर पर सूचना दें। उपायुक्त श्रम अनुभव वर्मा ने बाल विवाह पर चिंता जताई। एएसपी शिवराज ने थाने स्तर पर पीस कमेटियों के माध्यम से बाल श्रम उन्मूलन के संबंध में जागरूकता के लिए सुझाव दिया। कार्यक्रम के दौरान सहायक निदेशक बेसिक शिक्षा विनय मोहन वन, बीएसए अखिलेश प्रताप सिंह, डीपीआरओ लालजी दुबे, बाल संरक्षण अधिकारी, उपायुक्त श्रम एवं रोजगार संत कुमार, श्रम प्रवर्तन अधिकारी योगेश दीक्षित आदि रहे।



मंगलवार को जिला पंचायत सभागार में आयोजित गोष्ठी में डीएम को बुके भेंट किया।

# यातायात नियमों की दी जानकारी

रगड़गंज। महाराजा देवी बक्श सिंह इंटर कॉलेज बेलसर में यातायात जागरूकता अभियान के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को यातायात के नियमों की जानकारी दी गई।

मुख्य अतिथि प्रभारी निरीक्षक मनोज पाठक ने छात्राओं की सराहना भी की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि हर स्थिति में लोगों को ट्रैफिक नियमों का पालन करना चाहिए। प्रधानाचार्य अजीत सिंह ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किया। चौकी प्रभारी रगड़गंज कामेश्वर राय व एसआई संदीप वर्मा भी रहे। संचालन शिक्षक अशोक कुमार ने किया। मतदाता जागरूकता अभियान में सक्रिय योगदान के लिए मनतशा बानो, वंदना पांडे, सौर्य मिश्रा, अखिल प्रताप सिंह, अंजली यादव, आराध्या पटवा आदि को पुरस्कार दिया गया।

# अवैध शराब के साथ पांच आरोपियों को दबोचा

वजीरगंज। एसपी के निर्देश पर चलाए गए अभियान में पुलिस ने पांच आरोपियों को अवैध शराब के साथ दबोच लिया है। मुंजड उर्फ राम मंजूर सोनकर, शिव सहाय के पास से बीस लीटर, दुर्गा प्रसाद भुजवन पुरवा बेइलिया के पास दस लीटर, राम अचल के पास दस लीटर व जगत राम देबी नगर वजीरगंज के पास से दस लीटर अवैध शराब बरामद किया गया है। एसओ चंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर न्यायालय भेजा गया है।

# वाहन की चपेट में आने से राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत

संसू, खरगूपुर : खरगूपुर-आर्यनगर मार्ग पर तेंदुआ चौखड़िया गांव के पास मंगलवार राष्ट्रीय पक्षी मोर अज्ञात वाहन से टकराकर घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस व राजकीय पशु चिकित्सालय को दी।

राजकीय पशु चिकित्सालय के डा. आर पी यादव ने बताया कि खरगूपुर आर्य नगर मार्ग पर तेंदुआ चौखड़िया गांव के पास राष्ट्रीय पक्षी मोर अज्ञात वाहन से टकराकर घायल हो गया था। लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंचता तब तक उसने दम तोड़ दिया था। स्थानीय लोगों ने उसे वहीं दफनाया है। उपनिरीक्षक डीएन चतुर्वेदी को पुलिस बल के साथ भेजकर उसे दफनवा दिया गया है।

# किशोरी से दुष्कर्म करने वाले को 20 वर्ष का सश्रम कारावास

**जासं, गोंडा :** अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट चंद्रमोहन चतुर्वेदी ने कुशीनगर के कोतवाली हाटा ग्राम बरवाछतरदास के राजन डोम को किशोरी के साथ दुष्कर्म के मामले में 20 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही पांच हजार रुपये के अर्थदंड से भी दंडित किया है।

विशेष अभियोजक अशोक कुमार सिंह व सुनील कुमार मिश्र के मुताबिक मनकापुर के एक गांव में स्कूल का निर्माण हो रहा था। यहां गैर जिले के श्रमिक कार्य कर रहे थे। छह दिसंबर 2020 की रात नौ बजे राजन किशोरी को भगा ले गया। आरोपित किशोरी को बिहार लेकर चला गया। 20 दिन रखने के बाद जबरन शादी कर ली। अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट ने राजन को दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई।

# 74 दिन बाद भी झोलाछाप की हत्या का राजफाश नहीं कर सकी पुलिस

**संसू, गोंडा :** गत आठ सितंबर की रात नवाबगंज थाना के जैतपुर चौहान पुरवा में बदमाशों ने सोते समय झोलाछाप राजेश चौहान की गला काटकर हत्या कर दी थी। घटना के 74 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस घटना का राजफाश करने में विफल रही। मृतक की पत्नी ने पुलिस अधीक्षक से घटना का राजफाश कर आरोपितों की गिरफ्तारी किए जाने की मांग की।

झोलाछाप राजेश चौहान अपनी ससुराल जैतपुर चौहानपुरवा में रहकर क्लीनिक संचालित करता था। आठ सितंबर की रात जब वह क्लीनिक पर सो रहा था तभी कुछ लोगों ने उसकी गला काटकर हत्या कर दी थी। इस मामले में मृतक के ससुर की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा किया गया था। इसी मामले में पूछताछ के लिए लाए गए माझा राठ के देवनारायन की पुलिस हिरासत में मौत हो गई थी। पुलिस इस मामले में उलझ गई और राजेश की हत्या का मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया। मृतक की पत्नी मालती अपने बच्चों के साथ एसपी कार्यालय पहुंची। वहां उसने आरोपितों की गिरफ्तारी किए जाने की मांग की। पीड़िता का आरोप है उसका गांव के कुछ लोगों से जमीन विवाद था। उसी को लेकर उसके पति की हत्या की गई है, लेकिन पुलिस कुछ नहीं कर रही है। एसपी आकाश तोमर ने कहा कि घटना का राजफाश कर आरोपितों की गिरफ्तारी के निर्देश प्रभारी निरीक्षक नवाबगंज को दिए गए हैं। जल्द ही घटना का राजफाश जाएगा।

# यातायात नियमों के पालन से रुकेंगे सड़क हादसे



बेलसर के महाराजा देवी वक्श सिंह इंटर कालेज में यातायात जागरूकता कार्यक्रम में शमिल छात्राएं ● जागरण

**संवादसूत्र, बेलसर :** एमडीबी सिंह इंटर कालेज में सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के पालन की सीख दी गई। तरबगंज थाने के प्रभारी निरीक्षक मनोज पाठक ने कहा कि नियमों के पालन से सड़क हादसों को कम किया जा सकता है।

प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि वाहन चलाते समय मोबाइल फोन पर बात न करें। दो पहिया वाहन चालक व पीछे बैठे सवारी दोनों हेलमेट पहनें। तेज रफ्तार में वाहन न चलाएं। चौकी प्रभारी रगड़गंज कामेश्वर राय ने गणित के नियमों की जानकारी दी। सड़क के नियमों का पालन करने से जीवन सुरक्षित होता है। उप निरीक्षक संदीप ने कहा कि नशे की हालत में वाहन न चलाएं। प्रधानाचार्य अजीत सिंह ने भी विचार व्यक्त किया। शिक्षक जितेंद्र पांडेय उपस्थित रहे।

# न्यायालय के आदेश पर दो लोगों पर हत्या का मुकदमा

**संवादसूत्र, परसपुर (गोंडा) :** कोर्ट के आदेश पर छह वर्ष बाद मृतक की पत्नी समेत दो लोगों पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है।

कर्नलगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम फतेहपुर कोटहना के जानकी पंडित पुरवा गांव के रहने वाले गणेश दत्त पाठक ने कोर्ट में शिकायत किया। कहा कि उनके चचेरे मामा रामगोपाल को उनकी पत्नी रमादेवी उर्फ गुड्डा अपने प्रेमी उमेश चंद के साथ मिलकर संपत्ति हड़पने की नीयत से रामगोपाल की हत्या करके शव को बीते पांच जून 2016 को बबूल के पेड मे लटका दिया। थाना प्रभारी संतोष कुमार सरोज ने कहा कि कोर्ट के आदेश पर शाहपुर गांव के रहने वाले उमेश चंद व धनांवा गांव की रहने वाली रमादेवी के विरुद्ध हत्या का मुकदमा लिखा गया है।

# जान देने के प्रयास में गिरी बाइक, युवक घायल

## निर्माणाधीन मिश्रौलिया रेलवे ओवर ब्रिज से बाइक समेत कूदा युवक सरिया में फंसा पैर

**संसू, गोंडा :** नगर कोतवाली के जानकी नगर मिश्रौलिया के रहने वाले बसंत तिवारी ने बहराइच मार्ग स्थित निर्माणाधीन मिश्रौलिया रेलवे ओवर ब्रिज से कूदकर जान देने का प्रयास किया। इस दौरान उसका पैर सरिया में फंस गया और उसकी मोटरसाइकिल नीचे गिर गई। उसे जिला अस्पताल से लखनऊ ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया है। घटना का कारण जमीन विवाद बताया जा रहा है। 30 मिनट तक चले हाईवोल्टेज ड्रामा से लोगों की भीड़ लगी रही।





मिश्रौलिया ओवरब्रिज पर कूदकर जान देने का प्रयास करते बसंत कुमार को रोकते लोग और ओवरब्रिज से गिरती बाइक ● जागरण

मिश्रौलिया जानकीनगर के रहने वाले बसंत तिवारी का कहना है कि गांव के ही दबंग उसकी भूमि पर कब्जा करना चाह रहे हैं। दी गई तहरीर में बसंत ने कहा कि वह अपनी जमीन पर निर्माण करा रहा था। उसकी भूमि से करीब दस फीट दूरी पर गांव के दबंग की जमीन है। गांव के दबंग रिश्तेदार हैं। बसंत ने कहा कि निर्माण रोकने के लिए गांव के दबंग लाठी, डंडा व असलहे से लैस होकर उसे जान से मारने की नीयत से आए। इंटरनेट मीडिया पर इसका एक वीडियो वायरल हुआ। बसंत का आरोप है कि इससे नाराज होकर सोमवार की रात विपक्षी उसे मारने आए और तरह तरह की धमकी दी। असलहा दिखाकर उसे मारने की धमकी दी। बसंत ने कहा कि मंगलवार की सुबह वह मोटरसाइकिल से भवन निर्माण कराने वाले स्थल पर जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में दबंगों ने उसे मारने की नीयत से दौड़ा लिया। वह रास्ता न पाकर निर्माणाधीन ओवर ब्रिज पर चढ़ गया। वायरल वीडियो में निर्माणाधीन ओवर ब्रिज से वह कूद कर जान देने का प्रयास करता नजर आ रहा है। मोटरसाइकिल ओवर ब्रिज के नीचे गिर गई। जबकि उसका पैर सरिया में फंस गया। इससे लोगों ने उसे बचा लिया। इस दौरान उसे चोट भी आई। बसंत का कहना है कि दबंग उसे मारे इससे अच्छा है वह खुद अपनी जान क्यों न दे दे। नगर कोतवाल राकेश कुमार सिंह ने कहा कि पूर्व में जमीन विवाद को लेकर समझौता हुआ था। पूरे प्रकरण की पड़ताल कराई जा रही है। दोषियों के खिलाफ मुकदमा कर कार्रवाई की जाएगी।

# आरोपित गिरफ्तार

**आर्यनगर** : 30 साल पहले हुई मारपीट के मामले में न्यायालय से वांछित चल रहे कौड़िया के उसरैना गांव निवासी सिपाही लाल को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी विद्यासागर पांडेय ने कहा कि आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। (संसू)

# मामूली विवाद में मारपीट

**मनकापुर** : ग्राम बक्सरा आज्ञाराम गांव के रहने वाले राम नरेश ने दी गई तहरीर में कहा है कि वह अपने घर के बाहर सड़क के किनारे खड़ा था। इसी बीच गांव के ही संजय वर्मा व उनका भांजा रंजीत निवासी धानेपुर आए। बिना किसी कारण विवाद करने लगे। मना करने पर विपक्षियों ने पिटाई कर दी। इसमें चोटें आई है। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने कहा कि आरोपितों के खिलाफ मुकदमा किया गया है। (संसू)

## विद्यासागर बने थानाध्यक्ष

**आर्यनगर** : कौड़िया थाना में तैनात वरिष्ठ उप निरीक्षक विद्यासागर पांडेय को कौड़िया थानाध्यक्ष बनाया गया है। पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर के आदेश पर मंगलवार को उन्होंने कार्यभार ग्रहण कर लिया है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना व फरियादियों की समस्याओं का निराकरण करना उनकी प्राथमिकता है। (संसू)

## दुष्कर्म आरोपित गिरफ्तार

**गोंडा** : देहात कोतवाली पुलिस ने किशोरी का अपहरण कर दुष्कर्म करने के आरोपित अशोक पांडेय को गिरफ्तार कर लिया है। उप निरीक्षक विजय बहादुर सिंह ने कहा कि देहात कोतवाली के एक गांव की रहने वाली किशोरी का अपहरण कर दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया था। किशोरी की मां की तहरीर पर मुकदमा किया गया था। (संसू)

## विवाद में मारपीट

**वजीरगंज** : उदयपुर ग्रंट निवासी गुड्डू चौहान ने तहरीर देकर कहा है कि सोमवार की शाम विवाद को लेकर विपक्षी ने अभद्रता कर उसकी व पत्नी की पिटाई कर दी। जान से मारने की धमकी भी दी। थानाध्यक्ष चंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि तहरीर के आधार पर मुकदमा किया गया है। (संसू)

# छात्रों को दी सड़क सुरक्षा की जानकारी



संबोधित करते निरीक्षक मनोज पाठक। -संवाद

**बेलसर (गोंडा)।** महाराजा देवी बख्श सिंह इंटर कॉलेज बेलसर में मंगलवार को यातायात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर बच्चों को सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी दी गई।

थाना प्रभारी तरबगंज मनोज कुमार पाठक ने कहा कि स्कूलों में यदि बच्चों के पाठ्यक्रम में सड़क सुरक्षा के नियमों को शामिल कर दिया जाए तो दुर्घटना में कमी आ सकती है। चौकी प्रभारी रगड़गंज कामेश्वर राय ने कहा कि सीट बेल्ट, हेलमेट, रेड, येलो, ग्रीन सिग्नल सहित अन्य जानकारी यदि हर वाहन चालक को मिल जाए तो काफी हद तक दुर्घटना में कमी लाई जा सकती है।

प्रधानाचार्य अजीत सिंह ने कहा कि अधिक स्पीड, मोबाइल पर बात करते समय वाहन चलाने से काफी दुर्घटनाएं हो रही हैं। उपनिरीक्षक संदीप ने कहा कि नशे की हालत में वाहन नहीं चलाना चाहिए। वंदना पांडेय, शौर्या मिश्र, अखिल प्रताप सिंह, अंजली यादव, मंतशा को थाना प्रभारी ने पुरस्कृत किया। (संवाद)

# अभियान चलाकर रोकें बालश्रम व बाल विवाह



गोंडा के जिला पंचायत सभागार में जानकारी देते डीएम। -संवाद

## जनजागरण अभियान का जिलाधिकारी ने किया शुभारंभ

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। जिला पंचायत सभागार में मंगलवार को बाल श्रम उन्मूलन एवं पुनर्वासन, बाल हिंसा, बाल विवाह उन्मूलन के प्रति वृहद जन जागरण अभियान का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया गया। जिलाधिकारी डॉ. उज्जवल कुमार ने कहा कि अभियान काफी सराहनीय प्रयास है। इससे लोगों में जागरूकता आएगी।

उन्होंने कहा कि चिह्नित कटरा ब्लॉक के साथ-साथ पूरे जनपद में बाल श्रम रोकने की कार्रवाई की जाएगी। 14 वर्ष तक के सभी बच्चों को विद्यालय में प्रवेश दिलाया जाए तथा उसकी सतत निगरानी की जाए। माइक्रोप्लान बनाकर बाल श्रम, बाल विवाह को रोका जा सकता है। मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार ने कहा कि संविधान ने बच्चों को कई अधिकार दिए हैं।

18 वर्ष तक के बच्चों से बाल श्रम करवाना प्रतिबंधित है। यदि कोई बच्चा बालश्रम करता हुआ पाया जाए तो उसे श्रम विभाग के टोल फ्री नंबर पर सूचना दें। उपायुक्त श्रम अनुभव वर्मा, एएसपी शिवराज ने भी जानकारी दी। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बाल श्रम व बाल विवाह की समस्या को दिखाया गया। कार्यक्रम में कई विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# अपहरण व पॉक्सो एक्ट के दोषी को 20 साल की सजा

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। नाबालिग बालिका के अपहरण व पॉक्सो एक्ट के मामले में मंगलवार को विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट चंद्र मोहन चतुर्वेदी ने आरोपी को 20 साल सश्रम कारावास और सात हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है।

पॉक्सो एक्ट के विशेष लोक अभियोजक अशोक कुमार सिंह व सुनील कुमार मिश्र ने बताया कि पीड़ित ने मनकापुर में तहरीर देकर कहा कि उसके घर के पास स्कूल का निर्माण कार्य चल रहा है, जिसमें कुछ मजदूर काम कर रहे थे। 6 दिसंबर 2020 को कुशीनगर निवासी राजन डोम ठेकेदार की मिलीभगत से उसकी 15 साल की बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले गया। बालिका के अपहरण व पॉक्सो एक्ट का पुख्ता साक्ष्य मिलने पर आरोपी राजन डोम के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया।

मंगलवार को मामले में निर्णय सुनाते हुए विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट चंद्र मोहन चतुर्वेदी ने आरोपी राजन डोम को 20 साल सश्रम कारावास और सात हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

# जमीन कब्जाने के विरोध में मारपीट, 10 घायल

## दोनों पक्षों की तहरीर पर पुलिस ने आठ पर दर्ज किया केस

संवाद न्यूज एजेंसी

परसपुर (गोंडा)। भूमि कब्जेदारी विवाद को लेकर मंगलवार को एक गांव में दो पक्ष लाठी-डंडा व धारदार हथियार से लैस होकर आमने-सामने आकर एक-दूसरे पर हमलावर हो गए। मारपीट में दोनों पक्षों की ओर से छह महिलाओं सहित 10 लोगों को गंभीर चोटें आई हैं। दोनों पक्षों की तरफ से एक महिला सहित आठ लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

घटना ग्राम पसका पुरवियन पुरवा की है। यहां के निवासी भूपेंद्र सिंह ने दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया कि मंगलवार की सुबह गांव के आरोपी उसके घर आकर उसकी पत्नी के साथ अभद्रता कर बांका से हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई।

पत्नी के शोर करने पर उसके भाई सत्येंद्र सिंह, रुचि सिंह, पुत्र अमन सिंह बचाने आए तो आरोपियों ने उन्हें मारापीटा। मारपीट में उसकी पुत्री सिब्बू सिंह व माता सावित्री को भी चोटें आई हैं। आसपास के लोगों ने बीचबचाव कराया। आरोपी जान-माल की धमकी देते हुए चले गए।


भूपेंद्र सिंह की तहरीर पर शिव प्रसाद सिंह, हिमांशु सिंह, अतुल सिंह व मदन सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। दूसरे पक्ष के शिव प्रसाद सिंह ने बताया कि भूमि कब्जेदारी के विवाद को लेकर उसके पुत्र अतुल सिंह के साथ अभद्रता कर लाठी-डंडा व धारदार हथियार से हमला किया गया। जिससे वह घायल हो गया।

पुत्र के शोर करने पर वह व उसकी बहू सीमा सिंह, पत्नी उषा सिंह, पुत्र हिमांशु सिंह बचाने आए तो आरोपियों ने उन्हें मारापीटा। आसपास के लोगों ने बीच-बचाव कराया। जाते समय आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी।

शिव प्रसाद सिंह की तहरीर पर भूपेंद्र सिंह, सत्येंद्र सिंह, अमन सिंह व जसोमत के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सरोज ने बताया कि आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा करके कार्रवाई की जा रही है।

BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 23-11-2022



थाना जरवा क्षेत्र में लोगों को यातायात की जानकारी देते थाना प्रभारी।

# यातायात नियमों का पालन करने की दी सीख

बलरामपुर। सभी वाहन चालक अपने-अपने वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाएं। हमेशा निर्धारित वाहन गति सीमा में चलाएं। यातायात नियमों का पालन अवश्य करें। यह बातें यातायात सीओ ज्योति श्री ने जागरूकता अभियान में कहीं। यातायात पुलिस टीम मंगलवार को थाना जरवा के क्षेत्र में जागरूकता अभियान चला रही थी। सीओ ने कहा कि बिना रजिस्ट्रेशन व ड्राइविंग लाइसेंस के गाड़ी न चलाएं। नाबालिग बच्चों को वाहन चलाने के लिए न दें। क्षेत्राधिकारी ने वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगवा कर लोगों को जागरूक किया।

# मारपीट मामले में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

बलरामपुर। हरैया पुलिस ने मारपीट मामले के एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। यह जानकारी देते हुए प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार पांडेय ने बताया कि सिसहानियां निवासी कल्लन यादव पुत्र फेरई यादव एक मामले में वांछित चल रहे थे, जिन्हें गिरफ्तार करके न्यायालय भेजा गया है।

# एएसपी ने पुलिस लाइन का किया निरीक्षण

बलरामपुर। अपर पुलिस अधीक्षक नम्रता श्रीवास्तव ने मंगलवार को रिजर्व पुलिस लाइन में बैठक की। इस दौरान उन्होंने पुलिस टीम को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किया। उन्होंने कहा कि ड्यूटी के दौरान कर्मचारी हमेशा सतर्कता बनाए रखें। ट्रेजरी, ईवीएम, एनसीसी आदि का रजिस्टर चेक किया।

# बेकाबू कार गड्ढे में गिरी, बाल-बाल बचे लोग

गौरा चौराहा। सोमवार रात में गौरा की तरफ से आ रही वैगनार कार का नियंत्रण खो जाने के कारण गहरे गड्ढे में चली गई। गनीमत यह रही कि दुर्घटना में चालक व परिवार पूरी तरह सुरक्षित रहा। ग्रामीणों की मदद से कार को बाहर निकाला गया। चौकी प्रभारी कर्मवीर सिंह ने बताया कि बेल्हा-इटवा मार्ग पर इटवा बाजार जिला सिद्धार्थनगर निवासी मशीउजान खान गोंडा स्थित अपने रिश्तेदार के यहां शादी में शरीक होने गए थे।

# चालकों के नेत्रों की जांच

**बलरामपुर** : क्षेत्राधिकारी यातायात कार्यालय में वाहन चालकों के नेत्र का परीक्षण कराने के लिए शिविर लगाया गया। जिला मेमोरियल अस्पताल के नेत्र विशेषज्ञ डा. त्रिलोकी यादव ने चालकों के नेत्र का परीक्षण कर उन्हें मुफ्त में दवाएं बांटी। आरक्षी जय प्रकाश शुक्ल, प्रदीप कुमार व रणजीत ने यातायात नियमों की जानकारी दी। (संसू)

# पुरुष भी निभाएंगे जिम्मेदारी, 28 से चार तक होगी नसबंदी

**संसू, बलरामपुर :** परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत पुरुष भी निभाएंगे जिम्मेदारी थीम पर नसबंदी पखवाड़ा की शुरुआत की गई है। 21 नवंबर से पुरुषों को नसंबदी के लिए प्रेरित करने का अभियान शुरू कर दिया गया है। पुरुषों को नसबंदी के लिए जागरूक करने को वाहन रवाना किया गया। 28 नवंबर से चार दिसंबर तक चिह्नित पुरुषों की नसबंदी कर लाभार्थी के खाते में तीन हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि भेजी जाएगी।

एसीएमओ डा. बीपी सिंह ने बताया कि पुरुष नसबंदी अभियान के प्रथम चरण में आशाएं लक्ष्य दंपति से संपर्क कर काउंसिलिंग करेंगी। पुरुष नसबंदी एक मामूली सी शल्य क्रिया है। महिला नसबंदी के मुकाबले यह न सिर्फ सरल है, बल्कि कारगर भी है। वैवाहिक जीवन इससे सुखमय हो जाता है। पुरुष नसबंदी के बाद किसी भी प्रकार की कमजोरी नहीं होती है। महिला को नसबंदी के लिए दो हजार व पुरुष को तीन हजार रुपये दिए जाते हैं। नसबंदी अभियान का लाभ लेने के लिए मोबाइल नंबर 9918534224 या 9795985849 पर संपर्क कर सकते हैं।

# दूध व्यापारी की हत्या में पिता व पुत्र नामजद

## हमलावरों ने सिर से तमंचा सटाकर मारी थी गोली, मृतक की पत्नी ने रंजिश को बताया कारण

**संसू, ललिया (बलरामपुर) :** ललिया के लालपुर बिशुनपुर गांव निवासी दूध व्यापारी बृजेश कुमार मिश्र की सोमवार रात अज्ञात हमलावरों ने सिर में गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक की पत्नी रेखा मिश्रा ने इसी गांव के शिवशंकर पाठक, उनके पुत्र रवि पाठक समेत अन्य अज्ञात के विरुद्ध तहरीर दी है। रेखा ने मारपीट के पुराने मुकदमे की रंजिश को हत्या का कारण बताया है। पुलिस ने आरोपित पिता-पुत्र समेत अन्य के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

बृजेश सोमवार की रात अपने नौकर लालजी मौर्य निवासी मणिपुर झरिहरडीह को बाइक पर बैठाकर लालपुर चौराहा स्थित देसी शराब की दुकान के पास गए थे। लालजी ने बताया कि वह दुकान के अंदर शराब खरीदने के लिए गया था। बृजेश बाहर बाइक पर बैठे थे। इसी बीच बाइक सवार दो लोग वहां पहुंचे। एक ने बृजेश की कनपटी पर तमंचा सटाकर फायर कर दिया। इसके बाद दोनों बाइक सवार तमंचा लहराते हुए फरार हो गए। गोली लगने से बृजेश खून से लथपथ बाइक समेत सड़क पर गिर गया। उन्हें बाइक पर लादकर सीएचसी शिवपुरा पहुंचाया, जहां चिकित्साधीक्षक डा. प्रणव पांडेय ने मृत घोषित कर दिया। रात में ही पुलिस अधीक्षक आरके सक्सेना, एएसपी नम्रता श्रीवास्तव व सीओ राधारमण ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार तिवारी ने बताया कि गांव के रवि पाठक व उसके पिता शिवशंकर पाठक के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। मृतक के एक गोली लगी है। छानबीन की जा रही है।



लालपुर विशुनपुर में बृजेश कुमार मिश्र की हत्या के बाद शोकाकुल परिवारजन • जागरण।

**कई दिनों से की जा रही थी रेकी :** मृतक की पत्नी रेखा का आरोप है कि वर्ष 2013 में हुई मारपीट की पुरानी रंजिश को लेकर गांव के कुछ लोगों ने घर में घुसकर मारपीट की थी। बताया कि मारपीट का मुकदमा अभी न्यायालय में विचाराधीन है। 11 नवंबर को उसमें रेखा की गवाही हुई थी। इसी के बाद विपक्षियों ने बृजेश की हत्या की योजना बना डाली। बताया कि कई दिनों से आरोपित कभी बाजार तो कभी अन्य जगहों पर लगातार बृजेश की रेकी कर रहे थे। सोमवार की रात मौका पाकर घटना को अंजाम दिया गया। मृतक के दो बेटे 15 वर्षीय सत्यम मिश्र व 10 वर्षीय विनायक मिश्र का रो-रोकर हाल बेहाल है। मृतक के घर ग्रामीणों की भीड़ लगी है। रेखा रह-रह कर बेहोश हो जा रही है।

### खंगाले जा रहे सीसी कैमरे

लालपुर चौराहा पर देशी शराब भट्ठी के पास सोमवार रात हुए गोलीकांड का राजफाश करने के लिए पुलिस ने टीमें गठित कर दी है। हत्यारों की पहचान करने के लिए इस मार्ग पर लगे सीसी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। रात में जब बृजेश के ऊपर गोली चलाई गई, तो भगदड़ मचने के साथ शराब की दुकान बंद हो गई। बृजेश का शव यहां से सीएचसी ले जाने के बाद दुकान पुनः खुल गई। अब हर कोई यह जानने को बेताब है कि योजनाबद्ध तरीके से बृजेश की हत्या किसने और क्यों की है।



बृजेश कुमार मिश्र (फाइल फोटो)

# बृजेश हत्याकांड में तीन के खिलाफ केस

## लालपुर चौराहे पर गोली मारकर की गई थी हत्या, पत्नी बोली- पुरानी रंजिश में वारदात

संवाद न्यूज एजेंसी

ललिया (बलरामपुर)। लालपुर चौराहे पर सोमवार रात हुई डेयरी संचालक बृजेश कुमार मिश्र की हत्या के मामले में गांव के ही दो लोगों को नामजद करते हुए तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। बृजेश के परिजन हत्या के पीछे पुरानी रंजिश को वजह बता रहे हैं।

थाना क्षेत्र के लालपुर बिशुनपुर गांव निवासी बृजेश कुमार मिश्र (42) गांव में ही डेयरी चलाते थे। सोमवार देर शाम वह अपने नौकर लालजी मौर्य के साथ सब्जी लेने बाइक से लालपुर बाजार गए थे।

लालजी ने बताया कि वे लोग सब्जी खरीदकर निकलने वाले ही थे तभी बाइक से दो बदमाश आए और बृजेश के सिर पर गोली मारकर शिवपुरा की ओर भाग गए। घायल बृजेश को शिवपुरा सीएचसी पहुंचाया गया, जहां डॉ. प्रणव पांडेय ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

मृतक की पत्नी रेखा मिश्रा का आरोप है कि वर्ष 2013 में मारपीट को लेकर गांव के ही लोगों से उनके पति की रंजिश चल रही थी। उन लोगों ने धमकी भी दी थी। इसी वजह से बृजेश की हत्या कर दी गई।

एसपी राजेश कुमार सक्सेना ने बताया कि मृतक के परिजन की तहरीर पर रवि पाठक, शिवशंकर पाठक व एक अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

एसपी ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें लगाई गई हैं। जल्द ही आरोपी गिरफ्त में होंगे।





लालपुर बिशुनपुर में बिलखते परिजन, घटनास्थल का जायजा लेते पुलिस अधिकारी। इनसेट: बृजेश की फाइल फोटो। संवाद

### हत्यारों की तलाश में रातभर चली चेकिंग

ललिया में सोमवार रात डेयरी संचालक की हत्या की सूचना मिलते ही एसपी राजेश कुमार सक्सेना व एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव मौके पर पहुंच गए। एएसपी ने बताया कि कातिलों की तलाश में सभी थाना क्षेत्रों में पूरी रात सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। आरोपियों की तलाश में कई पुलिस टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। जल्द ही आरोपी गिरफ्त में होंगे। सीओ ललिया राधारमण सिंह ने बताया कि आरोपियों का आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है। सीसीटीवी कैमरे की फुटेज भी जुटाई जा रही है।

### मुकदमे में गवाही बनी हत्या की वजह

बृजेश हत्याकांड की शुरुआती छानबीन में सामने आया कि मारपीट के मुकदमे में कोर्ट में गवाही के चलते वारदात हुई है। बृजेश की पत्नी रेखा ने बताया कि वर्ष 2013 में विपक्षियों ने उनके घर में घुसकर मारपीट की थी।

इस मामले में 11 नवंबर को कोर्ट में रेखा की गवाही हुई थी। इसके बाद से धमकी मिल रही थी। रेखा का आरोप है कि कोर्ट में गवाही देने से नाराज विपक्षियों ने पति की हत्या कर दी।

### परिवार में मचा कोहराम

बृजेश की हत्या से लालपुर बिशुनपुर गांव में सोमवार रात से कोहराम मचा है। रह-रहकर सिसकियां सुनाई दे रही हैं। पत्नी रेखा का रो-रोकर बुरा हाल है। वह बार-बार बेहोश हुई जा रही है। अन्य महिलाएं किसी तरह से उसे संभाल रही हैं। वह बस यही कह रही थी कि- हमार तो सब कुछ उजरि गया, अब हम का करि।

बृजेश चार भाइयों में सबसे बड़े थे। वही गांव में रहते थे। जबकि अन्य भाई बाहर रहते हैं। बृजेश के दो पुत्र सत्यम (15) और शिवाक्ष (10) हैं। पति की हत्या पर दोनों बिलख रहे हैं। रिश्तेदार उन्हें दिलासा दे रहे हैं।

# बाजार में वाहन चेकिंग से आक्रोश

तुलसीपुर (बलरामपुर)। भीड़भाड़ वाले बाजार में पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग करने से व्यापारियों में आक्रोश व्याप्त है। व्यापारियों ने मंगलवार को विधायक कैलाश नाथ शुक्ल से पुलिस की कार्यशैली की शिकायत की है। विधायक ने तुलसीपुर इंस्पेक्टर को व्यापारियों से वार्ता कर समस्या का निराकरण कराने को कहा है। (संवाद)

# सड़क हादसों के मृतकों को दी श्रद्धांजलि

बलरामपुर। यातायात माह में विशेष सड़क सुरक्षा अभियान के तहत कोतवाली नगर व यातायात पुलिस ने सड़क दुर्घटना में मृत लोगों को श्रद्धांजलि दी गई। क्षेत्राधिकारी यातायात ज्योति श्री के नेतृत्व में कोतवाली नगर व यातायात पुलिस की टीम ने कोतवाली से वीर विनय चौराहे तक कैंडल मार्च निकाला। (संवाद)

# लंबित विवेचनाओं का समय से हो निस्तारण

बलरामपुर। एसपी राजेश कुमार सक्सेना ने उतरौला सर्किल के सभी थानों में अर्दली रूम का निरीक्षण किया। इस दौरान लंबित विवेचनाओं की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया कि लंबित विवेचनाओं का समय से निस्तारण किया जाए। जन शिकायतों की सुनवाई कर तत्काल जांच व विधिक निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। (संवाद)

# BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 23-11-2022

# दहेज हत्या मामले में पति को दस वर्ष का कारावास

## फैसला

- कोर्ट ने ठोंका 25 हजार का जुर्माना, अदा न करने पर 3 माह की और सजा
- सास, ननद संदेह के आधार पर बरी, चार वर्ष पूर्व हुई थी वारदात

बहराइच, संवाददाता। न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट प्रथम के जज मनोज कुमार मिश्रा ने दहेज हत्या के मामले में दोषसिद्ध अपराधी को दस वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने दोषसिद्ध अपराधी पर 25 हजार का जुर्माना लगाया गया है। जिसे अदा न करने पर तीन माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी।

रिसिया थाने में आठ फरवरी 2019 को शमीम उर्फ मुन्ना ने तहरीर दी कि उसकी सगी साली शफीकुन निशां की दहेज न मिलने पर उसकी ससुराल रिसिया थाने के बलभद्रपुर के मजरे शेखपुरवा इमाम नगर में उसके पति रिजवान अली पुत्र जलील खां, सास शाहजहां पत्नी जलील, मीना पुत्री जलील ने कर दी है।

डीजीसी क्रिमिनल मुन्नू लाल मिश्रा ने बताया कि तहरीर के मुताबिक शफीकुन निशां की शादी वर्ष 2016 में हुई थी। शादी के बाद से ही पति, सास व ननद दहेज में अतिरिक्त पांच लाख नकदी की मांग को लेकर मारपीट कर उत्पीड़न करता था। पुलिस ने लाश का पोस्टमार्टम कराया।

पुलिस ने तहकीकात के बाद चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की। जिस पर कोर्ट में विचारण शुरू हुआ। इस मामले में गवाह आदि के बयान दर्ज हुए। मंगलवार को जज ने बचाव पक्ष व अभियोजन से डीजीसी क्रिमनल मुन्नू लाल मिश्रा ने अपने तर्कों को रखा। जज ने इस मामले में संदेह के आधार पर सास शाहजहां व ननद मीना को बरी कर दिया। मृतका के पति रिजवान पुत्र जलील को दस वर्ष के सश्रम कारावास व 25 हजार के अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड न देने पर तीन माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी।

# पुलिस के रवैये से नाराज हैं अधिवक्ता आज ज्ञापन देंगे



सभागार में बैठक करते अधिवक्ता।

बहराइच, संवाददाता। शहर के मोहल्ला बक्शीपुरा में रहने वाले अधिवक्ता अशोक कुमार मिश्र पर गत सप्ताह चोरी करने पहुंचे हमलावरों ने फायर झोंक दिया था। इसमें उनके सीने में गोली लगी थी। जिनका मेडिकल कॉलेज लखनऊ में इलाज चल रहा है। अधिवक्ता पर हमला करने वाले हमलावरों को अभी तक पुलिस पकड़ नहीं सकी। इससे नाराज बार एसोसिएशन बुधवार को बैठक कर सीएम को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपेगा।

जिलाध्यक्ष गया प्रसाद मिश्र ने कहा कि अधिवक्ता पर हुए जानलेवा हमले के मामले में अभी तक पुलिस की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। इसको लेकर अधिवक्ता बैठक करेंगे।

- अधिवक्ता के हमलावरों को नहीं पकड़ पाई अब तक पुलिस
- आरोप है कि पुलिस हमलावरों को पकड़ने में दिलचस्पी नहीं ले रही

बैठक में आगे की रणनीति तय की जाएगी। उन्होंने कहा कि हमलावरों को जल्द पुलिस नहीं पकड़ सकी तो अधिवक्ता चुप नहीं बैठेंगे। अजय कुमार, धुनषधारी, प्रशांत कुमार शुक्ला, रमेश चंद्र तिवारी, रमन कुमार सिंह, पंकज कुमार मिश्र, धर्मेंद्र कुमार, रामजी अवस्थी, शिव दयाल तिवारी, संतोष कुमार सिंह, राम छबीले शुक्ल मौजूद रहे।

# छात्रा का अपहरण, तीन लोगों पर मुकदमा

**जासं, बहराइच :** शहर के एक स्कूल में पढ़ने वाली 14 वर्षीय छात्रा का अपहरण करने के मामले में तीन लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

दरगाह इलाके के एक मुहल्ला निवासी छात्रा स्कूल जाने के लिए निकली थी। देर शाम तक जब वह घर नहीं पहुंची तो परिवार के लोगों को अनहोनी की आशंका हुई। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। मामले में तहरीर देकर छात्रा की मां ने कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने इस मामले में गुल्लावीर कालोनी ब्लाक नंबर 36 निवासी अरमान व राज समेत तीन लोगों के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज किया है।

# पैसा मांगने पर दी जान माल की धमकी, मुकदमा

**जासं, बहराइच :** दरगाह इलाके के हमजापुरा निवासी महिला के घर में घुसकर हजारों की नकदी व बांड चोरी कर लिए गए। पहचान होने पर आरोपित से जब पैसे व चोरी किए गए सामान की मांग की गई तो उसे जानमाल की धमकी दी गई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू की है।

हमजापुरा निवासी पूनम का आरोप है कि उसके देवर के साथ रहने वाले राहुल ने घर में घुसकर चार हजार की नकदी व लगभग दो लाख रुपये के बांड व सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर लिए। इसकी जानकारी होने पर महिला ने आरोपित से चोरी किए गए रुपये व अन्य सामान की मांग की तो उसने जानमाल की धमकी दी। शराब के नशे में धुत होकर महिला का गाली-गलौज करने लगा। थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# घर में घुसकर महिला को पीटा, चार पर केस

**जासं, बहराइच :** नवाबगंज इलाके के एक गांव निवासी महिला को घर में घुसकर लात-घूसों से पीटा गया। पीड़िता की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है।

इलाके के केवलपुर निवासी हाशमा का आरोप है कि गांव निवासी ऐनुलहक उर्फ बीरबल, हसन अली, रज्जब व बड़का से उसका जमीन के मामले को लेकर विवाद चल रहा था। मामला न्यायालय में विचाराधीन भी है। इसके बावजूद आरोपितों ने विवादित जमीन पर कब्जा करने का प्रयास किया। विरोध करने पर उसकी पिटाई की गई। जान बचाने के लिए वह घर में भागी तो घर में घुसकर भी उसे पीटा गया, जिससे वह गंभीर रूप से चोटिल हो गई। थानाध्यक्ष रामसमुझ प्रभाकर ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर सभी आरोपितों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज किया गया है।

# हत्यारे पति को दस वर्ष की सजा

## साक्ष्य के अभाव में सास-ननद को अदालत ने किया बरी

**जागरण संवाददाता, बहराइच :** अपर सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट प्रथम मनोज कुमार मिश्र द्वितीय ने दहेज हत्या के आरोपित पति को दोषी ठहराते हुए दस वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाते हुए 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। इसी मामले में सास व ननद को साक्ष्य के अभाव में अदालत ने बरी कर दिया है।

जिला शासकीय अधिवक्ता अपराध मुन्नू लाल मिश्र ने मामले की पैरवी की। उन्होंने बताया कि घटना आठ फरवरी 2019 की है। वादी शमीम उर्फ मुन्ना ने मुकदमा दर्ज कराया था कि उसकी साली शफीकुननिशा की शादी रिजवान के साथ करीब तीन साल पहले हुई थी। दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित किया जा रहा था। पांच लाख रुपये की मांग की जा रही थी। उसकी हत्या कर घर में शव को लटका दिया गया था। मुकदमे में मृतका की सास शाहजहां व ननद मीना को भी नामजद किया गया था। पुलिस ने विवेचना कर चार्जशीट अदालत में दाखिल की। मामले में आठ गवाहों को परीक्षित कराया गया तथा पोस्टमार्टम रिपोर्ट समेत अन्य साक्ष्य प्रस्तुत किए गए। मंगलवार को अभियोजन व बचाव पक्ष के तर्कों को सुनने के बाद अदालत ने आरोपित रिसिया के शेखापुरवा निवासी रिजवान को दहेज हत्या का दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई। दोषी को सजा भुगतने के लिए जेल भेज दिया गया।

**अदालत से**

**04 साल पहले विवाहिता की हत्या कर टांग दिया था शव**

### एक साल परिवीक्षा की सजा

**बहराइच :** सीजेएम शिवेंद्र कुमार मिश्र ने गाली-गलौज व जान से मारने के मामले की सुनवाई की। वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी अशोक कुमार गिरि ने पैरवी की। बताया कि कैसरगंज के धनवलिया निवासी मुन्ने ने 17 मई 2012 को गांव के लाल बहादुर, जीत सिंह व बेचन के खिलाफ गाली गलौज व जानमाल की धमकी का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। अदालत ने तीनों को दोषी ठहराया और एक वर्ष परिवीक्षा पर रहने की सजा दी। इस दौरान आरोपित जिला प्रोबेशन अधिकारी के कार्यालय में प्रत्येक माह के दूसरे सप्ताह में उपस्थित होंगे। शांति व सद्भाव बनाए रखेंगे। कोई अपराध कारित नहीं करेंगे। यदि ऐसा नहीं करते हैं तो उन्हें दंड दिया जाएगा।

# नौकरी का झांसा देकर युवती से सामूहिक दुष्कर्म, तीन पर केस

**संसू, नानपारा (बहराइच)** : एक गांव निवासी युवती को विदेश में नौकरी दिलाने का झांसा देकर तीन लोगों ने दुष्कर्म किया। पुलिस मामले में मौन साधे रही। न्यायालय के आदेश पर आरोपितों पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

युवती का आरोप है कि सितंबर में रिसिया के कटिलिया बैजनाथपुर निवासी अनिल कुमार वर्मा, बौंडी के तिवारीपुरवा रामगढ़ी निवासी पुरुषोत्तम तिवारी व श्रावस्ती जिले के सोनवा थाना क्षेत्र के तुलसीपुर निवासी मकरंदनाथ वर्मा उसके घर आए थे। विदेश में नौकरी दिलाने का झांसा देकर उसे नियुक्ति पत्र दिलाने की बात कह चार पहिया वाहन में बैठा लिया। गाड़ी में पूर्व विधायक भी लिखा हुआ था। आरोप है कि चलती गाड़ी में उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया गया। इसके बाद बाईपास रोड स्थित नहर के पास उसे फेंक दिया गया।

घटना की नामजद तहरीर चार सितंबर को कोतवाली में दी गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। थकहार कर पीड़िता ने न्यायालय में वाद दायर कर इंसाफ की गुहार लगाई। इसके बाद सभी आरोपितों पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

# SHRAWASTI POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 23-11-2022

# एएसपी ने रैतिक परेड का किया निरीक्षण

**श्रावस्ती।** रिजर्व पुलिस लाइन में मंगलवार को एएसपी प्रवीण कुमार यादव ने रैतिक परेड का निरीक्षण किया। जहां उन्होंने चल रही परेड का निरीक्षण किया, साथ ही परेड की सलामी ली। इसके बाद उन्होंने शारीरिक एवं मानसिक रूप से फिट रहने के लिए परेड में शामिल पुलिस कर्मियों की दौड़ भी लगवाई।

बाद में परेड में एकरूपता व अनुशासन बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल करवाई। ड्रिल देखकर उसे और बेहतर तरीके से कराने के लिए प्रतिसार निरीक्षक लाइन को निर्देशित किया।

उन्होंने पुलिस लाइन के क्वार्टर गार्ड, भोजनालय, जीडी कार्यालय, कैश कार्यालय, शस्त्रागार, परिवहन शाखा, सीसीटीएनएस कार्यालय, डीसीआर शाखा, मालखाना स्टोर का निरीक्षण किया। साथ ही भोजनालय पहुंचकर भोजन बना रहे कर्मचारियों को मानक के अनुसार पौष्टिक भोजन बनाने का निर्देश दिया। इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक विनोद कुमार सिंह मौजूद रहे। संवाद

स्कूली बच्चों ने सीखे यातायात के नियम

191 वाहनों का चालान, 30 हजार जुर्माना



पुलिस और जनता मिलकर बेहतर करेंगे सुरक्षा: एसपी

## आठ की हेड कांस्टेबल पद पर पदोन्नति

तरक्की



# हेल्पलाइन नम्बर डायल कर लें मदद

**श्रावस्ती।** मिशन शक्ति अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं, बच्चियों को को मंगलवार को जागरूक किया गया। उन्हें उनके कानूनी अधिकारों की जानकारी दी। उन्हें सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के लिए बनाए गए कानून व नियमों के संबंध में जागरूक किया गया।

# पुलिस लाइन में परेड का आयोजन

**श्रावस्ती।** अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव ने मंगलवार सुबह पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में परेड की सलामी ली। इस दौरान उन्होंने परेड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद अपर पुलिस अधीक्षक ने शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए परेड को दौड़ लगवाई।

# कार्रवाई का दिया आश्वासन

श्रावस्ती : पुलिस कार्यालय में एसपी अरविंद कुमार मौर्य की अध्यक्षता में जनप्रतिनिधियों की गोष्ठी हुई। इस दौरान जनप्रतिनिधियों के साथ बेहतर संवाद व समन्वय स्थापित करने पर चर्चा की गई। एसपी ने जनप्रतिनिधियों की ओर से दिए गए सुझावों व विचारों पर अपेक्षित कार्रवाई का आश्वासन दिया। विधायक इंद्राणी देवी मौजूद रहीं।(वि.)

## बच्चों को किया जागरूक

**श्रावस्ती :** नेहरू स्मारक इंटर कालेज गिलौला व पंडित रघुवर दयाल मेमोरियल इंटर कालेज नासिरगंज में यातायात कार्यशाला आयोजित हुई। इसमें स्कूली बच्चों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। (वि.)

## 191 वाहनों का किया चालान

**श्रावस्ती :** विभिन्न चेक पोस्ट पर पुलिस की ओर से अभियान चलाकर वाहनों की जांच की गई। इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर 191 वाहनों का चालान किया गया। दो लाख 30 हजार रुपये शमन शुल्क वसूला गया। ( वि. )

# आठ आरक्षियों की मुख्य आरक्षी पद पर पदोन्नति

**जासं, श्रावस्ती:** आरक्षी से मुख्य आरक्षी पद पर पदोन्नत हुए आठ पुलिसकर्मियों को एसपी अरविंद कुमार मौर्य व एएसपी प्रवीण कुमार यादव ने पद चिह्न लगाकर पदोन्नति दी। मुख्य आरक्षियों के उज्वल भविष्य की कामना की।

एसपी ने बताया कि जिले में तैनात आरक्षी जसीम अहमद, राजीव कुमार मौर्य, प्रहलाद यादव, उदयभान यादव, राम कोमल यादव, काले राम, बृजेश यादव व चंद्र भूषण को मुख्य आरक्षी के पद पर पदोन्नति दी गई है।



आरक्षी राम कोमल यादव( मध्य में ) को पद चिह्न लगाकर मुख्य आरक्षी के पद पर पदोन्नति देते एसपी अरविंद कुमार मौर्य( बाएं ) व एएसपी प्रवीण कुमार यादव ( दाएं ) ● जागरण

प्रतिसार निरीक्षक विनोद कुमार सिंह, प्रधान लिपिक ज्ञान प्रकाश सिंह, पेशकार अजय कुमार, पीआरओ अर्जुन पटेल मौजूद रहे।

# यातायात नियमों को ठेंगा दिखा रहे टेंपो चालक

**संसू, जमुनहा (श्रावस्ती) :** नवंबर को यातायात माह के रूप में मनाया जा रहा है। परिवहन, पुलिस व यातायात विभाग जिले के प्रमुख मार्गों पर वाहन चेकिंग कर लोगों को यातायात के बारे में जागरूक कर रहा है। इसके बाद भी जिले की सड़कों पर ओवरलोडिंग कर व पीछे सवारियों को लटका कर वाहन चालक फर्राटा भर रहे हैं। जिम्मेदार इससे अनजान हैं।

जमुनहा तहसील क्षेत्र के भिनगा-बहराइच मार्ग, जमुनहा-बहराइच मार्ग, बरदेहरा-बदला चौराहा मार्ग समेत विभिन्न मार्गों पर टेंपो का संचालन होता है। टेंपो संचालकों ने लक्ष्मननगर तिराहा, बदला, नासिरगंज व तुलसीपुर समेत कई स्थानों पर सड़क पर ही स्टैंड बना रखा है। इससे सड़कों पर जाम की स्थिति उत्पन्न होती है। तीन लोगों के बैठने की क्षमता वाले टैंपो पर 10 से 15 सवारियों को भर कर फर्राटा भरते देखे जा सकते हैं। कानून से बेखर चालक नियम विरुद्ध टेंपो पर सवारियों को बैठकर उनकी जान जोखिम में डालने के साथ सड़क पर चलने वाले अन्य लोगों के जीवन से भी खिलवाड़ करते हैं।



भिनगा-बहराइच हाईवे पर सवारियों को पीछे लटका कर फर्राटा भरता टेंपो ● जागरण

मंगलवार को भिनगा-बहराइच हाईवे पर सवारियों को लटका कर फर्राटा भरते टेंपो यातायात माह को ठेंगा दिखा रहे थे। इस संबंध में प्रभारी एआरटीओ रणवीर सिंह ने बताया कि ओवरलोड टेंपो पर सख्त कार्रवाई की जाती है। ओवरलोडिंग पर एक हजार रुपये का जुर्माना किया जाता है। पिछले माह उन्होंने ने 13 टेंपो का चालान किया था। आगे भी कार्रवाई जारी है।

# 191 वाहनों का हुआ चालान

**श्रावस्ती।** पुलिस ने मंगलवार को वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने विभिन्न चेकपोस्टों पर वाहनों की जांच कर 191 वाहनों का ई-चालान किया। इस मौके पर पुलिस ने 2,30,000 रुपए शमन शुल्क वसूल किया। संवाद

# गार्ड और चौकीदारों का कराएं वेरिफिकेशन

**श्रावस्ती।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय में सोमवार शाम प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक ने व्यापारियों के साथ मासिक बैठक की। इस दौरान प्रशिक्षु सीओ सतीश कुमार शर्मा ने व्यापारियों की समस्याओं को सुन कर उसके निराकरण का आश्वासन दिया। व्यापारियों ने बताया कि कस्बा तथा बैंकों के आसपास जाम लगता है। अतिक्रमण के कारण लगने वाले इस जाम से सुरक्षा व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न होता है। व्यापारियों ने अतिक्रमण हटाने में सहयोग का आश्वासन भी दिया। सीओ ने सर्राफा व्यापारी, पेट्रोल पंप, गैस एजेंसी व भट्ठा मालिकों से कहा कि वह अपने माध्यम से रखे गए गार्ड व चौकीदार का पुलिस वेरिफिकेशन अवश्य करा लें। साथ ही सीसीटीवी कैमरे आदि की भी व्यवस्था कर लें। संवाद

# आठ सिपाही बने मुख्य आरक्षी, एसपी व एएसपी ने लगाए बैज



**श्रावस्ती।** जिले में तैनात रहे आरक्षी जसीम अहमद, राजीव कुमार मौर्य, प्रहलाद यादव, उदयभान यादव, राम कोमल यादव, काले राम, बृजेश यादव व चंद्र भूषण को मुख्य आरक्षी के पद पर पदोन्नति दी गई है। मंगलवार को पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य व अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव ने उनके बांह पर बैज लगाकर उन्हें मुख्य आरक्षी पद पर पदोन्नति की बधाई दी। मौके पर प्रतिसार निरीक्षक विनोद कुमार सिंह, प्रधान लिपिक ज्ञान प्रकाश सिंह, पेशकार एसपी अजय कुमार, पीआरओ अर्जुन पटेल सहित अन्य अधिकारी व पुलिस कर्मी मौजूद रहे। संवाद